राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में बैंकों की भूमिका अहम...

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हासिल की खास उपलब्धि 11

वर्ष : 15 | अंक : 161 | नई दिल्ली, शनिवार, 21 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## 'आप के समर्थन के बिना नहीं बनेगी सरकार', सीएम पद से इस्तीफे के बाद पहला रोड शो

**हरियाणा में बोले अरविंद केजरीवाल**

- यमुनानगर में उन्होंने आदर्श पाल के लिए प्रचार किया, आप के समर्थन के बिना सरकार नहीं बनेगी

यमुनानगर, एजेंसी

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरियाणा के दौरे पर हैं। केजरीवाल ने यमुनानगर के जगाधरी में जनसभा का आयोजन किया। उन्होंने जगाधरी से पार्टी प्रत्याशी आदर्श पाल के प्रचार किया। केजरीवाल के इस रोड शो को लेकर जगह-जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किए गए।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जगाधरी पहुंचे, जिसके बाद उनका रोड शो शुरू हुआ। इस बीच सड़कों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

आम आदमी पार्टी सुप्रीमो ने अपने वाहन की सनरूफ से भीड़ का अभिवादन किया। आम आदमी पार्टी की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता रोड शो के दौरान केजरीवाल के साथ थे।

### बिना समर्थन नहीं बनेगी सरकार: केजरीवाल

रोड शो के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा बदलाव की मांग कर रहा है। आम आदमी पार्टी के समर्थन के बिना हरियाणा में सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने



कहा कि मैंने हिसाब लगाया है कि आप कितनी सीटें जीतने जा रही है और मुझे पता है कि आप के समर्थन के बिना सरकार नहीं बनेगी। पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे हमने दिल्ली के अंदर काम किया है। वैसे ही हम हरियाणा में काम करके दिखाएंगे।

### 11 जिलों में करेंगे चुनाव प्रचार

हरियाणा चुनाव के केजरीवाल का शेड्यूल भी काफी व्यस्त है। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वह आने वाले दिनों में 11 जिलों में 13 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इनमें डबवाली, रानिया, भिवानी, महम, कलायत, असंध और बल्लभगढ़ निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनके आगे के प्रचार कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी।

### केजरीवाल ने पिछले हफ्ते दिया था इस्तीफा

आबकारी नीति मामले में पिछले हफ्ते तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद आतिशी मालेर्ना को नया मुख्यमंत्री बनाया गया। दिल्ली की मंत्री आतिशी शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत विफल होने के बाद आम आदमी पार्टी हरियाणा में अपने दम पर चुनाव लड़ रही है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 75,885 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 84,554 |
| निफ्टी | 25,790 |

## संक्षिप्त खबरें

### लालू पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मिली, सीबीआई ने अदालत को बताया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि उसने कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने को लेकर संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली है। सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत को बताया कि मामले में करीब 30 अन्य आरोपी हैं जिनके लिए अभियोजन की मंजूरी का इंतजार है और उसने अदालत से अनुरोध किया कि अपेक्षित दस्तावेज हासिल करने के लिए उसे 15 दिन का और समय दिया जाए। अदालत ने सीबीआई को अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को तय की।

### वक्फ बिल पर कर रही विस्तार से चर्चा, स्टेकहोल्डर संग हो रही बात: कांग्रेस सांसद नासिर

नई दिल्ली। वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 को लेकर गठित की गई जेपीसी की पांचवी बैठक में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर रार-तकरार हुई। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नासिर हुसैन ने कहा कि, वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर हम सभी स्टेकहोल्डर से बात कर रहे हैं। इसके बाद टूर भी होगा। हम लोग विस्तार से इस पर चर्चा कर रहे है। हम चाह रहे हैं कि सारे स्टेकहोल्डर आए। जो लोग वक्फ से जुड़े हुए हैं, जिनका अपना अनुभव है, हम लोग उन तमाम लोगों से बात करना चाह रहे हैं।

# कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी: पीएम नरेंद्र मोदी

- कांग्रेस को गणपति से भी चिढ़, मैंने गणेश पूजा की, तो कांग्रेस बेचैन हो गई

वर्धा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए महाविकास अघाड़ी दल और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कर्नाटक में गणेश पूजा के दौरान हुई हिंसा को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए कुछ भी कर सकती है। कर्नाटक में तो कांग्रेस सरकार ने गणपति बप्पा को ही सलाखों के पीछे डाल दिया। गणपति की मूर्ति की लोग पूजा कर रहे थे, पुलिस ने उन्हें वैन में कैद करवा दिया।

### पीएम मोदी ने महायुति गठबंधन पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने शिवसेना पर निशाना साधते हुए कहा, पूरा देश गणपति के इस अपमान को देखकर आक्रोशित है। मैं हैरान हूं कि इसपर कांग्रेस के सहयोगियों के मुंह पर भी ताला लग गया है। उन पर भी कांग्रेस की संगत का ऐसा रंग चढ़ा है कि उनमें गणपति के अपमान का विरोध करने की हिम्मत नहीं बची है। हमें एकजुट होकर कांग्रेस के इन पापों का जवाब देना है।

### कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, जिस पार्टी में हमारी आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा, वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती। लेकिन आज की कांग्रेस



को गणपति पूजा से भी नफरत है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी।

### पीएम मोदी ने की थी सीजेआई के घर में पूजा

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के आवास पर गणेश पूजा समारोह में भाग लिया था। पीएम मोदी जब मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के घर पहुंचे तो उनका स्वागत सीजेआई और उनकी पत्नी ने किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने मराठी अंदाज में सफेद टोपी पहनी हुई थी। इसके बाद पीएम मोदी ने सीजेआई और उनकी पत्नी के साथ भगवान गणेश की पूजा की। इस मामले पर कांग्रेस ने पीएम मोदी को घेरा था।

**प्रियंका गांधी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पर निशाना साधा**

## 'आपने 82 साल के वरिष्ठ नेता का अपमान किया'



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर निशाना साधा है। दरअसल, गुरुवार को जेपी नड्डा ने गांधी परिवार और कांग्रेस नेताओं की जमकर आलोचना की थी। बता दें कि भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश का सबसे बड़ा आतंकवादी बताया था। इस मामले पर मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को पत्र लिखा था। खरगे द्वारा पत्र लिखे जाने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। अब जेपी नड्डा के बयान पर प्रियंका गांधी की हमला बोला है।

### जेपी नड्डा के पत्र पर प्रियंका गांधी हुईं नाराज

प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा, कुछेक भाजपा नेताओं और मंत्रियों की अनर्गल और हिंसक बयानबाजी के मद्देनजर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जीवन की सुरक्षा के लिए चिंतित होकर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी ने प्रधानमंत्री जी को एक पत्र लिखा।

### नड्डा ने किया मल्लिकार्जुन खरगे का निरादर

प्रियंका गांधी ने आगे कहा, प्रधानमंत्री जी की आस्था अगर लोकतांत्रिक मूल्यों, बराबरी के संवाद और बुजुर्गों के सम्मान में होती तो इस पत्र का जवाब वह खुद देते। इसकी बजाय उन्होंने नड्डा जी की ओर से एक हीनतर और आक्रामक किस्म का जवाब लिखवा कर भिजवा दिया।

### प्रधानमंत्री को देना चाहिए था जवाब: प्रियंका गांधी

उन्होंने आगे कहा कि आज की राजनीति में बहुत जहर घुल चुका है, प्रधानमंत्री जी को अपने पद की गरिमा रखते हुए, सचमुच एक अलग मिसाल रखनी चाहिए थी। अपने एक वरिष्ठ सहकर्मी राजनेता के पत्र का आदरपूर्वक जवाब दे देते तो जनता की नजर में उन्हीं की छवि और गरिमा बढ़ती। यह अफसोस की बात है कि सरकार के ऊंचे से ऊंचे पदों पर आसीन हमारे नेताओं ने इन महान परंपराओं को नकार दिया है।

## 'भगवान की रसोई' में कैसे पहुंचा बीफ-पोर्क और फिश ऑयल

नई दिल्ली, एजेंसी

तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु की पार्टी तेलुगु देशम पार्टी ने दावा किया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में प्रसाद में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया जाता था। टीडीपी ने ये आरोप एक लैब रिपोर्ट के हवाले से लगाए हैं। वहीं वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने पूरे विवाद पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और नायडू के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाने की मांग की है। हाईकोर्ट में इस पर 25 सितंबर को सुनवाई होगी।

तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने मंदिर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए चार सदस्यों की विशेष समिति बना दी है।



### गुजरात लैब की रिपोर्ट में क्या दावा किया गया?

टीडीपी के प्रवक्ता अनम वेंकट रमना रेड्डी के मुताबिक, गुजरात स्थित राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की लैब 'सेंटर ऑफ एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइव स्टॉक एंड फूड' या CALF को 9 जुलाई को सैंपल भेजे गए थे।

इसकी रिपोर्ट 17 जुलाई को आई, जिसमें दावा किया गया कि तिरुपति के लड्डू प्रसाद को बनाने के लिए जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया जाता है। बता दें कि टीडीपी के नेता जिस रिपोर्ट के आधार ये आरोप लगा रहे हैं, वह रिपोर्ट 17 जुलाई सार्वजनिक है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई।

### बख्शे न जाएं जबरन जमीन कब्जाने वाले: योगी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

## सेकेंडरी एग्रीकल्चर को प्रोत्साहित करने से सशक्त होंगे देश के किसान: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

रांची, एजेंसी

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए सेकेंडरी एग्रीकल्चर की गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को रांची के नामकुम स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर (निसा) की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार एवं विकास और किसानों की सहायता के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। कृषि आधारित उद्योगों के विकास, एफपीओ और पैक्स जैसे संगठनों के विस्तार, दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना पर काम, प्राकृतिक खेती के विकास और सप्लाई चेन को सशक्त करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।

राष्ट्रपति ने कहा कि किसानों को और सशक्त बनाने के लिए मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, कृषि पर्यटन सहित अन्य सेकेंडरी एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने की जरूरत है। 21वीं सदी में हमारे देश में कृषि क्षेत्र में तीन बड़ी चुनौतियां क्रमशः खाद्य पोषण एवं संरक्षण को बनाए रखना, संसाधनों का सस्टेनेबल इस्तेमाल सुनिश्चित करना और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कदम उठाना हैं। इन चुनौतियों का सामना करने में सेकेंडरी एग्रीकल्चर काफी मददगार साबित हो सकता है।

किसानों को प्राथमिक खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, कृषि पर्यटन जैसी गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जाए तो उन्हें अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए गांव से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी।

राष्ट्रपति ने रांची स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर के 100 वर्षों की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस संस्थान ने लाह फार्मिंग, वैज्ञानिक तरीके से इसके उत्पादन और प्रसंस्करण में सराहनीय कार्य किया है। उन्हें झारखंड का राज्यपाल रहते हुए भी इस संस्थान में आने का मौका मिला था और उन्होंने पाया था कि इसने किसानों को प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाया है। देश में लाह का 55 प्रतिशत उत्पादन झारखंड में होता है और इससे सबसे ज्यादा जनजातीय समुदाय के किसान जुड़े हैं।




### राष्ट्रपति मुर्मू ने शताब्दी समारोह में स्टॉलों का लिया जायजा

झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम स्थित इंडियन कॉउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एग्रीकल्चर प्रोसेसिंग (निसा) के 100 साल पूरे होने पर शुक्रवार को शताब्दी समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान समारोह की मुख्य अतिथि और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संस्थान के स्टॉलों का जायजा लिया। समारोह में मूर्मू के अलावा झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहे। नामकुम के निदेशक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## समुद्र में जंग के लिए ऑपरेशनल हुआ स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत

- पश्चिमी बेड़े में शामिल करने से नौसेना के 'स्वॉर्ड आर्म' की समुद्री शक्ति और बढ़ी
- पोत के डेक पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे



नई दिल्ली, एजेंसी

आखिरकार लम्बे इन्तजार के बाद भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत समुद्र में जंग के लिए ऑपरेशनल हो गया है। तैनाती के रूप में जहाज को पहली बार पश्चिमी बेड़े में शामिल किया गया है, जिससे भारतीय नौसेना की 'स्वॉर्ड आर्म' की समुद्री शक्ति और ज्यादा बढ़ गई है। फिलहाल पोत पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे। अमेरिका से खरीदे गए एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर भी शक्तिशाली पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं के साथ बोर्ड पर होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो साल पहले 02 सितम्बर को भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत राष्ट्र को सौंपा था, जिसे समुद्री जंग के लिहाज से तैयार किया जा रहा था। नौसेना में शामिल किये जाने के बावजूद यह पूरी तरह से चालू नहीं था, क्योंकि इसकी प्राथमिक हथियार प्रणाली, लड़ाकू जेट विमानों ने विमान वाहक पोत के डेक से अपने विमानन परीक्षणों को पूरा नहीं किया था। भारतीय नौसेना के पायलटों ने पिछले साल फरवरी में एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान 'एलसीए नेवी' को कामयाबी के साथ लैंड और टेक ऑफ करके 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया।

**परिवर्तन सभा** इस स्थिति को बदलने के लिए परिवर्तन जरूरी है और यह परिवर्तन मुख्यमंत्री बदलने का नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार मिटाकर अच्छी सरकार लाने का है...

## 'घुसपैठियों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे', साहिबगंज में गरजे अमित शाह, हेमंत सरकार पर बोला हमला

- भाजपा की सरकार बनाइए, घुसपैठियों को सीधा कर देंगे : अमित शाह
- कहा- यह सरकार जन कल्याण की जगह घुसपैठियों का कल्याण कर रही

साहिबगंज, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को साहिबगंज जिले के पुलिस लाइन मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनाइए, घुसपैठियों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे। अमित शाह ने कहा कि यह भूमि आदिवासियों की है, लेकिन यहां घुसपैठियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आदिवासी 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत हो गए। चूंकि, घुसपैठिए झामुमो, कांग्रेस व राजद के वोटबैंक हैं, इसलिए यहां की सरकार जन कल्याण की जगह घुसपैठियों का कल्याण करने में लगी हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस स्थिति को बदलने के लिए परिवर्तन जरूरी है और यह परिवर्तन मुख्यमंत्री बदलने का नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार मिटाकर अच्छी सरकार लाने का है। आदिवासियों की भूमि बचाने और घुसपैठियों का बाहर करने वाली सरकार लाने का परिवर्तन है। राज्य में रोजगार की व्यवस्था करने वाली सरकार के लिए परिवर्तन है।

### गांव-गांव जाएगी परिवर्तन यात्रा

उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा आगामी दिनों में गांव-गांव और घर-घर में जाएगी और लोगों को परिवर्तन का संदेश देगी। गृह मंत्री ने कहा कि आज पाकुड़ में



हिंदुओं झारखंड छोड़ो के नारे लगाये जा रहे हैं। वह तो भला हो हाई कोर्ट का जिसने घुसपैठ की जांच के लिए कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। अमित शाह ने कहा कि हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया। यह देश की सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी सरकार है। उपस्थित लोगों से उन्होंने पूछा कि किसी ने 350 करोड़ रुपया एक साथ देखा है क्या? उपस्थित भीड़ ने कहा-नहीं। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के यहां 350 करोड़ रुपया एक साथ मिला। यह रुपया बीयर-दारू का नहीं, यहां के गरीबों का था। मंत्री आलमगीर आलम के घर से 35 करोड़ रुपया मिला। गिनने वाली मशीन गर्म हो गई। उन्होंने विभिन्न घोटालों की चर्चा की।

### पहली बार राष्ट्रपति भवन पहुंची आदिवासी बेटी

उन्होंने कहा कि पहली बार गरीब आदिवासी की बेटी राष्ट्रपति भवन में बैठी। 2013-14 में आदिवासी कल्याण का बजट मात्र 30 हजार करोड़ रुपये का था। 2024-25 में एक लाख 30 हजार करोड़ रुपये का बजट आदिवासी कल्याण के लिए है। उन्होंने कहा कि सरकार बनी तो 63 हजार गांवों को सड़क से जोड़ा जाएगा। 75 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का 10 लाख रुपये तक का इलाज निशुल्क होगा।

धान का उचित मूल्य मिलेगा। सड़क, एंबुलेंस, अस्पताल और डाक्टर की व्यवस्था की जाएगी।

### नक्सली हिंसा से पीड़ित लोगों से मिले शाह



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया है कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर अगले एक से डेढ़ वर्ष में राज्य को नक्सली हिंसा से मुक्त कराने के प्रति वचनबद्ध है। श्री शाह ने शुक्रवार को यहां अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित इलाकों के हिंसा प्रभावित 55 लोग बस्तर शांति समिति के तत्वाधान में केन्द्रीय गृह मंत्री से मिले। गृह मंत्री ने इन लोगों को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उनके कल्याण तथा क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं बनाकर उनको अमली जामा पहनाएगी। उन्होंने नक्सली हिंसा में शामिल लोगों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उनके कल्याण तथा उनके क्षेत्र के विकास में हर संभव सहायता करने के लिए तैयार है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शनिवार, 21 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### फेंसिंग पर पेड़ गिराकर आबादी क्षेत्र में पहुंच रहे हाथी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** हाथी और दूसरे वन्य जीवों को जंगल के अंदर रोकने के लिए कई स्थानों पर फेंसिंग लगाई गई है। हाथी या दूसरे जंगली जानवर जब इस फेंसिंग को पार करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें तारों में दौड़ रहे हल्के करंट से झटका लगता है। लेकिन हाथी ने इसका तोड़ निकाल लिया है। फेंसिंग पर पेड़ गिराकर हाथी आबादी क्षेत्र में पहुंच रहे हैं और किसानों के फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनकी चालाकी देखकर वनकर्मी भी हैरान हैं। हाथी अब फेंसिंग को पार करने के लिए जंगल में ऐसी जगह तलाश करता है, जहां पर फेंसिंग किनारे कोई छोटा मोटा पेड़ खड़ा है। पेड़ को गिराकर हाथी फेंसिंग के ऊपर डाल देता है। जिससे फेंसिंग पेड़ के नीचे दब जाती है। जिसके बाद हाथी आसानी से खेतों या आबादी क्षेत्रों में घुस रहा है। पिछले दिनों थानो वन रेंज से सटे हुए कालूवाला और इससे सटे हुए गांवों में हाथी ने अलग-अलग दिन तीन स्थानों पर फेंसिंग तोड़कर फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जंगल किनारे कई स्थान ऐसे भी हैं, जहां वन विभाग ने हाथी को जंगल में रोकने के लिए खाई खुदवाया था। लेकिन हाथी कई स्थानों पर खाई को मिट्टी भरकर पार करने लगा। जिसके बाद फेंसिंग लगाई गई थी। लेकिन अब हाथी ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। हाथी इसके ऊपर पेड़ गिराकर तारों को क्षतिग्रस्त कर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं जंगल से सटे हुए इलाकों की सड़कों में हाथी आराम से घूम रहे हैं। जिससे रात में आवाजाही करने वाले लोगों को भी खतरा पैदा हो गया है।

### चयनित भूमि का आज निरीक्षण करेंगे अधिकारी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** यमकेश्वर ब्लॉक अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टूगाड पानी प्याऊ के लिए विभागीय अधिकारी 19 सितंबर को चयनित भूमि का निरीक्षण करेंगे। यमकेश्वर एसडीएम चतर सिंह चौहान ने विभागीय अधिकारियों को इसके लिए आदेशित किया है। गौरतलब है कि अगस्त 2014 में आपदा के कारण हेंवलनदी ने रौद्र रूप धारण कर दिया था। नदी के कटाव में हेंवलघाटी क्षेत्र भूस्खलन की जद में आ गया था। इस भूस्खलन में राजकीय प्राथमिक विद्यालय और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टूगाड पानी प्याऊ भी आ गया था। करीब दस वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक इस विद्यालय में छात्र-छात्राएं खतरे की जद में पढ़ाई कर रहे हैं। कई बार ग्रामीणों ने प्रशासन से विद्यालय को अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग की थी। इसके लिए ग्रामीणों ने प्रशासन को भूमि भी उपलब्ध करवा दी थी। बरसात के दौरान विद्यालय घट्टूगाड के रत्तापानी में किराये के भवनों में संचालित होता है। लंबे समय बाद प्रशासन हरकत में आया है। एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को मराल गांव के घट्टूगाड में नॉन जेड भूमि का स्थलीय निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं। एसडीएम चतर सिंह चौहान ने बताया कि इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें खंड शिक्षाधिकारी यमकेश्वर, ग्रामीण निर्माण विभाग कोटद्वार के सहायक अभियंता, गोहरी रेंज अधिकारी, राजस्व निरीक्षक लक्ष्मणझूला, राजस्व उपनिरीक्षक पट्टी उदयपुर तल्ला शामिल हैं। 19 सितंबर को गठित टीम भूमि का निरीक्षण करेगी, उसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई होगी।

### प्रकृति से छेड़छाड़ से पहाड़ों में आ रही कई समस्याएं

**ऋषिकेश, एजेंसी।** स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) जौलीग्रांट में पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिक चुनौतियों से निपटने में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भूमिका पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पद्मभूषण व विख्यात पर्यावरणविद् चंडी प्रसाद भट्ट ने वर्तमान में विश्व के सामने आने वाली पर्यावरणीय चुनौतियों, विशेष रूप से हिमालय के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र में छात्रों की समझ बढ़ाने पर जोर दिया। कहा कि महत्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र और विविध समुदायों का घर हिमालय का क्षेत्र, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन और प्रदूषण के कारण गहन पर्यावरणीय गिरावट का अनुभव कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व्यावहारिक समाधान तैयार करने के लिए नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार ने चंडी प्रसाद भट्ट को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## मशरूम ने 30 किसानों की 23 लाख रुपये से भर दी झोली

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** सीमांत जिले में मशरूम उत्पादन से किसान अपनी तकदीर बदल रहे हैं। मशरूम कंपोस्ट योजना किसानों को खूब भा रही है। 30 किसानों ने मशरूम उत्पादन से एक साल में 23 लाख से अधिक की आय अर्जित की। बेहतर परिणाम सामने आने से विभाग इस वर्ष भी अन्य किसानों को योजना से जोड़ेगा। विभाग ने सीमांत जिले में संचालित मशरूम कंपोस्ट योजना से बीते वर्ष 30 किसानों को जोड़ा। इसके बेहतर परिणाम सामने आए और इन किसानों ने 33.33 टन मशरूम का उत्पादन कर 23,10,000 रुपये की कमाई की। स्थानीय स्तर पर मशरूम को बेहतर बाजार मिल रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक कम जगह और बेहद कम लागत में किसान मशरूम उत्पादन कर सकते हैं।

## क्षेत्रवासियों ने सड़क ठीक कराने की लगाई गुहार

**गदरपुर, एजेंसी।** वार्ड नंबर पांच सरकारी अस्पताल के सामने रहने वाले लोग बुधवार को तहसील पहुंचे। क्षेत्रवासियों ने यहां एसडीएम आशिमा गोयल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सरकारी अस्पताल के सामने से कफील अहमद के घर तक जाने वाले रास्ते की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। बारिश के कारण गड्ढों में रुकने वाले पानी से आवाजाही में परेशानी हो रही है। वार्डवासियों ने जर्जर रास्ते का जल्द सुधार कराने की मांग की।

# अगले साल से वन-वे होगी पैदल यात्रा, पुराना रास्ता होगा पुनर्जीवित

**रुद्रप्रयाग , एजेंसी।**
वर्ष 2025 से केदारनाथ पैदल यात्रा वन-वे हो जाएगी। इसके लिए केदारनाथ के पुराने पैदल मार्ग को रामबाड़ा से गरुड़चट्टी तक पुनर्जीवित करने का काम शुरू हो गया है। 5.35 किमी लंबे और 1.8 मीटर लंबे मार्ग के बनने से पैदल यात्रा सुलभ और सरल हो जाएगी। साथ ही गरुड़चट्टी फिर से गुलजार हो जाएगा। इस रास्ते के बनने से केदारनाथ धाम पर आसान पहुंच और वर्तमान मार्ग पर बढ़ते मानवीय दबाव को कम करने में भी मदद मिलेगी।

आपदा में रामबाड़ा से केदारनाथ तक लगभग 7 किमी रास्ता पूरी तरह से ध्वस्त हो गया था। तब, केदारनाथ तक पहुंच के लिए नेहरू पर्वतारोहण संस्थान ने रामबाड़ा से मंदाकिनी नदी के दायीं तरफ से केदारनाथ तक 9 किमी नया रास्ता बनाया। बीते दस



वर्ष से इसी रास्ते से पैदल यात्रा का संचालन हो रहा है। प्रतिवर्ष बढ़ रही यात्रियों की संख्या से पैदल मार्ग पर भी दबाव बढ़ रहा है। बीते 31 जुलाई को आई आपदा से इस नए मार्ग को व्यापक क्षति भी पहुंची है। हालांकि इन दिनों मार्ग का सुधारीकरण किया जा रहा, लेकिन क्षेत्र में बढ़ते भूस्खलन से यहां लगातार खतरा बना हुआ है। ऐसे में पुराने मार्ग को पुनर्जीवित किया जा रहा है। सर्वेक्षण के आधार पर रास्ता निर्माण के लिए बीते दो सप्ताह से यहां रामबाड़ा से गरुड़चट्टी पर लोक निर्माण विभाग की टीम कटान कर रही है। मार्ग को सरल बनाया जा रहा है, जिससे यात्रियों की गरुड़चट्टी तक पहुंच आसान हो। इस रास्ते के पूरा बनते ही केदारनाथ तक पहुंच हो जाएगी, क्योंकि गरुड़चट्टी केदारनाथ तक 3.5 किमी रास्ता पूर्व में बन चुका है। साथ ही इस रास्ते को मंदिर से जोड़ने के लिए मंदाकिनी नदी पर पुल भी बनकर तैयार है। पुराने रास्ते के पुनर्जीवित होने से केदारनाथ पैदल यात्रा को वन-वे किया जाएगा। धाम भेजे जाएंगे और दर्शन कर पुराने रास्ते से वापस लौटेंगे। बताया जा रहा है कि नए रास्ते से घोड़ा-खच्चरों का संचालन और पुराने रास्ते से पैदल आवाजाही भी कराई जा सकती है। ऐसे में गरुड़चट्टी में आपदा के बाद से पसरा सन्नाटा भी खत्म हो जाएगा। वर्ष 2015 से पुराने रास्ते को पुनर्जीवित करने की कार्रवाई शुरू हो गई थी। तीन चरणों में भूमि सर्वेक्षण के बाद अन्य औपचारिकताएं पूरी की गईं। इस वर्ष के शुरू में भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय से पुराने रास्ते को पुनर्जीवित करने के लिए 0.983 हेक्टेयर वन भूमि हस्तांतरण की अनुमति दी गई।

## ताला तोड़कर घर से नकदी और जेवर चोरी

**रूड़की, एजेंसी।** क्षेत्र के रहमतपुर गांव में एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखी हजारों की नकदी, सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव निवासी आशीष ने पुलिस को बताया कि 16 सितंबर को जब उसकी बहन स्वाति ट्यूशन से घर आई तो उसने देखा घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। जब उसने अंदर जाकर देखा तो अलमारी और बक्से का ताला भी टूट हुआ है। अलमारी से बेटी की शादी के लिए एकत्र करके रखे सोने-चांदी के जेवर और करीब 25 हजार रुपये की नकदी गायब थी। साथ ही सामान भी बाहर बिखरा हुआ था। उसकी बहन ने फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसने घर आकर देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

# चोरी का अजब मामला, चोर ने पहले हाथ धोकर भगवान को किया नमस्कार; फिर मंदिर से चुरा ली मूर्ति

**रामनगर, एजेंसी।**
कोसी बैराज स्थित छोटे मंदिर से चोर पीतल की मूर्ति उड़ा ले गया। इससे पहले मंदिर के सामने खड़े होकर हाथ जोड़कर माफी भी मांगी।

कोसी बैराज के समीप पेड़ के नीचे एक छोटा मंदिर बना है। समीप ही दुकान में लगे सीसीटीवी में एक युवक मूर्ति चोरी करते नजर आ रहा है। युवक ने पहले हाथ धोए। इसके बाद मंदिर में रखी मूर्ति के आगे कुछ देर तक हाथ जोड़ता दिख रहा है। फिर मूर्ति चुराकर जेब में रख चलता बना।

दुकानदार अशोक गुप्ता ने बताया कि युवक नशेड़ी किस्म का प्रतीत हो रहा है। इसी जगह से पूर्व में भी चोर एक मूर्ति चुराकर ले गया था। मूर्ति चुराते तब भी युवक की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई थी। घटना बुधवार शाम की है। पुलिस को तहरीर दी जाएगी।

भीमताल में रामलीला मैदान मार्ग पर ब्लाक रोड के रेस्टोरेंट संचालक प्रदीप पाठक से एक अनजान व्यक्ति ने फोन के माध्यम से गुरुवार को साइबर ठगी करने का प्रयास किया। लेकिन रेस्टोरेंट संचालक सूझबूझ से बच गया। प्रदीप ने बताया कि गुरुवार को एक अनजान व्यक्ति का उनके मोबाइल पर फोन आया था।

उन्होंने कहा कि उस व्यक्ति ने उन्हें उनका परचित होने की बात कहकर विश्वास में लिया। कहा कि एक व्यक्ति को उधार लिया हुआ पैसा देना है। इसलिए आप अपना गूगल पे नंबर दे दीजिए ताकि उसमें पैसा डाल दिया जाए। प्रदीप ने नंबर दे दिया।

उन्होंने कहा कि थोड़ी देर बाद उनके मोबाइल नंबर पर तीस हजार रुपये आने का मैसेज आया। शक होने पर उन्होंने बैंक से जानकारी ली तो उनके खाते में पैसा नहीं आया था। उन्होंने कहा कि पैसा नहीं आने पर उक्त व्यक्ति से पुलिस में शिकायत कहने की बात कही तो उसने फोन बंद कर दिया। पाठक ने कहा कि उनकी सूझबूझ से वह ठगी का शिकार होने से बच गए।

## डेरियों गांव में मिला गुलदार का शावक

**रूड़की, एजेंसी।** क्षेत्र में बुधवार तड़के डेरियों गांव में घुसे गुलदार के शावक को देखकर ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों ने शावक को पकड़कर वन विभाग को सौंप दिया है।

खानपुर क्षेत्र के डेरियों गांव में बुधवार तड़के कुत्तों का एक पूरा झुंड लगातार भौंक रहा था। कुत्तों के इस तरह से भौंकने को लेकर ग्रामीणों ने देखा तो उन्हें गुलदार का एक शावक नजर आया। कुत्ते उस पर झपट रहे थे। ग्रामीणों ने शावक को छुड़ा लिया और उसे एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद वन विभाग को इसकी जानकारी दी गई। सूचना पर काफी देर बाद गोवर्धनपुर से वन विभाग एक टीम मौके पर पहुंची, जो गुलदार के शावक को लेकर चली गई। क्षेत्रीय ग्रामीण सुशील चौधरी, ब्रिजेश शर्मा, अरुण कुमार, प्रमोद कुमार आदि का कहना है कि पिछले चार माह से लक्सर व खानपुर क्षेत्र में लगातार गुलदार की चहलकदमी बनी हुई है। वन विभाग इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है।

# हल्द्वानी में आवारा जानवरों से परेशान किसानों ने निकाला जुलूस, तहसील परिसर में छोड़े मवेशी



**हल्द्वानी, एजेंसी।**
उत्तराखंड में हल्द्वानी से लालकुआं तहसील में बिन्दुखत्ता से आए किसानों ने आवारा जानवरों को हांक कर तहसील परिसर में छोड़ दिया। दरअसल, पिछले कई महीनों से क्षेत्र में आवारा जानवरों ने आतंक मचा रखा है। इसमें परेशान किसानों ने मवेशियों को लेकर तहसील लालकुआं में प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार हल्द्वानी से लालकुआं तहसील में बिन्दुखत्ता से आए किसानों ने आवारा जानवरों से निजात हेतु तहसील लालकुआं में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने बताया कि वे कई महीनों से आवारा जानवरों का आतंक सहन कर रहे है। इसमें न सिर्फ किसानों की फसल बर्बाद हो रही है बल्कि इलाके में अब तक आवारा जानवरों की वजह से 7 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारी किसानों ने जुलूस निकालकर आवारा मवेशियों को लाकर तहसील परिसर में छोड़ दिया। इसके बाद प्रशासन ने उन्हें गौशाला पहुंचाया।

वहीं प्रदर्शनकारियों ने जल्द ग्रामीण इलाकों से आवारा जानवरों को हटाने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने किसानों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तो आगे परिणाम और गंभीर होंगे।

# हल्द्वानी में गैस सिलेंडर फटने से एक झोपड़ी जलकर खाक, आग की चपेट में आने से झुलसी महिला



**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में से एक दर्दनाक घटना सामने आ रही है। इसमें गैस सिलेंडर फटने से एक झोपड़ी जल कर खाक हो गई। इस दौरान झोपड़ी के अंदर मौजूद एक महिला भी झुलस गई। वहीं इस घटना के बाद संबंधित महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

दरअसल,यह घटना हल्द्वानी के हिम्मतपुर मल्ला क्षेत्र में हुई है। जहां पर एक झोपड़ी में रखा सिलेंडर अचानक फट गया। वहीं इस घटना के बीच एक महिला भी आग की चपेट में आने से झुलस गई। इसमें पीड़ित को तत्काल सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हालांकि महिला की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। बताया गया कि पीड़ित परिवार खेत में बटाईदारी का काम करता है।

वहीं इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर जिला प्रशासन की टीम पहुंच चुकी है। तहसीलदार सचिन कुमार ने कहा कि पीड़िता को सहायता मुहैया कराई जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने अल्मोड़ा में आपदा से हुए नुकसान के आंकड़े किए जारी, इन जिलों के डीएम को दिए निर्देश

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने भारी बारिश से अल्मोड़ा लोकसभा में आपदा से हुए नुकसान के आंकड़े जारी कर दिए है। इसी के साथ इन 4 जिलों के जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि चार जिलों की अल्मोड़ा लोकसभा में आपदा के चलते पांच लोगों की मौत हुई। जबकि बारिश के दौरान दुर्घटना होने से तीन लोगों ने दम तोड़ा। वहीं भारी बारिश से अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों में 63 मकान पूर्ण छतिग्रस्त हो गए । साथ ही 307 मकान को आंशिक क्षति हुई है। अजय टम्टा ने कहा कि भारी बारिश और आपदा से 24 पशुओं की मृत्यु हुई है। वहीं आगे केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारी बारिश से लोकसभा में 700 सड़कें बंद हुई। इसमें से अभी भी 105 सड़कें बंद है।

अजय टम्टा ने अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों के जिलाधिकारी को राहत व बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जल्द सड़कों को खोलने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## उत्तराखंड में अब मनचले नहीं कर पाएंगे बेटियों को परेशान, पुलिस सहित छह विभागों ने कसी कमर

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बेटियों की सुरक्षा के मामले में नैनीताल जिला प्रशासन ने एक माह तक विद्यालयों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों ने अलग- अलग स्कूलों में कार्यशाला व संवाद कर छात्राओं की समस्याओं को जाना।

बच्चियों को अपनी बात कहने का उचित मंच मिला तो उन्होंने नगर में असुरक्षित स्थानों की जानकारी भी साझा की है। बेटियों के बताए गए स्थलों व सुझावों पर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाई है।

ऐसे में छह विभागों के लिए 20 बिंदुओं की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। पुलिस से लेकर शिक्षा विभाग तक के लिए सुझाव दिए गए हैं, ताकि बेटियों की सुरक्षा करने के साथ मनचलों को भी सबक सिखाया जा सके।

# गुस्ल शरीफ की रस्म अदा, उमड़ी जायरीनों की भीड़

**रूड़की, एजेंसी।**
साबिर पाक के 756वें सालाना उर्स में सुबह 10 बजे गुस्ल शरीफ की रस्म अदा की गई। इसमें मजार शरीफ और रगाह शरीफ को गुलाब और केवड़ा जल से नहलाया गया। साथ ही मजार शरीफ में संदल पेश किया गया। इसके बाद गुस्ल का पानी पाने के लिए जायरीनों का हुजूम उमड़ पड़ा। इसी के साथ उर्स की सभी रस्में संपन्न हो गई।

बुधवार को सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी कुद्दुसी ने गुस्ल शरीफ की रस्म अदा कराई। उर्स में आए हुए जायरीनों ने गुस्ल शरीफ रस्म में शिरकत की। इस दौरान पूरी दरगाह खुशबू से महक उठी। रस्म अदायगी के दौरान सबसे पहले मजार शरीफ को गुलाब जल से नहलाया गया। उसके बाद सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी कुद्दुसी ने मजार शरीफ में संदल पेश किया।

उसके बाद गुस्ल का पानी पाने के लिए जायरीनों की भीड़ उमड़ पड़ी। गुस्ल का पानी हासिल करने के लिए कोई बोतल लेकर पहुंचा तो किसी के हाथों में गिलास था। इसी के साथ उर्स की सभी मुख्य रस्में संपन्न हो गई। उर्स अभी चांद की 20 तारीख तक चलेगा। रस्म अदायगी के दौरान शाह यावर अली एजाज साबरी, शाह खालिक मियां, सज्जादा प्रतिनिधि शाह सुहैल, हाफिज मैराज साबरी, सूफी राशिद साबरी, नय्यर अजीम फरीदी, यासिर एजाज साबरी, सूफियान बाबा, सूफी इसरार साबरी आदि मौजूद रहे। बुधवार देर रात नमाज ईशा महफिल खाने में साबिर पाक के दादा पीर हजरत बख्तियार काकी रहमतुल्लाह अलैहि के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। 14 रबीउलअव्वल को इनका दिल्ली में उर्स मनाया जाता है। कुल शरीफ में सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी और उनके परिवार के लोग शामिल हुए। उर्स में देश विदेश आए जायरीनों ने भी शिरकत की।

# डोला भ्रमण के दौरान चार पर्यटक झील में गिरे, युवाओं ने कूदकर बचाई जान; वीडियो वायरल

**नैनीताल, एजेंसी।** शहर में डोला भ्रमण के दौरान स्थानीय युवाओं की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया। जिसका वीडियो अब इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है। रविवार दोपहर मां नंदा सुनंदा का डोला जब लोअर माल रोड में शिव मंदिर के आगे पहुंचा तो एकाएक जयकारे के साथ आगे भीड़ बढ़ी तो सड़क किनारे चार युवा पर्यटक धक्का लगने से झील में जा गिरे, इसमें एक युवती भी शामिल थी। इस दौरान डोले के साथ चल रहे पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सौरभ रावत मोंटी की नजर पड़ गई तो उसके साथ उपेंद्र ढेला व भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने झील में कूदकर चारों पर्यटकों को सुरक्षित निकाल दिया। एक पर्यटक तो बेहोशी की हालत में था। जल्द उसे भी होश आ गया। युवाओं के इस साहसिक कारनामे की हर किसी ने सराहना की। उधर डोला वापसी के दौरान लोअर माल रोड में महिला को टक्कर मार दी, गनीमत रही कि महिला का पैर कार के पहिये में आ गया लेकिन रगड़ लगते ही आसपास के लोगों ने कार रुकवा दी।



# दवा फैक्ट्री में केमिकल के रिसाव से हड़कंप, आठ महिलाएं बेहोश; दो की हालत गंभीर

**काशीपुर, एजेंसी।**
मुरादाबाद रोड स्थित एग्रोन रेमेडीज दवा फैक्ट्री में केमिकल के रिसाव से आठ महिलाएं बेहोश हो गईं। जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से दो की हालत गंभीर है।

कंपनी प्रबंधन की ओर से बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम दवा फैक्टरी में कार्य के दौरान अचानक सीरफ बनाने वाला केमिकल जमीन पर गिरा। जिससे वहां मौके पर मौजूद कुछ महिलाओं को केमिकल के गंध से स्वास्थ्य संबंधित परेशानी शुरू



हुई। जिसके बाद आशा देवी (42), कंचन सैनी (35), आशा देवी (33), मीना (40), अनिता यादव (22), कशिश (18), चंचल (31) व नेहा (32) बेहोश हो गईं, जिन्हें तत्काल मुरादाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां आशा व कशिश की हालत गंभीर बनी हुई है। डा. पंकज सैनी ने बताया कि अन्य की हालत में सुधार है, जिन्हें जल्द ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

# आप पार्षदों को तोड़ने के लिए पैस का ऑफर और ईडी-सीबीआई की धमकी दे रही भाजपा- दुर्गेश पाठक

## भाजपा नेता सुंदर तंवर हमारे पार्षद से संपर्क कर दो करोड़ रुपए और विधायक का टिकट देने का ऑफर दिया है- संजीव झा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली नगर निगम में स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव जीतने के लिए भाजपा एक बार फिर आम आदमी पार्टी के पार्षदों को तोड़ने में जुट गई है। भाजपा में शामिल होने के लिए आप पार्षदों को लाखों-करोड़ रुपए का ऑफर दिया जा रहा है और भाजपा में शामिल नहीं होने पर ईडी-सीबीआई से परेशान करने की धमकी दी जा रही है। बुराड़ी से आप विधायक संजीव झा ने बताया कि भाजपा नेता सुंदर तंवर ने हमारे पार्षद को दो करोड़ रुपए और विधायक का टिकट देने का ऑफर दिया है। साथ ही, भाजपा में शामिल न होने पर ईडी-सीबीआई से परेशान करने की धमकी भी दी है। वहीं, बवाना से आप पार्षद रिंकू मुकेश सोलंकी के पति मुकेश सोलंकी ने बताया कि कुछ परिचित मुझे भी फोन कर स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में भाजपा को वोट करने का दबाव बना रहे हैं। एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि अब हमारे सभी पार्षद भाजपा का ऑफर लेकर आने वाले लोगों की रिकॉर्डिंग करेंगे और उसे जनता के बीच एक्सपोज करेंगे।

दिल्ली नगर निगम में आप के प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि एक तरफ देश मे अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ईमानदार राजनीति चल रही है। जिसमें एक झूठा आरोप लगने अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब तक मैं जनता की अदालत में अग्नि परीक्षा पास नहीं कर लेता, तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पूरी दुनिया में ऐसा कोई एक उदाहरण नहीं होगा, जब मुख्यमंत्री के पद पर बैठा व्यक्ति कोई आरोप लगने पर इस्तीफा दिया हो। वहीं, दूसरी राजनीति भाजपा के नेतृत्व में चल रही है। इस राजनीति में झूठ, फरेब, बेइमानी, धोखाधड़ी, पार्टियों को तोड़ने और सांसद, विधायक और पार्षदों को खरीदने का काम चल रहा है।

दुर्गेश पाठक ने कहा कि लगभग डेढ़ साल पहले दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को जबरदस्त बहुमत के साथ दिल्ली में चुनाव जिताया। भाजपा के लोग तीन-चार महीने तक सदन में लड़ाई-झगड़ा करते रहे, मारपीट तक नौबत आई। इन्होंने मनमाने तरीके से 10 एल्डरमैन बना लिए और जबरदस्ती सदन में उनसे वोटिंग कराना चाहते थे, कोर्ट ने उसे रोका। इसके बाद लगातार पार्षदों को तोड़ने का काम कर रहे हैं। ये लोग पचास लाख से दो करोड़ रुपए तक हमारे पार्षदों को ऑफर कर रहे हैं। साथ ही, धमकी दे रहे हैं कि अगर हमारी पार्टी में नहीं आए तो ईडी-सीबीआई छोड़ देंगे।

दुर्गेश पाठक ने बवाना से आप के पार्षद रामचंद्र का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने उनको ईडी-सीबीआई की धमकी देकर जबरदस्ती अपनी पार्टी में शामिल कराया। जब दो दिन बाद वह वापस आदमी पार्टी में लौट आए तो फिर भाजपा के लोगों ने उनको घर से उठा लिया। इसी तरह, पिछले कुछ दिनों से कई घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें भाजपा के लोग लगातार साम, दाम, दंड, भेद समेत हर हथकंडे अपना कर हमारे पार्षदों को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हमने अपने सभी पार्षदों से कह दिया है कि कोई भी आपके पास आए तो उसकी सारी बात रिकॉर्ड कर लीजिए। क्योंकि इस भ्रष्टाचारी पार्टी का पदार्फाश करना बहुत जरूरी है। भाजपा अपनी गंदी राजनीति छोड़ दे। जनता ने उन्हें हरा दिया तो अब वो भ्रष्टाचार से कमाए पैसे से हमारे पार्षदों को खरीदना चाहते हैं। बुराड़ी से आप संजीव झा ने अपनी विधानसभा में भाजपा के लोगों द्वारा पार्टी के पार्षदों से संपर्क करने की घटना की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा एक गैंग है। इसका काम ही विधायकों की चोरी करना, पार्षदों को किडनैप करना और सत्ता के लिए किसी भी हद तक गिर जाना है। भाजपा पहले दिन से एमसीडी में जनता से आप को मिले जनाधार को खत्म करने और किसी भी तरह से सत्ता में बने रहने की साजिश कर रही है। अभी एमसीडी के स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव है। मेरे विधानसभा में पार्टी के तीन पार्षद हैं। इसमें एक पार्षद के पास भाजपा से प्रत्याशी बने सुंदर तंवर गए। सुंदर तंवर ने उनको भाजपा में शामिल होने के बदले 2 करोड़ रुपए और विधायक का टिकट देने का ऑफर दिया। अगर भाजपा में शामिल नहीं होंगे तो ईडी-सीबीआई आपको परेशान करेगी। सुंदर तंवर ने यह भी कहा कि गोवा के मुख्यमंत्री भी आकर आपसे बात करना चाहते हैं। इसी तरह वह बाकी पार्षदों के पास भी जा रहे हैं और उनको डरा-धमका कर खरीदने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी आसानी से भाजपा के लोग हमारे पार्षदों को तोड़ या खरीद नहीं सकते। अब कैमरे में रिकॉर्ड करके लोगों के बीच भाजपा को एक्सपोज करने की जरूरत है।

# भाजपा की सरकार आई तो यूपी जैसे दिल्ली में महंगी होगी बिजली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की भावी मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को केंद्र और भाजपा की अन्य राज्यों की सरकारों पर हमला बोला। आतिशी ने कहा कि अगर इस बार चुनाव में फिर से अरविंद केजरीवाल को नहीं जिताया तो दिल्ली वालों का हाल बिजली के बिल और कटौती में उत्तर प्रदेश और बीजेपी की अन्य राज्यों की सरकारों जैसा हो जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बिजली के कनेक्शन के दाम ढाई सौ गुना बढ़ा दिए हैं। उत्तर प्रदेश में गरीब परिवार जो 1 किलो वाट के छोटे-छोटे कनेक्शन लेते हैं, पहले वो मात्र 1200 रुपए देते थे। उसको बढ़कर अब 3000 कर दिया है। यानि ढाई सौ परसेंट की वृद्धि। अगर किसी का 5 किलो वाट का बिजली का कनेक्शन है, जो दिल्ली में रहने वाले आम मिडिल क्लास लोगों के लिए एक सामान्य बात है। उस 5 किलो वाट बिजली के कनेक्शन के दाम को यूपी सरकार ने 118 परसेंट बढ़ा दिया है। इसे 7967 से 17365 रुपए कर दिया है। यानि 118 परसेंट की वृद्धि।

आतिशी ने आरोप लगाया है कि यूपी सरकार ने इस साल गर्मी के मौसम में उसके सबसे हाईटेक शहर ग्रेटर नोएडा में, नोएडा में, गाजियाबाद में और साहिबाबाद में लंबे-लंबे पावर कट और सबसे महंगी बिजली दी है। यही कारण है कि दिल्ली वालों के लिए बहुत जरूरी है कि वह फिर से अरविंद केजरीवाल को चुनकर लेकर आएं और उन्हें फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएं। आतिशी ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल का मॉडल 24 घंटे और सबसे सस्ती बिजली है। इस साल दिल्ली में 19 जून को 8400 मेगावाट की पीक डिमांड पर भी दिल्ली में लोड शेडिंग नहीं हुई। दिल्ली में पावर कट नहीं लगा। आम आदमी पार्टी की सरकार 24 घंटे बिजली देती है और सबसे सस्ती बिजली देती है। दिल्ली में 37 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं जिनका बिजली का बिल जीरो आता है। 15 लाख ऐसे परिवार हैं जिनको बिजली के बिल आधे दाम पर मिलते हैं।

आतिशी ने कहा कि यदि बीजेपी शासित अन्य राज्यों से तुलना की जाए तो दिल्ली में सबसे सस्ती बिजली मिलती है। दिल्ली में 400 यूनिट का बिल 980 रुपये का आता है। इतने ही यूनिट का बिल गुजरात में अहमदाबाद में 2044 आता है। हरियाणा के गुड़गांव में 2300 आता है। मध्य प्रदेश में 3800 आता है और महाराष्ट्र में 4460 बिजली का बिल आता है। यानि मध्य प्रदेश में और महाराष्ट्र में जहां पर भाजपा की सरकार है, वहां पर 400 यूनिट बिजली का बिल दिल्ली से चार गुना ज्यादा आता है। लंबे-लंबे पावर कट और सबसे महंगी बिजली भाजपा का मॉडल है।

आतिशी ने जनता से अपील की कि मैं आज सभी दिल्ली वालों से यह कहना चाहती हूं कि जब फरवरी में चुनाव आएगा। दिल्ली वालों को मिलकर फिर से अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनना है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनानी है। तभी दिल्ली में 24 घंटे बिजली और सबसे सस्ती बिजली मिल पाएगी। आने वाले चार महीनों में जब तक मेरे पास दिल्ली के मुख्यमंत्री होने की जिम्मेदारी है, मुझे पता है भारतीय जनता पार्टी अपने एलजी साहब के माध्यम से जरूर कोई न कोई षड्यंत्र रचेगी। लेकिन मैं आम आदमी पार्टी की तरफ से अरविंद केजरीवाल की तरफ से दिल्ली वालों को यह वादा करती हूं कि हम दिल्ली वालों के बिजली के बिल नहीं बढ़ने देंगे।

# आधी रात सड़क पर निकलकर करते थे ई रिक्शा चोरी

- हाल में जेल से छूटे और फिर करनी टारगेट

संवाददाता



द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने दो हैबिच्युआल ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी का दो ई रिक्शा, चार ई रिक्शा की बैटरी, मोबाइल इत्यादि बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इरशाद और दानिश के रूप में हुई है। ये हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आए थे और इसके बाद फिर से वारदात को अंजाम देने लगे। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने पांच मामलों का खुलासा करने का दावा किया है।
जिसमें ऑटो लिफ्टिंग और चोरी के मामले शामिल हैं।
डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार 8- 9 सितंबर की आधी रात मोहन गार्डन इलाके से एक ई रिक्शा चोरी हुई थी। जब ई रिक्शा के ओनर ने घर के पास ही रिक्शा को रात में पार्क किया था। सुबह जब उठा तो उसका रिक्शा वहां से गायब था। उस मामले में मोहन गार्डन थाना में एफआईआर दर्ज किया गया। इस मामले को सुलझाने के लिए एएटीएस की टीम को लगाया गया। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल राजेश, राकेश, जयराम और कांस्टेबल शीशपाल इत्यादि की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। आसपास के इलाके में लगभग 10 किलोमीटर में लगे कई सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और उसके आधार पर इन दोनों के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। इन दोनों को द्वारका सेक्टर 3 जेजे कॉलोनी इलाके से ट्रैप लगाकर गिरफ्तार किया गया। जब यह लोग चोरी की ई रिक्शा से इलाके में घूम रहे थे। पूछताछ से पता चला कि इरशाद पहले से भी दो मामलों में शामिल रहा है और दानिश पर एक मामले पहले से चोरी के चल रहे हैं। यह लोग ई रिक्शा और बैटरी चोरी करते थे, बाद में उसे दूसरे को बेच दिया करते थे। इनकी गिरफ्तार से बिंदापुर मोहन गार्डन उत्तम नगर और निहाल विहार थाना के पांच मामलों का खुलासा करने का पुलिस ने दावा किया है। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है।

# स्टेडियम में छात्रों की सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी



नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने स्टेडियम और खेल परिसरों में अलग-अलग खेल गतिविधियों को लेकर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया है, जिसमें निर्धारित समय अवधि मं खेल अभ्यास के निर्देश दिए गए हैं। निदेशालय के अनुसार, ऐसा देखने को मिला है कि कुछ स्टेडियम में फुटबॉल जैसे दूसरे खेलों के अभ्यास के दौरान भाला फेंकने, डिस्कस थ्रो, शॉट-पुट, हैमर थ्रो जैसे खेलों को लेकर अभ्यास कराया जा रहा है। इस तरह की स्थिति छात्रों को चोटिल कर सकती है। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए स्टेडियम प्रभारियों को निर्देश है कि वह भाला फेंकने जैसे दूसरे खेलों के लिए अलग समय रखें। फुटबॉल और ट्रैक कार्यक्रमों के लिए शाम साढ़े चार बजे का समय निर्धारित किया जाए। भाला फेंकने जैसे दूसरे खेलों के लिए दोपहर ढाई बजे के बाद अभ्यास कराया जाए। आम नागरिकों के लिए स्टेडियम और खेल परिसर सुबह छह से सुबह साढ़े नौ बजे तक के लिए खुले हैं। दोपहर और शाम का समय छात्रों के लिए निर्धारित है। स्टेडियम में अभ्यास के लिए आने वाले छात्रों के अभिभावकों को ट्रैक पर जाने की अनुमति नहीं है। उन्हें गैलरी क्षेत्र में बैठकर प्रतीक्षा करनी होगी।

# नकली बुजुर्ग बने सख्स की आवाज ने खोली थी पोल

- फजीवाड़ा में शामिल एक और एजेंट को यूपी से किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




24 साल के सख्स के चेहरे पर मेकअप करके उसे 67 साल के बुजुर्ग बनाकर फर्जी डॉक्यूमेंट के जरिए उसे और उसकी पत्नी को कनाडा से होते हुए वरअ भेजने के मामले में एयरपोर्ट पुलिस ने एक और एजेंट को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान परमवीर सिंह के रूप में हुई है, यह पीलीभीत यूपी का रहने वाला है। इसने उत्तराखंड के रुद्रपुर में ट्रैवल का एक ऑफिस भी खोल रखा था। इस एजेंट की तलाश पुलिस टीम काफी समय से कर रही थी। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बताया कि इस मामले का खुलासा 18 जून को एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट जांच के दौरान हुआ था। जब 24 साल का सख्स गुरुसेवक को और बाद में उसकी पत्नी अर्चना कौर को पकड़ा गया था। इन्होंने एजेंट से संपर्क करके 60 लाख में कनाडा होते हुए वरअ जाने का सौदा तय करके प्लान बनाया था। जिसमें 30 लाख रुपए इन्होंने एडवांस के तौर पर दे दिया था। एजेंट ने गुरसेवक के चेहरे को 67 साल के बुजुर्ग का बनाकर उसका नाम बदलकर रशविंदर सिंह रखकर पासपोर्ट तैयार किया था। और उसकी पत्नी का नाम बदलकर हरजीत कौर कर दिया था। लेकिन आईजीआई एयरपोर्ट से यह कनाडा की तरफ रवाना होने वाले थे, तो डॉक्यूमेंट जांच के दौरान वहां पर तैनात अधिकारियों ने आवाज से गुरुसेवक को पकड़ लिया। क्योंकि 67 साल के बुजुर्ग की जो आवाज होनी चाहिए वह गुरसेवक की लग नहीं रही थी। अधिकारियों ने जब उसके चेहरे को गौर से देखा तो स्किन भी यंग जैसा लग रहा था। आगे की जब पूछताछ हुई तो गुरसेवक के गड़बड़ झाले का पता चला। इस बीच उसकी पत्नी अर्चना कौर जो हरजीत कौर बनाकर जा रही थी, वह वहां से भाग गई, बाद में उसे फिर पकड़ा गया।

इसी मामले में जब पूछताछ हुई तो पूरे मामले खुलासा हुआ, जिसमें पुलिस ने पीलीभीत के जगजीत सिंह उर्फ जग्गी और गुरमुख सिंह को गिरफ्तार किया और फिर उनसे पूछताछ हुई तो परमवीर सिंह के बारे में पता चला। डीसीपी का कहना है अब इस मामले में और आगे की भी छानबीन की जा रही है। पुलिस आरोपी के पकड़े जाने के साथ-साथ पूरे सिंडिकेट तक पहुंचने के लिए टेक्निकल सर्विलांस से छानबीन करके आखिरी अंजाम तक पहुंचने में प्रयासरत रहती है। जिसकी वजह से इस मामले में तीन एजेंट सहित पांच को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है।

## मादीपुर पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार




संवाददाता

पंजाबी बाग थाना के मादीपुर पुलिस चौकी की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान लोकेश उर्फ.राहुल के रूप में हुई है। पहले से यह 9 मामलों में शामिल रहा है। इसके पास से चोरी की दो स्कूटी भी बरामद की गई है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि एसएचओ संजय दहिया की देखरेख में चौकी इंचार्ज संदीप बिश्नोई की टीम ने इस स्कूटी चोर को पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ा। जब पुलिस को देखकर यह भागने लगा था। जिस स्कूटी से यह जा रहा था, वह तिलक नगर इलाके से चोरी की निकली। फिर इसकी पहचान की गई और इसकी निशानदेही पर एक और चोरी की स्कूटी बरामद की गई। वह स्कूटी पश्चिम विहार वेस्ट थाना इलाके से चुराई गई थी। आगे की छानबीन पुलिस टीम कर रही है।

# स्वाति मालीवाल को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका, भ्रष्टाचार मामले में याचिका खारिज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




शुक्रवार को आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा। कोर्ट ने मालीवाल की भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय करने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। स्वाति मालीवाल पर आरोप हैं कि उन्होंने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया और आम आदमी पार्टी से जुड़े लोगों को अलग-अलग पदों पर नियुक्त किया। स्वाति मालीवाल की याचिका पर न्यायमूर्ति अमित महाजन ने मालीवाल के खिलाफ आरोप तय करने वाले आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया। 8 दिसंबर, 2022 को महिला आयोग की कई नियुक्तियों में भ्रष्टाचार के मामले को लेकर कोर्ट ने आरोप तय करने का आदेश दिया था। इसमें स्वाति मालीवाल समेत चार लोगों के खिलाफ आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत यह आदेश दिया गया था। इस मामले पर आप सांसद स्वाति मालीवाल ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। लेकिन कोर्ट ने इस याचिका को खारिज करते हुए स्वाति मालीवाल को राहत देने से इनकार कर दिया।
पूरा मामला क्या है : महिला आयोग में अपने पद का दुरपयोग करते हुए आम आदमी पार्टी से जुड़े लोगों की नियुक्ति के आरोपों के बाद भाजपा विधायक बरखा शुक्ला ने स्वाति के खिलाफ शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने मालीवाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। हालांकि, इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया है। इसका इस्तेमाल करते हुए आयोग में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को आर्थिक लाभ दिया गया। इनपर आरोप है कि इन्होंने पार्टी के कार्यकताओं को भर्ती प्रक्रिया का उचित पालन किए बिना महिला आयोग में नियुक्त किया था। मामले में स्वाति मालीवाल समेत अन्य लोगों पर आरोप है कि 6 अगस्त 2015 से लेकर 1 अगस्त, 2016 के बीच दिल्ली महिला आयोग में 90 लोगों की नियुक्तियां की गईं। इसमें से 71 लोगों को कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर जबकि, 16 लोगों को डायल 181 हेल्पलालइन के लिए नियुक्त किया गया था। इस दौरान इनकी नियुक्तियों में प्रक्रिया और नियमों का पालन नहीं किया गया था।

# वेतन की मांग को लेकर ईएसआई अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड्स ने की हड़ताल



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी के बसई दारापुर स्थित केंद्र सरकार के ईएसआई अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड्स ने शुक्रवार को वेतन और पीएफ की मांग को लेकर हड़ताल कर दी। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के अधिकतर सिक्योरिटी गार्ड आर्मी से रिटायर्ड है और पिछले एक साल से यहां नौकरी कर रहे हैं। लेकिन पिछले चार महीने से उनका वेतन दिया नहीं दिया गया है। साथ ही पिछले 10 महीने से पीएफ भी नहीं दिया जा रहा, जिसके कारण वे बहुत परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले एक साल से कभी भी समय पर सैलरी नहीं मिली और चार महीने से सैलरी के नाम पर आश्वासन ही मिल रहा है। इस समस्या को लेकर जब हम कंपनी से बात करने जाते हैं। वे कहते हैं कि हमें अस्पताल से पेमेंट नहीं मिली। वहीं, अस्पताल प्रशासन से गुहार लगाने पर वो कहते हैं कि सिक्योरिटी कंपनी ने हमें बिल नहीं लगाया। तनख्वाह न मिलने के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो गया है, लेकिन हमारी समस्या सुनने को कोई तैयार नहीं। नौकरी भी खतरे मेंः इतना ही नहीं एक सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि कंपनी से शिकायत करने पर कहा जाता है कि काम करना है तो करो, वरना घर जाओ। आज हम हड़ताल कर रहे हैं, क्या पता कल हमें निकाल दिया जाए। हर वक्त डर के माहौल में नौकरी करनी पड़ती है। लेकिन इस बार जब तक हमारा चार महीने का वेतन नहीं दिया जाता, हम काम नहीं करेंगे। अपना वेतन लेने के बाद ही ड्यूटी करेंगे। मरीजों की भी फजीहतः इस संबंध में जब अस्पताल प्रशासन से बात करने की कोशिश की गई, तो उनकी तरफ से बात करने से मना कर दिया गया। वहीं सिक्योरिटी गार्ड्स की हड़ताल के कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को झेलना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ओपीडी के अलग-अलग विभागों के बाहर व्यवस्था बनाने का काम ये गार्ड्स ही करते हैं।

# एबीवीपी ने डूसू चुनाव के लिए की प्रत्याशियों की घोषणा, बड़े अंतर से किया जीत का दावा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शुक्रवार को केंद्रीय पैनल के चारों पदों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। अध्यक्ष पद पर ऋषभ चौधरी, उपाध्यक्ष पद पर भानु प्रताप सिंह, सचिव पद पर मित्रविंदा कर्नवाल और संयुक्त सचिव पद पर अमन कपासिया को प्रत्याशी बनाया है। ऋषभ चौधरी बुद्धिष्ट स्टडीज में स्नातकोत्तर के छात्र हैं। वहीं, भानु प्रताप सिंह लॉ फैकल्टी के छात्र हैं। जबकि, मित्रविंदा लक्ष्मीबाई कॉलेज में स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। इसी तरह अमन कपासिया पीजीडीएवी कॉलेज में बुद्धिष्ट स्टडीज में स्नातकोत्तर के छात्र हैं।

केंद्रीय पैनल के चारों प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता जिस प्रकार से साल के 365 दिन दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं के समाधान में लगे रहते हैं, उसका लाभ चुनाव में हमें मिलेगा। एबीवीपी इस बार चारों सीटों पर बड़े अंतर से चुनाव जीतेगी। शनिवार को घोषणा पत्र जारी होगा।

एबीवीपी और एनएसयूआई ने चार में से सिर्फ एक सचिव पद के लिए टिकटः इससे पहले नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) और वामपंथी छात्र संगठनों आइसा और एसएफआई भी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। आइसा और एसएफआई जहां छात्राओं को टिकट देने में सबसे आगे रहते हुए चार में से तीन पदों अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पद पर टिकट दिया है। जबकि, एबीवीपी और एनएसयूआई ने चार में से सिर्फ एक पद सचिव पर ही टिकट दिया है। 27 सितंबर को होना है मतदानः डूसू चुनाव में 27 सितंबर को मतदान होना है। मॉर्निंग कॉलेजों में सुबह 8.30 बजे से दोपहर एक बजे तक और सांध्य कॉलेजों में शाम तीन बजे से 7.30 बजे तक मतदान होना है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के 47 कॉलेज और पांच विभागों में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ का चुनाव होता है। इन सभी कॉलेज और विभागों के छात्र-छात्राएं डूसू चुनाव में मतदान करते हैं। पिछले चुनाव में एबीवीपी ने तीन और एनएसयूआई ने एक पद पर जीत दर्ज की थी।

# दिल्लीवाले समझ चुके हैं, बिजली, पानी, मोहल्ला क्लीनिक और महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा के लिए केजरीवाल सरकार जरूरी- दिलीप पांडे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में बिजली के नए कनेक्शन लेने पर शुल्क में की गई वृद्धि पर भाजपा को आड़े हाथ लिया है। आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे का कहना है कि दिल्लीवाले अब समझ चुके हैं कि बिजली, पानी, मोहल्ला क्लीनिक और महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार बेहद जरूरी है। भाजपा अपने एलजी के जरिए दिल्ली में भी बिजली महंगी करने की साजिश रच रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार ने बिजली के नए कनेक्शन के शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर दी है और वह इसी मंसूबे पर दिल्ली में भी काम कर रही थी और लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को जनादेश देकर भाजपा को दिल्ली की सत्ता से बाहर किया तो वह हमारे नेताओं को गिरफ्तार कर हमारी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन विफल हो गई।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि पूरा देश और दिल्ली देख रहा है कि भाजपा किस तरह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लोगों की जेब पर डाका डाल रही है। इसका ज्वलंत उदाहरण उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली के नए कनेक्शन के दाम में की गई बढ़ोतरी है। जहां भाजपा जनादेश और विधायकों की तोड़फोड़ से सरकार नहीं बना पाई, वहां उसने सत्ता पक्ष के नेताओं की गिरफ्तारियां शुरू कर दीं। उसने दिल्ली में सबसे क्रूर तरीके से यह गिरफ्तारियां कीं। दिल्ली की जनता ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार भाजपा के सियासी अहंकार के मुंह पर अपने जनादेश का तमाचा मारकर बाहर का रास्ता दिखाया है।

दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा ने सबसे पहले दिल्ली और देश को प्रसिद्ध मोहल्ला क्लीनिक देने वाले सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया, जब वो टूटे नहीं तो आम आदमी पार्टी के कम्यूनिकेशन इंचार्ज विजय नायर को गिरफ्तार किया। मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। इसका मकसद केवल यह था कि पार्टी के पहली कतार के नेताओं को गिरफ्तार कर आम आदमी पार्टी को खत्म कर दिया जाए, ताकि दिल्ली की जनता को अरविंद केजरीवाल की सरकार से मिलने वाली सुविधाएं बंद की जा सकें। जब भाजपा की साजिशें नाकाम हुईं और देश के संविधान व न्यायालय के रास्ते से समाधान निकला। अब दिल्ली की जनता को समझ में आ रहा है कि आम आदमी पार्टी वाले सही कहते थे कि बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा, बुजुर्गों की पेंशन और उनकी तीर्थ यात्राएं, भाजपा दिल्ली में इन सुविधाओं को बंद करना चाहती है, क्योंकि वो दिल्लीवालों से नफरत करती हैं। इसकी इस साजिश से पर्दा तब उठा, जब उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार ने नए बिजली कनेक्शन का शुल्क कई गुना बढ़ा दिए।

दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली के अंदर भी भाजपा नाकाम होने के बावजूद लगातार ऐसी साजिशें रच रही है कि किसी भी तरह से दिल्ली में मिलने वाली 200 यूनिट मुफ्त और 400 यूनिट तक आधे दाम पर मिलने वाली बिजली को रोक दिया जाए और दिल्ली की जनता की जेब पर डाका डालकर उनके चैन व सुकून पर बिजली गिराई जाए।

# भारतपे के पूर्व एमडी अशनीर ग्रोवर के रिश्तेदार दीपक गुप्ता को ईओडब्लू ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। भारतपे के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर अशनीर ग्रोवर के रिश्तेदार दीपक गुप्ता को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) ने गिरफ्तार किया है। ईओडब्लू ने दीपक गुप्ता को फिनटेक कंपनी से फंड की हेराफेरी के आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, अभी उन्हें मंदिर मार्ग थाने में रखा गया है। जानकारी के अनुसार, ईओडब्ल्यू ने भारतपे के पूर्व एमडी अशनीर ग्रोवर के परिवार के सदस्य दीपक गुप्ता को साकेत कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस आगे की कार्रवाई और पूछताछ के लिए रिमांड मांगने की कोशिश में है। भारत पे केस में दीपक गुप्ता महत्वपूर्ण कड़ी है। पुलिस का मानना है कि दीपक से पूछताछ के बाद महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। हाईकोर्ट ने ग्रोवर को विदेश यात्रा की दी अनुमतिः यह घटनाक्रम भारतपे और ग्रोवर के बीच चल रही कानूनी लड़ाई का हिस्सा है, जो वित्तीय कदाचार और कंपनी के संसाधनों के दुरुपयोग के आरोपों के बीच 2022 में कंपनी से उनके निष्कासन के बाद शुरू हुई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को भारतपे के पूर्व एमडी ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर को दोहा और यूनाइटेड किंगडम की यात्रा करने की अनुमति दे दी। ईओडब्लू ने 81 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी मामले में कियाः ईओडब्लू ने एक लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था। उन्होंने पहले ही एलओसी को चुनौती दी थी। ग्रोवर्स ने 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक यूनाइटेड किंगडम की यात्रा करने की अनुमति मांगी है। वे 17 से 20 अक्टूबर तक दोहा की यात्रा करेंगे। उनका यूके और दोहा में भाषण देने का कार्यक्रम है। दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू 81 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले की जांच कर रही है। अशनीर ग्रोवर की पत्नी की बहन के पति हैं दीपक गुप्ताः भारतपे केस में गिरफ्तार दीपक गुप्ता, अशनीर ग्रोवर के खास और नजदीकी रिश्तेदार हैं। अशनीर ग्रोवर की पत्नी माधुरी ग्रोवर की बहन के पति दीपक गुप्ता हैं। दीपक को ईओडब्ल्यू ने 19 सितंबर की रात में अरेस्ट किया था। उनको कुछ दिनों पहले ही भारतपे के हेड ऑफ कंट्रोल्स पद से बर्खास्त किया गया था।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः
Sr.DEE-TRD-BSB-2024-25-T13
दि. 19.09.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के गोरखपुर-पनियहवा खंड में पनियहवा ब्रिज संख्या 50 पर प्रस्तावित डीएसडीसी मार्ग पर आ रहे अवरोधों को हटाने के संबंध में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण कार्य। **टेंडर रिफरेंस नं.:** Sr.DEE-TRD-BSB-2024-25-T13, **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 50,99,361.14, **धरोहर राशि रूपया मेंः** ₹ 1,02,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया मेंः** शून्य, **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 11.10.2024 upto 14:45 Hrs, **कार्य पूरा करने की अवधिः** 6 माह, **नोटः** • खुली ई-निविदा दिनांक 11.10.2024 को 14.45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-134 वाराणसी

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 21 सितंबर, 2024

## संक्षिप्त खबरें

### कोटला मुबारकपुर में गेंबलिंग के आरोप में दो गिरफ्तार

संवाददाता

कोटला मुबारकपुर थाना की पुलिस टीम ने गेंबलिंग के मामले में छापा मारकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 17200 कैश और गेंबलिंग में इस्तेमाल सामान भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विनय और जयप्रकाश के रूप में हुई है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि पुलिस को एक इनफार्मेशन मिली थी। यह दो लोग गैंबलिंग के मामले में शामिल हैं। पुलिस टीम ने पता लगाकर इन्हें पकड़ा और इन्हें गिरफ्तार किया गया। इनमें से जयप्रकाश पहले से कनॉट प्लेस के एक मामले में शामिल रहा है।

### आप ने की केजरीवाल के लिए सरकारी आवास की मांग

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए शुक्रवार को सरकारी आवास की मांग की और कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी का संयोजक होने के नाते वह इसके हकदार हैं। आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी इस संबंध में संबंधित मंत्रालय को पत्र लिखेगी। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि हमें इसके लिए कानूनी लड़ाई नहीं लड़नी पड़ेगी। केजरीवाल ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने का फैसला किया है और वह अपना सरकारी आवास छोड़ देंगे। चड्ढा ने कहा, उनके पास कोई संपत्ति या अपना घर भी नहीं है। एक राष्ट्रीय पार्टी के संयोजक के रूप में वह सरकारी आवास के हकदार हैं। केंद्र को उन्हें यह देना चाहिए।

### मोती नगर और नारायणा से चुराई दो स्कूटी बरामद




संवाददाता

नारायणा थाना की पुलिस टीम ने 7 मामलों में शामिल एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान गुलशन के रूप में हुई है। इसके पास से पुलिस टीम ने दो स्कूटी और बटनदार चाकू बरामद किया है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि एसएचओ सतीश कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने इसको गिरफ्तार किया। जिस स्कूटी से यह जा रहा था वह मोती नगर इलाके से चोरी की निकली। इसकी निशानदेही पर फिर एक और स्कूटी बरामद की गई, जो नारायणा थाना इलाके से चुराई गई थी। तलाशी में उसके पास में बटनदार चाकू बरामद किया गया है। गिरफ्तार गुलशन बलजीत नगर का रहने वाला है और अलग-अलग सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

### दो सेकंड की सीसीटीवी फुटेज से प्रापर्टी डीलर पर फायरिंग करने वाले धरे

नई दिल्ली। रंगदारी वसूलने आए बदमाशों तक पहुंचने के लिए मात्र दो सेकंड की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज बुराड़ी पुलिस के लिए मददगार साबित हुई। पुलिस ने फायरिंग करने आए दो बदमाशों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, कौशिक एनक्लेव स्थित प्रापर्टी डीलर के ऑफिस के सामने नौ जुलाई को दो युवक फायरिंग करने के बाद सड़क पर पर्ची फेंककर फरार हो गए थे। पर्ची में 50 लाख रुपये की रंगदारी नहीं देने पर हत्या की धमकी दी गई थी। पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। एसएचओ अजित कुमार की देखरेख में एसआई सुधीर राठी की टीम ने जांच शुरू की। दरअसल, पीड़ित पर बीते साल भी जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें स्थानीय भू माफिया जेल में हैं। पुलिस की जांच जेल में बंद भू माफिया पर टिकी रही, लेकिन कोई सबूत नहीं मिला। जांच से जुड़े पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात में चारी की गई बाइक का इस्तेमाल किया गया था। 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इस दौरान दो सेकंड की फुटेज अहम साबित हुई। फुटेज में फायरिंग कर भाग रहे बदमाश फोन देख रहे थे। पुलिस ने उस समय की सीडीआर और आईपीडीआर का डाटा मंगाया। जांच में कई मोबाइल नंबर मिले। इसके आधार पर शनिवार को हिरंकी से निखिल और मोहित को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि गोगी गिरोह का सन्नी काकरान जेल में बंद है। सन्नी ने फोन पर दोनों को फायरिंग करने का निर्देश दिया था। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट हासिल सन्नी काकरान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौश्रान खुलासा हुआ कि सन्नी बुराड़ी में वर्ष 2022 में हुए अमित गुप्ता हत्याकांड से भी जुड़ा था। पुलिस गोगी गिरोह के दीपक बाक्सर को भी प्रोडक्शन वारंट पर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

## दिल्ली में बिजली के दामों को बढ़ाना चाहती है भाजपा:आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




भाजपा दिल्ली में बिजली की कीमतें बढ़ाना चाहती है। इस बाबत प्रेस वार्ता कर आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि, उत्तर प्रदेश जैसी महंगी बिजली और लंबे पॉवर कट दिल्ली न देखने को मिले, इसके लिए अरविंद केजरीवाल को दोबारा मुख्यमंत्री बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों की 24 घंटे बिजली, सबसे सस्ती बिजली मिलती रहे। इसलिए अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना बहुत जरूरी है।

आतिशी ने कहा कि भाजपा का बिजली मॉडल, सबसे महंगी बिजली और लंबे-लंबे पॉवर कट का है। इस साल गर्मी में गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 8-8 घंटे के पॉवर कट लगे। जबकि अरविंद केजरीवाल का मॉडल, देश में सबसे सस्ती और 24 घंटे बिजली देने का है। बीते जून महीने में दिल्ली ने 8400 मेगावाट की पीक डिमांड के बाद भी कहीं पर पावर कट नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बिजली की कीमतें दिल्ली से 4 गुना ज्यादा हैं। दिल्ली में 400 यूनिट बिजली का बिल 980 रुपए है जबकि भाजपा शासित मध्यप्रदेश में 3800 रुपए और महाराष्ट्र में 4460 रुपए है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने एलजी के जरिए दिल्ली में भी बिजली महंगी करने के लिए कोई न कोई षड्यंत्र जरूर रचेगी, लेकिन हम दिल्ली में बिजली के दाम नहीं बढ़ने देंगे।

आतिशी ने कहा कि भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने राज्य में बिजली कनेक्शन के दाम 250 फीसद बढ़ा दिए हैं। अब उत्तर प्रदेश में गरीब परिवार, गांव में रहने वाले परिवार, किसान परिवार जो 1 किलोवाट के छोटे-छोटे कनेक्शन लेते है, उसके लिए पहले मात्र 1200 रुपए देते थे, लेकिन अब भाजपा की सरकार ने उसे 250 फीसद बढ़ाकर 3000 रुपए कर दिया है। अब अगर किसी को 5 किलोवाट का कनेक्शन लेना है, जो कि एक आम मिडिल क्लास घरों के लिए सामान्य सी बात है, उसे भी भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार ने 118 फीसद बढ़ाकर 7967 रुपए से 17365 रुपए कर दिया है। यानी एक किलोवाट के कनेक्शन के लिए 250 फीसद और 5 किलोवाट के कनेक्शन के लिए 118 फीसद की वृद्धि की गई है।

आतिशी ने कहा कि यह वही उत्तर-प्रदेश की भाजपा की सरकार है, जिसने गर्मी में अपने बड़े शहरों नोएडा, ग्रेटर-नोएडा, गाजियाबाद, साहिबाबाद जैसे शहरों में 8-8 घंटे का पॉवर कट लगाया था। भाजपा के बिजली मॉडल में लंबे-लंबे पॉवर कट और सबसे महंगी बिजली मिलती है। इसलिए दिल्लीवालों के लिए बहुत जरूरी है कि वो फिर से अरविंद केजरीवाल को लेकर आए और दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाए। वरना आज उत्तर प्रदेश जैसी महंगी बिजली और लंबे पॉवर कट दिल्ली में भी देखने को मिलेगी।

आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार का बिजली का मॉडल 24 घंटे बिजली और सबसे सस्ती बिजली है। इस साल दिल्ली में 19 जून को 8400 मेगावाट के पीक डिमांड को बिना किसी लोड शेडिंग के पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि, दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार न सिर्फ 24 घंटे बिजली देती है, बल्कि सबसे सस्ती बिजली देती है। दिल्ली में 37 लाख ऐसे परिवार हैं, जिनका बिजली का बिल जीरो आता है। 200 से 400 यूनिट के बीच बिजली इस्तेमाल करने वाले 15 लाख परिवारों का बिल आधा आता है। उन्होंने दिल्ली और देशभर में भाजपा शासित राज्य सरकारों में 400 यूनिट से ज्यादा के बिजली बिल की कीमतों के आंकड़े को साझा करते हुए कहा कि दिल्ली में 400 यूनिट बिजली का बिल 980 रुपये आता है। गुजरात, अहमदाबाद में 400 यूनिट बिल 2044 रुपये आता है। गुरुग्राम, हरियाणा में 400 यूनिट बिल 2300 रुपये आता है। उत्तर प्रदेश में 2900 रुपये आता है, मध्य प्रदेश में 3800 रुपये आता है और महाराष्ट्र में 4460 रुपये आता है। कई राज्य जहां भाजपा की सरकार है वहां 400 यूनिट बिजली का बिल दिल्ली से 4 गुणा ज्यादा आता है। यानी लंबे-लंबे पॉवर कट और सबसे महँगी बिजली भाजपा का मॉडल है। आतिशी ने कहा कि मैं सभी दिल्लीवालों से कहना चाहती हूं कि जब फरवरी में चुनाव आयेगा, तब सबको मिलकर फिर से अरविंद केजरीवाल को अपना मुख्यमंत्री बनाना है। तभी दिल्ली में 24 घंटे और सबसे सस्ती बिजली मिलती रहेगी। आने वाले 4 महीनों में जबतक मेरे पास दिल्ली का मुख्यमंत्री होने की जिम्मेदारी है, मैं भी दिल्लीवालों की रक्षा करने का पूरा प्रयास करूंगी

## कोचिंग सेंटर: न्यायालय का केंद्र द्वारा नियुक्त समिति को चार सप्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण आईएएस परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत की घटना की जांच कर रही समिति को चार सप्ताह में अंतरिम उपाय संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हुई घटना की जांच के लिए केंद्र सरकार ने ये समिति नियुक्त की थी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वे ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए के लिए बनाई गई नीतियों, विधायी और प्रशासनिक बदलावों से अवगत कराएं। न्यायालय ने कहा कि ओल्ड राजेंद्र नगर में हुई ऐसी घटना को दोबारा होने से रोकने के लिए पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक समान पहल की जानी चाहिए। पीठ ने कहा, ह्यदि जरूरत पड़ी तो हम ओल्ड राजेंद्र नगर जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरे देश में निर्देश जारी करेंगे।




ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट स्थित पुस्तकालय में भारी बारिश के कारण पानी भर गया था, जिससे सिविल सेवा की परीक्षा की तैयार कर रहे तीन अभ्यर्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने पांच अगस्त को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि कोचिंग सेंटर ह्यडेथ चेंबरह्ल बन गए हैं और छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसके लिए उसने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था।

शीर्ष अदालत ने कोचिंग सेंटरों के एक संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले का संज्ञान लिया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के दिसंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी। उक्त आदेश में दिल्ली की अग्निशमन सेवाओं और नगर निकाय को सभी कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे अग्नि सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं। उच्चतम न्यायालय ने याचिका में गंभीरता का अभाव बताते हुए एसोसिएशन पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाते हुए अपील खारिज कर दी और कहा कि जब तक अग्नि सुरक्षा मानदंडों और अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया जाता है, तब तक किसी भी कोचिंग सेंटर को संचालित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने तीन छात्रों की मौत की जांच दिल्ली पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनता को जांच पर कोई संदेह न हो। जान गंवाने वाले तीन छात्रों में उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव (25), तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल के नेविन डेल्विन (24) शामिल हैं। घटना के बाद से विभिन्न कोचिंग संस्थानों में नामांकित छात्रों ने कोचिंग सेंटरों में बेहतर सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था।

## लगातार सड़कें धंसने से डरे हुए जनकपुरी इलाके के लोग

- पूर्व मेयर ने कहा मरम्मत की बजाय मलबा डाल छोड़ देते
- घटिया सामग्री का करते इस्तेमाल इसलिए हो रहा है हाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली का सबसे पॉश इलाकों में एक जनकपुरी के लोग लगातार सड़क धंसने से डरे हुए हैं। कहां कब सड़क धंस जाए कहना मुश्किल है। क्योंकि यह सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट सेंटर के सामने वाले प्रोफेसर जोगिंदर सिंह मार्ग पर सड़क धंस गई थी। पूर्व मेयर नरेंद्र चावला का कहना है, की इस जगह पर पहले भी सड़क धंसी थी। इससे चार दिन पहले ओल्ड पंखा रोड वाली सड़क धंस गई थी। यहां पर कई फुट गहरा गड्ढा हो गया था, उसे अभी तक भरा नहीं गया है। सिर्फ मलबा डालकर वैसे ही छोड़ दिया गया है।

सड़क को मरम्मत नहीं करने की बजाय वैसे ही मलबा डालकर छोड़ने की वजह से पिक आवर में सुबह और शाम यहां पर काफी जाम लगता है। यह सड़क नजफगढ़ रोड और पंखा रोड को जोड़ने वाला प्रमुख रोड है। इसके एक तरफ मिलाप नगर कालोनी दूसरी तरफ जेजे कलोनी, पंखा रोड उत्तम नगर है। काफी संख्या में यहां लोग रहते हैं, को काम के सिलसिले में बाहर जाते हैं। उनको इसकी वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके पहले पोसंगीपुर के भगवान वाल्मीकि मार्ग पर भी सड़क धंस गई थी। वहां भी मलबा डाल करके बंद कर दिया गया, लेकिन पूरी तरह रिपेयर नहीं किया गया है। जनकपुरी निवासी और पूर्व मेयर नरेंद्र चावला ने कहा कि यह इसलिए हो रहा है क्योंकि जो सड़कें बनाई जा रही है उसमें ठेकेदार के द्वारा सही मेटेरियल पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है, उसपर किसी का ध्यान नहीं होने के कारण लगातार यह हालत जनकपुरी विधानसभा के इलाकों में हो रही है।

बी - 1 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के जनरल सेक्रेट्री अमित गुलाटी का कहना है की सड़क धंसने से एक तरफ जहां जान माल का खतरा बना रहता है, वहीं दूसरी तरफ ट्रैफिक को लेकर भी लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास करके पीक आवर में लोग काफी परेशान होते हैं। हद तो तब हो जाती है जब गड्ढे को मरम्मत करके ठीक करने की बजाय उसपर मलबा डालकर काफी समय तक यूं ही छोड़ दिया जाता है। जिनके जिम्मे ये काम है, उनको जिम्मेदारी से करना चाहिए।

### 2550 क्वार्टर शराब संग तस्कर गिरफ्तार

संवादाता

द्वारका जिला के जेल बेल सेल की टीम ने शराब तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। इसमें 2550 क्वार्टर देसी शराब और शराब तस्करी में इस्तेमाल,20 कार को भी पुलिस ने जब्त किया है। बरामद शराब सिर्फ हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य थी। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि ठाकुर उर्फ लवली के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर मनजीत की देखरेख में सहायक सब इंस्पेक्टर हंस कुमार की पुलिस टीम ने लवली को ओल्ड ककरोला रोड पर ट्रैप लगाकर गिरफ्तार किया। जब यह हरियाणा से शराब की खेप लेकर,20 कार में आया था और इसे द्वारका इलाके में आगे सप्लाई करना था। इसके खिलाफ द्वारका नॉर्थ थाना में दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया। पूछताछ में पता चला कि यह दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके का रहने वाला है। पहले से एक्साइज एक्ट और चोरी के 11 मामलों में या शामिल रहा है।

## वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 भारत के भवन निर्माण सामग्री उद्योग में क्रांति लाने के लिए तैयार: 1,000 से अधिक उद्योग जगत के नेताओं के साथ राजकोट में रोड शो शुरू हुआ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारत के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित भवन निर्माण सामग्री एक्सपो, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 की भव्य प्रस्तावना में, राजकोट में एक सफल रोड शो आयोजित किया गया, जिसमें 1,000 से अधिक प्रसिद्ध आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर, बिल्डर और उद्योगपति शामिल हुए। यह एक्सपो देश के निर्माण सामग्री क्षेत्र के लिए एक परिवर्तनकारी कार्यक्रम बनने जा रहा है, जिसकी मुख्य प्रदर्शनी 13-16 अप्रैल, 2025 को यशोभूमि, नई दिल्ली में होने वाली है।

बॉलीवुड आइकन सुनील शेट्टी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम करने के साथ, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 का लक्ष्य स्थिरता पर भारत सरकार के फोकस के साथ तालमेल बिठाना, स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना, किफायती आवास को आगे बढ़ाना और तेजी से विकसित हो रहे निर्माण सामग्री बाजार में डिजिटलीकरण को अपनाना है, जिसका मूल्य 240 अमेरिकी डॉलर है। अरब. इस आयोजन से इस क्षेत्र में भारत की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो देश के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की ताकत को उजागर करेगा।




राजकोट रोड शो ने आयोजन की अगुवाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित किया, जिसमें इंडियन लैमिनेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, इंडियन स्मॉल स्केल पेंट एसोसिएशन, गुजरात पेंट एसोसिएशन और राजकोट हार्डवेयर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन सहित विभिन्न उद्योग संघों के प्रमुख सदस्य शामिल हुए। इन संघों की उत्साही भागीदारी भारत के निर्माण सामग्री उद्योग में नवाचार और विकास को बढ़ावा देने में इस कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ती है।

राजकोट रोड शो पूरे भारत और 20 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों पर 70 से अधिक नियोजित रोड शो की श्रृंखला में पहला था। प्रत्येक रोड शो उन विशाल अवसरों को प्रदर्शित करेगा जो वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए पेश करता है।यह एक्सपो 50,000 वर्ग मीटर में फैला होगा, जिसमें 100 से अधिक देशों के 600 से अधिक प्रदर्शक, 150,000 घरेलू आगंतुक और 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार शामिल होंगे। हार्डवेयर, स्नान फिटिंग, सिंक, प्लाइवुड, सिरेमिक टाइल्स और अधिक से लेकर 12 क्षेत्रों और 18 उत्पाद श्रेणियों के साथ, यह आयोजन भारत के निर्माण सामग्री परिदृश्य का व्यापक अवलोकन प्रदान करेगा।

कार्यक्रम के आयोजकों ने भारतीय निमार्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में एक्सपो के महत्व पर जोर दिया। आयोजन समिति के एक प्रतिनिधि ने कहा, उत्पादों और समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करने के अलावा, वाइब्रेंट बिल्डकॉन भारत के विभिन्न राज्यों के विभिन्न विनिर्माण समूहों का प्रतिनिधित्व करेगा, जो भारत के विनिर्माण परिदृश्य की विविधता और ताकत को रेखांकित करेगा।

यह आयोजन भारतीय निमार्ताओं को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से जुड़ने, निर्यात क्षमता बढ़ाने और भारत के औद्योगिक विकास में योगदान करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा। वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 वैश्विक निर्माण सामग्री बाजार में भारत की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए तैयार है, प्रवक्ता ने कहा।

## हाल में जेल से छूटे और फिर करनी टारगेट

संवादाता

द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने दो हैबिच्युआल ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी का दो ई रिक्शा, चार ई रिक्शा की बैटरी, मोबाइल इत्यादि बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इरशाद और दानिश के रूप में हुई है। ये हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आए थे और इसके बाद फिर से वारदात को अंजाम देने लगे। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने पांच मामलों का खुलासा करने का दावा किया है।

जिसमें ऑटो लिफ्टिंग और चोरी के मामले शामिल हैं।डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार 8- 9 सितंबर की आधी रात मोहन गार्डन इलाके से एक ई रिक्शा चोरी हुई थी। जब ई रिक्शा के ओनर ने घर के पास ही रिक्शा को रात में पार्क किया था। सुबह जब उठा तो उसका रिक्शा वहां से गायब था। उस मामले में मोहन गार्डन थाना में एफआईआर दर्ज किया गया। इस मामले को सुलझाने के लिए एएटीएस की टीम को लगाया गया।इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल राजेश, राकेश, जयराम और कांस्टेबल शीशपाल इत्यादि की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। आसपास के इलाके में लगभग 10 किलोमीटर में लगे कई सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और उसके आधार पर इन दोनों के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। इन दोनों को द्वारका सेक्टर 3 जेजे कॉलोनी इलाके से ट्रैप लगाकर गिरफ्तार किया गया। जब यह लोग चोरी की ई रिक्शा से इलाके में घूम रहे थे। पूछताछ से पता चला कि इरशाद पहले से भी दो मामलों में शामिल रहा है और दानिश पर एक मामले पहले से चोरी के चल रहे हैं। यह लोग ई रिक्शा और बैटरी चोरी करते थे, बाद में उसे दूसरे को बेच दिया करते थे। इनकी गिरफ्तार से बिंदापुर मोहन गार्डन उत्तम नगर और निहाल विहार थाना के पांच मामलों का खुलासा करने का पुलिस ने दावा किया है। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है।

### 35 आपराधिक मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। आनंद विहार पुलिस ने गुरुवार को 35 आपराधिक मामलों में शामिल एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 14 जुलाई को किरन विहार निवासी एक व्यक्ति ने उनके घर के बाहर खड़ी कार की बैट्री चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसके बाद स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपी की पहचान साउथ अनारकली, जगतपुरी निवासी बलबीर उर्फ कचोड़ी के रूप में हुई। इसके कब्जे से चोरी की गई कार की बैट्री भी बरामद कर ली गई। बाद में बैकग्राउंड जांच में आरोपी पर 35 आपराधिक मामले पहले से दर्ज मिले।

### एम्स के ऑप्टेमेटेरी छात्र की 19वें दिन भी हड़ताल जारी

नई दिल्ली। एम्स दिल्ली में बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री के लिए मानक करिकुलम उपलब्ध नहीं होने पर छात्रों का 19वें दिन शुक्रवार को भी प्रदर्शन जारी रहा। वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर निदेशक के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे हैं। दरअसल, छात्र नए करिकुलम लागू करने की मांग कर रहे हैं, ताकि उन्हें पाठ्यक्रम से लेकर मौखिक और व्यावहारिक परीक्षा की लिखित जानकारी उपलब्ध हो सके। साथ ही कोर्स कैलेंडर के मुताबिक वह अपनी शैक्षिक तैयारियां पूरी कर सकें। छात्रों का कहना था कि अचानक बताया जाता है कि इस तारीख से आपकी परीक्षा है। इस वजह से छात्रों को परीक्षा की समयबद्ध तैयारी करने का अवसर नहीं मिल पाता है। छात्रों का आरोप है कि मानक करिकुलम के बाबत केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से करीब आठ साल पहले एम्स प्रशासन को निर्देश जारी कर चुका है, मगर आज तक लागू नहीं किया गया है। छात्रों ने बताया कि फैकल्टी भी पर्याप्त संख्या में नहीं हैं। इस कोर्स की पढ़ाई दूसरे कोर्स के फैकल्टी या प्रोफेसर कराते हैं।

## वेतन की मांग को लेकर ईएसआई अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड्स ने की हड़ताल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी के बसई दारापुर स्थित केंद्र सरकार के ईएसआई अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड्स ने शुक्रवार को वेतन और पीएफ की मांग को लेकर हड़ताल कर दी। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के अधिकतर सिक्योरिटी गार्ड आर्मी से रिटायर्ड है और पिछले एक साल से यहां नौकरी कर रहे हैं। लेकिन पिछले चार महीने से उनका वेतन दिया नहीं दिया गया है। साथ ही पिछले 10 महीने से पीएफ भी नहीं दिया जा रहा, जिसके कारण वे बहुत परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले एक साल से कभी भी समय पर सैलरी नहीं मिली और चार महीने से सैलरी के नाम पर आश्वासन ही मिल रहा है। इस समस्या को लेकर जब हम कंपनी से बात करने जाते हैं। वे कहते हैं कि हमें अस्पताल से पेमेंट नहीं मिली। वहीं, अस्पताल प्रशासन से गुहार लगाने पर वो कहते हैं कि सिक्योरिटी कंपनी ने हमें बिल नहीं लगाया। तनख्वाह न मिलने के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो गया है, लेकिन हमारी समस्या सुनने को कोई तैयार नहीं।

नौकरी भी खतरे में: इतना ही नहीं एक सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि कंपनी से शिकायत करने पर कहा जाता है कि काम करना है तो करो, वरना घर जाओ। आज हम हड़ताल कर रहे हैं, क्या पता कल हमें निकाल दिया जाए। हर वक्त डर के माहौल में नौकरी करनी पड़ती है। लेकिन इस बार जब तक हमारा चार महीने का वेतन नहीं दिया जाता, हम काम नहीं करेंगे। अपना वेतन लेने के बाद ही ड्यूटी करेंगे। मरीजों की भी फजीहत: इस संबंध में जब अस्पताल प्रशासन से बात करने की कोशिश की गई, तो उनकी तरफ से बात करने से मना कर दिया गया। वहीं सिक्योरिटी गार्ड्स की हड़ताल के कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को झेलना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ओपीडी के अलग-अलग विभागों के बाहर व्यवस्था बनाने का काम ये गार्ड्स ही करते हैं।

## राष्ट्रीय पार्टी आप के राष्ट्रीय संयोजक को सरकारी आवास आवंटित करे केंद्र सरकार, यह सुविधा नहीं, साधन है : राघव चड्ढा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को सुचारू रूप से अपना कामकाज करने के लिए केंद्र सरकार से सरकारी आवास आवंटित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा नहीं, बल्कि साधन है। अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। लिहाजा वह मुख्यमंत्री के रूप में मिली आवास समेत सभी सुविधाएं जल्द त्याग देंगे। चूंकि ह्यआपह्ल एक राष्ट्रीय पार्टी है और नियमानुसार, हर राष्ट्रीय पार्टी को देश की राजधानी दिल्ली में एक कार्यालय और राष्ट्रीय संयोजक को एक सरकारी आवास मिलता है। देश में कई राष्ट्रीय पार्टियां हैं और उनके राष्ट्रीय संयोजक को कार्यालय के साथ एक सरकारी आवास मिला भी है। उन्होंने कहा कि 10 साल दिल्ली का मुख्यमंत्री होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल के पास अपना कोई घर नहीं है। इसलिए पार्टी आवास एवं शहरी मामलों के नोडल मंत्रालय को पत्र भी लिख रही है, ताकि जल्द से जल्द एक सरकारी आवास आवंटित हो सके।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे से पूरे देश में एक बात साबित हो गई है कि केजरीवाल को सीएम की कुर्सी, पद या पावर का लालच नहीं है। उन्हें सिर्फ देश की राजनीति में नैतिकता और मयार्दा का लालच है। केजरीवाल ने इसी नैतिकता और मयार्दा को ऊपर रखते हुए अपनी ईमानदारी की अग्निपरीक्षा देने का फैसला दिया। हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां एक चपरासी भी अपनी नौकरी से इस्तीफा नहीं देता और अपनी कुर्सी से चिपका रहता है। इस कलयुग में अरविंद केजरीवाल ने दो बार मयार्दा और नैतिकता को मानते हुए अग्निपरीक्षा दी और दो बार मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। पहली बार उन्होंने 49 दिन की सरकार चलाने के बाद नैतिकता और मयार्दा को महत्व देते हुए इस्तीफा दे दिया था।

राघव चड्ढा ने कहा कि किसी संविधान, कानून या कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा। लेकिन उन्होंने जनता की अदालत को चुना है। आज एक साधारण सा दिल्ली का पार्षद जब अपने पांच साल का कार्यकाल पूरा करता है तो इतने समय में ही वह अपने लिए बड़ी गाड़ियां, बड़े महल, कोठियां, जमीन और संपत्ति बना लेता है। ऐसे कई उदाहरण हैं, कभी जो काउंसलर बनने के समय स्कूटर पर प्रचार करते थे, वो आज बीएमडब्ल्यू में घूमते हैं और दो-तीन हजार गज की कोठी में रहते हैं। दूसरी तरफ, अरविंद केजरीवाल इस राजनीति में नैतिकता, ईमानदारी, मयार्दा और शुद्धता का उदाहरण हैं कि 10 साल से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहने के बाद भी आज उनके पास अपना घर या संपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपना घर न होने के कारण सरकारी निवास छोड़ने के बाद एक दूसरे निवास स्थान में रहने के लिए जाएंगे। वह बतौर मुख्यमंत्री मिलने वाली अपनी सारी सुविधाओं का त्याग करके जनता की अदालत में जाएंगे। क्योंकि यह लड़ाई सत्ता बदलने की नहीं, व्यवस्था बदलने की है।

राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस देश में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली पार्टी है।

## युवक के लिए बुजुर्ग का पासपोर्ट लाने वाला धरा




एयरपोर्ट पर बीते जून में बुजुर्ग बनकर कनाडा जा रहे शख्स के एक अन्य साथी को एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी परमबीर सिंह ने ही फर्जी पासपोर्ट का इंतजाम किया था। उसके दो अन्य एजेंट साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि 18 जून को 67 वर्षीय राशविंद्र सिंह कनाडा जाने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। इमिग्रेशन ने जांच में पाया कि उनकी आवाज और त्वचा उम्र से मेल नहीं खा रही है। पूछताछ में उसकी पहचान 24 वर्षीय गुरुसेवक सिंह के रूप में हुई थी, जो बुजुर्ग की वेशभूषा में था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपनी पत्न ी के साथ अमेरिका जाना चाहता था। जगजीत सिंह उर्फ जग्गी ने 60 लाख रुपये में दोनों को अमेरिका भेजने का वादा किया था। उसने 30 लाख रुपये एजेंट को पेशगी के तौर पर दे दिए थे। जग्गी ने युवक के लिए राशविंद्र सिंह, जबकि उसकी पत्नी के लिए हरजीत कौर के नाम से पासपोर्ट का बंदोबस्त किया था। जग्गी के कहने पर युवक ने सैलून में जाकर बुजुर्ग का गेटअप तैयार किया था, लेकिन एयरपोर्ट पर फजीर्वाड़ा पकड़ा गया। यह देखकर उसकी पत्नी बाहर निकल गई थी, लेकिन उसे भी पुलिस ने पकड़ लिया। इस मामले में एजेंट जगजीत सिंह और गुरुमुख सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गुरुमुख ने बताया था कि परमबीर सिंह भी कबूतरबाजी में शामिल था। पुलिस ने इस मामले में परमबीर सिंह को यूपी के पुरनपुर से गिरफ्तार कर लिया है। वह रुद्रपुर में वीजा सलाहकार का काम करता है। जगजीत सिंह और गुरुमुख के कहने पर उसने बुजुर्ग के सापपोर्ट का बंदोबस्त किया था।

# संघ प्रमुख के अनुसार हिंदू समाज पर राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति की जिम्मेदारी



-कृष्णमोहन झा-

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हिंदू समाज को राष्ट्र का कर्ताधर्ता बताते हुए कहा है कि हिंदू समाज इसका उत्तरदायी है। इस राष्ट्र का कुछ अच्छा होता है तो हिन्दू समाज की कीर्ति बढ़ती है और इस राष्ट्र में कुछ गडबड होता है तो हिन्दू समाज को उसका दोष हिंदू समाज पर आता है क्योंकि वही इस राष्ट्र का कर्ताधर्ता है। संघ प्रमुख ने राष्ट्र को परम वैभव संपन्न और सामर्थ्यवान बनाने के लिए पुरुषार्थी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि हमें समर्थ बनना है तो सबको उसके योग्य बनाना होगा।

सरसंघचालक ने राजस्थान के अलवर में संघ के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं वह सच्चे अर्थों में मानव धर्म है, जो विश्व है जो सबके कल्याण की कामना लेकर चलता है। हिंदू मतलब विश्व का उदारतम मानव जो सब कुछ स्वीकार करता है, सबके लिए सद्भावना रखता है, पराक्रमी पूर्वजों का उसका वंशज है। संघ प्रमुख ने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए कहा कि जो विद्या का उपयोग विवाद पैदा करने के लिए नहीं,ज्ञान देने के लिए करता है, जो धन का उपयोग दान देने के लिए करता है, और अपनी शक्ति का उपयोग निर्बलों की रक्षा के लिए करता है, यह जिसका शील है, जिसके ऐसे संस्कार हैं,वह हिंदू है। चाहे वे पूजा किसी की भी करता हो, भाषा कोई बोलता हो, किसी भी जात पात में जन्मा हो,कोई भी भाषा बोलता हो, किसी भी प्रांत का रहने वाला हो, किसी भी खान पान और रीति-रिवाज को मानता हो,वह हिंदू है, ये मूल्य और संस्कृति जिनकी है वे सब हिन्दू हैं।

संघ प्रमुख ने कहा कि हम अपने धर्म को भूलकर स्वार्थ के आधीन हो गये इसलिए छुआछूत और ऊंच नीच का भाव बढ़ा। हमें इस भाव को मिटाना है। जहां संघ प्रभावी है, संघ की शक्ति है, वहां कम से कम सब मंदिर, पानी और श्मशान सब हिंदुओं के लिए खुले होंगे। मोहन भागवत ने इस काम के लिए समाज का मन बदलने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता के माध्यम से यह परिवर्तन संभव है। सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का भाव और नागरिक अनुशासन,इन पांच विषयों को मन में उतारना है। मोहन भागवत ने कहा कि जब इन पांच बातों को स्वयं सेवक अपने जीवन में उतारेंगे तो समाज भी उनका अनुसरण करेगा।

मोहन भागवत ने कहा कि अगले वर्ष संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। संघ की कार्यपद्धति जारी है। इन सौ सालों में संघ की स्वीकार्यता निरंतर बढी है। पहले संघ को न कोई जानता था और न कोई मानता था लेकिन अब सब जानते भी हैं और मानते भी हैं। संघ प्रमुख ने अपनी इस बात को रेखांकित किया कि संघ का विरोध करने वाले भी जुबान से भले ही संघ का विरोध करें लेकिन मन से तो मानते ही हैं इसलिए हमें राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति और हिन्दू समाज का संरक्षण करना है।

संघ प्रमुख ने अपने अलवर प्रवास के दौरान यहां बालनाथ आश्रम में आयोजित महामृत्युंजय यज्ञ कार्यक्रम में भी भाग लिया। उन्होंने यज्ञ मंडप में विधिवत पूजा अर्चना कर देश की सुख शांति, और समृद्धि सुरक्षा व प्रगति के लिए कामना की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में संघ ने कहा कि सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए यज्ञ परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है। सनातन धर्म के साथ भारत है और भारत के साथ सनातन धर्म है। हमारी संस्कृति यज्ञमय संस्कृति है। संघ प्रमुख ने अलवर में संघ के प्रचारकों से फीड बैक लिया और संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार के सिलसिले में स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। संघ प्रमुख अलवर के मातृवन में पौधारोपण भी किया।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)

# भारतीय न्यायिक संहिता में तीन नया कानून

-संजय गोस्वामी-

भारतीय न्यायिक संहिता में तीन नया कानून, ईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम, का उद्देश्य देश में विभिन्न अपराधों, उनकी सजाओं और आपराधिक न्याय प्रणाली को परिभाषित करना है। सिस्टम में आमूल-चूल परिवर्तन आवश्यक है। जारी अधिसूचना के अनुसार, भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली से संबंधित तीन नए कानून, अर्थात नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्यायिक (कानून) संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य (कानून) संहिता 2023, जुलाई से लागू होने वाले हैं। गृह मंत्रालय द्वारा भारतीय दंड संहिता, आपराधिक संहिता और साक्ष्य अधिनियम को भारतीय न्यायिक संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। संसद में कानूनों के पारित होने और उनके कार्यान्वयन के बीच देरी के कारण न्यायाधीशों द्वारा जारी कानूनों, नियमों और विनियमों में बदलाव के बारे में सूचित रहना आवश्यक हो जाता है। गृह मंत्री ने घोषणा की कि संसद द्वारा पारित तीन विधेयक मौजूदा कानूनों की जगह लेंगे और घरेलू न्याय प्रणाली में सुधार के लंबे समय से प्रतीक्षित सपने को पूरा करेंगे। भारतीय न्यायिक संहिता ने पहली बार आतंकवाद शब्द को परिभाषित किया है, जिससे इसे नए कानून की धारा 113(1) के तहत दंडनीय अपराध बना दिया गया है। यह अधिनियम आतंकवाद और उसके विभिन्न रूपों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है। राज्य की अवधारणा पर लंबे समय से जोर दिया जाता रहा है। पहले, इन अपराधों को संविधान और न्यायपालिका में राज्य के विरुद्ध अपराध के रूप में वर्गीकृत किया गया था। विशिष्ट कानून मौजूद थे, लेकिन अब आर्थिक खतरों को आतंकवादी कृत्यों के रूप में शामिल किया गया है। कूड़ा पैदा करने और तलछटी स्थिरता को अस्थिर करने जैसी गतिविधियों पर भी अब विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कोई भी कार्रवाई जो राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालती है या जिसमें व्यक्तियों का अपहरण और हत्या शामिल है, आतंकवादी गतिविधियां मानी जाएंगी। आतंकवाद में शामिल लोगों के लिए कारावास सहित दंड निर्दिष्ट हैं। इसका उद्देश्य देश की एकता और अखंडता की रक्षा करना है। भारतीय न्यायिक संहिता में अब महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों पर अध्याय शामिल हैं और वर्तमान रुझानों को संबोधित करने के लिए इसे अद्यतन किया गया है। इसके अलावा, 18 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार के संबंध में संहिता के प्रावधानों में संशोधन किए गए हैं। 18 वर्ष से अधिक उम्र की नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार के मामलों में अब आजीवन कारावास या मौत की सजा अनिवार्य है। कानून निर्दिष्ट करता है कि दोषी 10 वर्ष से कम उम्र में बलात्कार के लिए कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा, जिसमें संभावित आजीवन कारावास और जुमार्ना भी शामिल है। इसके अलावा, सामूहिक बलात्कार के मामलों में सजा या तो 20 साल की कैद या आजीवन कारावास होगी। नए प्रावधान शादी और नौकरी की स्थिति जैसे बहानों के साथ-साथ कपड़े बदलने और महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने जैसे अपराधों को भी संबोधित करते हैं। भारतीय न्यायिक संहिता में अब जाति, समुदाय, लिंग, जन्म, स्थान, भाषा या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर भेदभाव के लिए दंड के साथ मॉब लिंचिंग और जघन्य हत्या के प्रावधान शामिल हैं।

# सवालों के घेरे में वक्फ बोर्ड

**कायदे से वे सम्पत्तियां पाकिस्तान में चले गए क्षेत्रों से आने वाले हिंदू-सिखों में बांटी जानी चाहिए थीं। कुछ सीमा तक ऐसा हुआ भी। लेकिन कांग्रेस सरकार ने एक झटके से वह सारी सम्पत्ति वक्फ बोर्ड के हवाले कर दी। ध्यान रहे वक्फ बोर्ड का अभिप्राय है, यानी दस-पंद्रह सैयदों या शेखों के हवाले कर दी। पाकिस्तान जाने वाले मुसलमान अपनी सम्पत्ति मजहबी संस्थाओं के लिए दान करके नहीं गए थे। वे अपनी इच्छा या विवशता में भारत विरोध के कारण पाकिस्तान गए थे। इसलिए इस्लाम की मंशा के अनुसार भी उनकी सम्पत्ति वक्फ की तो हो ही नहीं सकती थी। वह सरकार के पास जानी चाहिए थी। लेकिन कांग्रेस भी अंग्रेज सरकार की तरह देसी मुसलमानों पर शिकंजा बनाने के लिए सैयदों और शेखों के आगे ही सिजदा करने लगी थी।**






-कुलदीप चंद अग्निहोत्री-

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)

वक्फ अरबी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ ऐसी सम्पत्ति से है जो परमार्थ के लिए दान कर दी गई हो। परमार्थ कार्यों में मजहबी कार्यक्रम भी शामिल किए जा सकते हैं। लेकिन दान करते समय दान करने वाले को यह भी स्पष्ट करना होगा कि अब वह या उसके वारिस इस सम्पत्ति को वापस नहीं ले सकेंगे। जो सम्पत्ति कुछ निश्चित समय के लिए दान में दी जाए और दान देते समय ही स्पष्ट कर दिया जाए कि पांच साल के लिए इस सम्पत्ति की आय का उपयोग परमार्थ के लिए किया जा सकता है, उसके बाद सम्पत्ति दान करने वाले के पास वापस लौट जाएगी तो वह वक्फ नहीं माना जाएगा। परोक्ष रूप से वक्फ सम्पत्ति अब दान करने वाले की रहती ही नहीं। इसलिए वापस लेने का प्रश्न ही समाप्त हो जाता है। यदि वह वक्फ वापस लेना भी चाहे तो यह सम्भव नहीं है। जो व्यक्ति अपनी सम्पत्ति को वक्फ के लिए देता है, उसे वाकिफ कहते हैं। वक्फ की गई सम्पत्ति को प्रबंध करने के लिए वाकिफ किसी मुतावली (न्यासी) की व्यवस्था करेगा। इस व्यवस्था के लिए मुतावली जो मेहनत करेगा, उसकी एवज में उसी वक्फ की आमदनी का कुछ हिस्सा मिल सकता है। कुल मिला कर वक्फ किसी व्यक्ति का व्यक्तिगत मामला है। वह अपनी सम्पत्ति के प्रबंधन के लिए किसी मुतावली अर्थात न्यासी के हवाले कर देता है और उसका प्रयोग केवल परमार्थ के लिए हो सकता है। लेकिन वह अपनी सम्पत्ति किसी ऐसे मुतावली को भी दे सकता है जो पहले ही किसी सम्पत्ति का परमार्थ के लिए प्रबंधन कर रहा हो।

यानी पहले से ही बने हुए किसी ट्रस्ट को भी सम्पत्ति दान की जा सकती है, यदि दान का उद्देश्य एक समान हो। यह पद्धति हिंदोस्तान में इस्लाम के पैदा होने से भी पहले से चली आ रही है। भारत में लाखों मंदिर, अनाथालय, गोशालाएं, पाठशालाएं और गुरुकुल इत्यादि इसी पद्धति से चलते थे और अभी भी चलते हैं। अंग्रेजों के आने से पहले भी मस्जिदें, दरगाहें, मदरसे, यतीमखाने वगैरह भी इसी पद्धति से चलते थे। वक्फ, वाकिफ और मुतावली शब्द क्योंकि अरबी भाषा के हैं, इसलिए लगता है कि शायद यह कोई नई योजना है जो इस्लाम के पैदा होने के बाद से ही दुनिया में प्रकट हुई है। लेकिन वक्फ को लेकर असली काला धंधा 1857 के बाद हुआ और यह ब्रिटिश सरकार द्वारा विशेष उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए किया गया। 1857 में आजादी की पहली लड़ाई में सभी भारतीयों ने मिल कर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इसमें देसी मुसलमान भी शामिल थे। यहां तक एकता थी कि स्वतंत्रता संग्रामियों ने उसी मुगल वंश के बहादुरशाह को हिंद का बादशाह घोषित कर दिया जिस मुगल वंश से देश को आजाद करवाने के लिए शिवाजी मराठा, महाराणा प्रताप, गुरु गोबिंद सिंह, बंदा बहादुर, लचित बडफूकन जैसों ने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उद्देश्य केवल इतना था कि एकता बनी रहनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से इस स्वतंत्रता संग्राम में भारत की हार हुई और भारत पर ब्रिटेन का प्रत्यक्ष कब्जा हो गया।

1885 में कांग्रेस का जन्म हुआ और उसका उत्तर देने के लिए अंग्रेजों ने मेजर आप्रेशन से 1905 में मुस्लिम लीग को पैदा किया। 1857 के संग्राम पर मंथन किया गया। एक बात अंग्रेजों को स्पष्ट होने लगी थी कि भारत में अरब, तुर्क व मुगल (एटीएम) मूल के मुसलमान संख्या में तो आटे में नमक के बराबर हैं, लेकिन भारत में से उनकी सत्ता का अंत हो जाने से उनका कष्ट हजार गुणा बढ़ा हुआ है। वे यह भी समझ चुके हैं कि अब वे अपने बलबूते भारत पर दोबारा कब्जा नहीं कर सकते। अब उनके लिए एक ही रास्ता बचा है कि डूबते जहाज में से जो बच जाए वही गनीमत है।

उनकी अपनी सत्ता का जहाज तो डूब ही चुका था। अब केवल उन्हें तिनकों का सहारा चाहिए था। ये तिनके देने में अंग्रेजों को भला क्या आपत्ति हो सकती थी। पहला तिनका मुस्लिम लीग थी, जो अंग्रेजों ने उनको 1905 में दिया था। मुस्लिम लीग पर कब्जा विदेशी मूल के शेखों और सैयदों का ही था। भारत के देसी मुसलमानों का उससे कुछ लेना-देना नहीं था। लेकिन ब्रिटिश सरकार की योजना देसी मुसलमानों को एटीएम मूल के मुसलमानों के शिकंजे में कसना था। उसके लिए मुस्लिम लीग बना भी ली। लेकिन उसके लिए पैसे का बंदोबस्त भी करना जरूरी था। अंग्रेज सरकार अपनी ओर से पैसा दे सकती थी, लेकिन अंग्रेज यहां का पैसा इंग्लैंड ले जाने के लिए आए थे, न कि यहां के कामों पर खर्च करने के लिए। इसका एक ही तरीका हो सकता था। देश भर में फैले मदरसों, वक्फों, मस्जिदों, दरगाहों, तुर्काक व मुगल शासन काल के दौरान इन विदेशी मूल के बादशाहों द्वारा रखी गई अरबों की सम्पत्तियों का नियंत्रण जनादेश एटीएम मूल के शेखों और सैयदों के हवाले कर दिया जाए। उससे दो लाभ होंगे। ये सैयद और शेख अंतिम दम तक अंग्रेज सरकार का समर्थन करेंगे। दूसरा ये देसी मुसलमानों पर नियंत्रण रखेंगे ताकि वे आजादी के आंदोलन से दूर रहें। तीसरी वक्फ सम्पत्तियों के केन्द्रीयकरण से एटीएम मूल के मुसलमानों के हाथ में अपार ताकत आ जाएगी और भारत में ही मजहब के नाम पर एक पक्ष खड़ा हो जाएगा। चौथा स्थानीय देसी मुसलमानों के हाथ से दरगाहों, मस्जिदों के प्रबंधन में हिस्सेदारी की संभावना सदा के लिए खत्म हो जाएगी और वे कभी भी स्वयं को विदेशी मूल के शेखों और सैयदों के कब्जे से मुक्त होने के बारे में सोचना भी बंद कर देंगे। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अंग्रेज सरकार ने मुस्लिम लीग की स्थापना के सात-आठ साल बाद ही वक्फ बोर्डों की स्थापना के कानून बना दिए। इस बोर्ड में कुल मिला कर गिनती के सदस्य होते हैं। वे मोटे तौर पर एटीएम मूल के सैयद, तुर्क या मुगल ही होते थे। इनके हाथ में देश की करोड़ों की सम्पत्ति का कब्जा दे दिया गया। बाद में जब मुस्लिम लीग, ब्रिटिश सरकार की साजिश और कांग्रेस की जल्दी सत्ता प्राप्ति की भूख से भारत का एक हिस्सा पाकिस्तान के नाम से अलग हो गया तो जो मुसलमान हिंदोस्तान छोड़ कर वहां चले गए, उनकी यहां रह गई सम्पत्ति का प्रश्न पैदा हुआ।

कायदे से वे सम्पत्तियां पाकिस्तान में चले गए क्षेत्रों से आने वाले हिंदू-सिखों में बांटी जानी चाहिए थीं। कुछ सीमा तक ऐसा हुआ भी। लेकिन कांग्रेस सरकार ने एक झटके से वह सारी सम्पत्ति वक्फ बोर्ड के हवाले कर दी। ध्यान रहे वक्फ बोर्ड का अभिप्राय है, यानी दस-पंद्रह सैयदों या शेखों के हवाले कर दी। पाकिस्तान जाने वाले मुसलमान अपनी सम्पत्ति मजहबी संस्थाओं के लिए दान करके नहीं गए थे। वे अपनी इच्छा या विवशता में भारत विरोध के कारण पाकिस्तान गए थे। इसलिए इस्लाम की मंशा के अनुसार भी उनकी सम्पत्ति वक्फ की तो हो ही नहीं सकती थी। वह सरकार के पास जानी चाहिए थी। लेकिन कांग्रेस भी अंग्रेज सरकार की तरह देसी मुसलमानों पर शिकंजा बनाने के लिए सैयदों और शेखों के आगे ही सिजदा करने लगी थी। अंग्रेज चले गए थे, लेकिन सत्ता पाने के लिए कांग्रेस ने भी नीति गोरों की ही अपनाई। वक्फ बोर्ड के नाम पर सैयदों और शेखों को पालने का यह ब्रिटिश काल से चला आ रहा काला धंधा है। अब जब भाजपा सरकार ने इसको हिलाना-डुलाना शुरू किया है, तो भारत के देसी मुसलमान तो खुश हैं कि उनको अपनी दरगाहों का नियंत्रण मिल जाएगा, लेकिन एटीएम और कांग्रेस के मोहल्ले में रुदाली रुदन शुरू हो गया है। क्या वक्फ बोर्ड खत्म नहीं होना चाहिए?

# आपने भी खाये होंगे प्रसादम के चर्बी वाले लड्डू

**खबर है की आंध्र में भी दूसरे राज्यों की तरह लागत कम करने के लिए चर्बी मिलाकर देशी घी बनाया जाता है। मजे की बात ये है कि आंध्र प्रदेश की टीडीपी सरकार ने घी सप्लाई का काम 29 अगस्त को केएमएफ को फिर से दे दिया है। केएमएफ नंदिनी ब्रांड का देसी घी सप्लाई करता है। उधर, न्यास ने घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए चार सदस्यीय विशेष समिति बना दी है। अब गौर करने की बात ये है की एनएबीएल घी में चर्बी कि मिलावट की बात मैंने को राजी नहीं है।**





-राकेश अचल-

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)

देश की सियासत में ही गिरावट नहीं आयी है बल्कि कारोबार में भी गिरावट आ गयी है। भारत के सबसे अमीर माने जाने वाले तिरुपति मंदिर के प्रसादम हेतु बनाये जाने वाले लड्डू भी इस गिरावट के शिकार हो गए है। लड्डू बनाने वाले इनके निर्माण में देशी घी के बजाय चर्बी का इस्तेमाल करते आये हैं। अब इसकी पुष्टि भी हो गयी है, लेकिन न भगवान तिरुपति इन अधम लोगों का कुछ बिगाड़ पाए हैं और न आंध्र प्रदेश की सरकार इनका कुछ बिगाड़ पायेगी। हाँ प्रसादम के लड्डुओं की अपवित्रता को लेकर राजनीति अवश्य होने लगी है।

आपको बता दूँ कि तिरुपति मंदिर में शुद्ध देसी घी के रोज 3.50 लाख लड्डू बनते हैं। आंध्र के मुख्यमंत्री और टीडीपी सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार, दो दिन पहले जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पिछली वायएसआरसीपी सरकार पर तिरुपति प्रसाद में पशु चर्बी मिलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि जगन मोहन सरकार ने प्रसादम की पवित्रता खंडित कर दी है। तेलुगु देशम पार्टी ने तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम बनाने के लिए भेजे गए गाय के घी के सैंपल की लैब रिपोर्ट दिखाई। टीडीपी प्रवक्ता अनम वेंकट रमना रेड्डी ने दावा किया कि इसमें गोमांस और सुअर की चर्बी के अलावा फिश ऑयल की पुष्टि की गई है। वेंकट रमना रेड्डी ने गुरुवार, 19 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में लैब रिपोर्ट सार्वजनिक की। उन्होंने बताया कि गुजरात स्थित लाइवस्टॉक लेबोरेटरी, एनडीडीबी लिमिटेड को 9 जुलाई, 2024 को सैंपल भेजा गया था। लैब रिपोर्ट 16 जुलाई को मिली। सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फूड गुजरात के आनंद में स्थित (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड बोर्ड) की लेबोरेटरी है।

चंद्रबाबू नायडू कहते हैं कि पिछले 5 साल में वायएसआरसीपी के नेताओं ने तिरुमाला की पवित्रता को धूमिल किया। तिरुमाला के पवित्र लड्डू में घी की जगह जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया। हालांकि, अब हम प्रसादम में शुद्ध घी का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की पवित्रता की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। नायडू ने कहा कि जिस कंपनी से घी लिया जा रहा था, उससे करार खत्म कर ब्लैक लिस्ट कर रहे हैं। मामले की जांच विजिलेंस को सौंप दी गई है। एक साल पहले ही कंपनी को सप्लाई का टेंडर मिला था। लड्डू में चर्बी कांड उजागर होने कि बाद कांग्रेस नेता और जगन मोहन की बहन शर्मिला नेसीबीआई जांच कराने की मांग की है।

एक जानकारी कि मुताबिक मंदिर में प्रसादम कि लड्डू बनाने कि लिए हर छह महीने में 1400 टन घी मंदिर में लगता है। सरकार बीते 50 साल से कर्नाटक कॉपरेटिव मिल्क फेडरेशन रियायती दरों पर ट्रस्ट को घी दे रहा था। जुलाई 2023 में कंपनी ने कम रेट में सप्लाई देने से मना कर दिया, जिसके बाद पिछली जगन सरकार ने 5 दूसरी फर्मों को सप्लाई का काम दिया। इसी साल 17 जुलाई को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की फूड लैब काल्फ ने बताया कि तिरुमाला के लड्डुओं में पशु चर्बी, मछली तेल से बने घी का इस्तेमाल हो रहा है। जांच में एक फर्म का घी मिलावटी मिला था।

इसके बाद जुलाई में तिरुमाला ट्रस्ट के ईओ जे. श्यामला राव ने बैठक कर लडडुओं के नमूने फिर जांच कि लिए प्रयोगशाला भेजे। अब इसकी रिपोर्ट नायडू ने उजागर किया। इसमें पता चला कि घी में बीफ, फिश ऑयल और सुअर की चर्बी मिलाई गई थी तिरुपति मंदिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय और अमीर धर्मस्थलों में से है। यहां हर दिन करीब 70 हजार श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करते हैं। इसका प्रशासन तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम संभालता है।

मै कोई दो दशक पहले इस मंदिर में गया था। मै भी प्रसादम कि कुछ लड्डुओं कि पैकेट लेकर आया था। उस समय कि लड्डुयों में चर्बी थी या नहीं ये मुझे ज्ञात नहीं है। मैंने उन लड्डुओं को खुद खाया और अपने नाते-रिश्तेदारों को भी खिलाया था। इस मंदिर परिसर में बनी रसोई कोई आज की नहीं बल्कि तीन सौ साल पुरानी है। इसे ह्यपोटूह्न कहते है। यहां रोज 3.50 लाख लड्डू बनते हैं,वो भी शुद्ध देसी घी के। यह मंदिर का मुख्य प्रसाद है, जिसे करीब दो सैकड़ा ब्राह्मण बनाते हैं। लड्डू में शुद्ध बेसन, बूंदी, चीनी, काजू और शुद्ध घी होता है। मजे की बात ये है कि तिरुपति ट्रस्ट ने करीब एक लाख लड्डू राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के वक्त अयोध्या भेजे थे। अब ये लड्डू किस-किसने खाये,राम ही जानें?

खबर है की आंध्र में भी दूसरे राज्यों की तरह लागत कम करने के लिए चर्बी मिलाकर देशी घी बनाया जाता है। मजे की बात ये है कि आंध्र प्रदेश की टीडीपी सरकार ने घी सप्लाई का काम 29 अगस्त को केएमएफ को फिर से दे दिया है। केएमएफ नंदिनी ब्रांड का देसी घी सप्लाई करता है। उधर, न्यास ने घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए चार सदस्यीय विशेष समिति बना दी है। अब गौर करने की बात ये है की एनएबीएल घी में चर्बी कि मिलावट की बात मैंने को राजी नहीं है। उसके अधिकारियों का दावा है कि शुद्ध घी में कभी भी चर्बी का इस्तेमाल नहीं होता। हालांकि, कई बार उत्पादन लागत कम करने के लिए इनका उपयोग हो रहा है। पिछले साल जब केएमएफ ने सप्लाई रोकी थी, तब उसने दावा किया था कि यदि कोई भी कंपनी इससे कम कीमत पर ट्रस्ट को बोली हासिल करती है तो वह निश्चित तौर पर लड्डू की गुणवत्ता से समझौता करेगी। इसका प्रभाव प्रसादम पर देखने को मिलेगा।

लाभ कमाने कि लिए हम भारतीय किस हद तक गिर सकते हैं, ये तिरुपति कि प्रसादम में मिलावट की इस घटना से जाहिर होता ह। हम मुनाफे कि लिए न पाकीजगी देखते हैं और न भगवान से डरते है। इंसान से तो डरने का सवाल ही नहीं उठता। अब यदि आपने भी ये प्रसादम खाया हो तो जाइये किसी पंडित से मिलिए और प्रायश्चित कीजिये, क्योंकि सरकारें तो प्रायश्चित करतीं नहीं हैं फिर चाहे वो जगन की सरकार हो या चंद्र बाबू की।

सरकारों का काम तो सिर्फ मुनाफा कामना होता है। भगवान वेंकटेश्वर सबकी रक्षा करें। आप भी प्रसादम पाकर अपने कल्याण का भाव छोड़ दें तो इस जाने-अनजाने पाप से बच सकते है। वैसे इस देश में खाद्य पदार्थों में देशी घी के नाम पर चर्बी परोसे जाने का काम युगों से चल रहा है। चॉकलेट हो या बिस्कुट, केक हो या आइसक्रीम, नमकीन हो या मिठाई सभी में देशी घी के नाम पर चर्बी धड़ल्ले से मिलाई जा रही है, क्योंकि इस देश में भगवान के नाम पर राजनीति सब करते हैं, लेकिन भगवान से डरता कोई नहीं है। सिवाय गरीबों के।

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश व लोकतंत्र के हित में

-डा. भरत मिश्र प्राची-

एक राष्ट्र एक चुनाव इस देश के लिये कोई नई पहल नहीं हैए आजादी के बाद 1951-52 से लेकर 1967 तक के लोकसभा विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते रहे लेकिन जब से सत्ता के प्रति राजनीति में मोह ज्यादा पनप गयाए देश में छोटे-छोटे दल ज्यादा पनप गये जिससे आया राम गया राम की कहानी शुरू हो गई। सत्ता के लिये कौन किधर चला जायेगाए कब चला जायेगा किसी को पता नहीं। इस तरह के बदले हालात एवं असुरक्षित माहौल ने देश में लोकतंत्र की तस्वीर ही बदल डाली। विधान सभाए लोकसभा के परिवेश समय से पहले हीं डगमगाने लगे। मघ्यावधि चुनाव की स्थितियां बनने लगी। एक देश एक चुनाव की जगह अब सुरक्षा की दृष्टि से देश में कई चरणों में कई बार लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव होने लगे। जिसने देश पर अनावश्यक खर्च भी बढ़ा दिया। अब फिर से एक राष्ट्र एक चुनाव कराये जाने की संवैधानिक बात सामने आ रही है जिसके तहत इस दिशा में देश के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविद के नेतृत्व में गठित समिति की सिफारिस स्वीकार करते हुए वर्तमान केन्द्र सरकार ने वर्ष 2029 में एक राष्ट्र एक चुनाव कराये जाने की पहल शुरू कर दी है। केन्द्र सरकार की यह पहल देश एवं लोकतंत्र के हित में अवश्य है जहां चुनाव पर होने वाले अनावश्यक खर्च रोका जा सकता। पर देश में बदली राजनीतिक पृष्ठिभूमि जहां लाभतंत्र के साथ-साथ माफिया वर्ग हावी हैए इस तरह के परिवेश को कब तक स्थाईत्व प्रदान कर सकेगाए कुछ कहा नहीं जा सकता। इस पहल पर जहां सत्ता पक्ष सकरात्मक नजर आ रहा है वहीं विपक्ष अपने-अपने तरीके से विरोध जता रहा है। फिर भी इस पहल पर कुछ राजनीतिकए कुछ संवैधानिक अड़चनें अवश्य नजर आ रही हैए जिसका समाधान सभी को मिलकर तलाशना होगा। फिलहाल वर्ष 2025 एवं 2026 में देश के 17 राज्यों के होने वाले विधान सभा चुनाव के कार्यकाल को बढ़ाये जाने की समिति ने सिफारिस की है जहां कुछ राज्यों में केन्द्र की सत्ता पक्ष राजनीतिक दल की सरकार तो कुछ राज्यों में विपक्ष की सरकार सत्ता में है। जो कि टेढ़ी खीर है। जब देश में एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव करा लिये जाय तो इस बात की कोई ग्रांटी नहीं कि देश में मध्यावधि चुनाव की स्थिति न बनेए यहीं तर्क विपक्ष की ओर से आ रहा है। एक राष्ट्र एक चुनाव को सफल बनाने के लिये देश में मघ्यावधि चुनाव की स्थिति को टालने के मार्ग तलाशने होगे। इस दिशा में संविधान में एक कानून यह भी परित किया जाना चाहिए जो परिवेश मध्यावधि चुनाव के कारण बनते हैए उसपर अकुंश लगाया जाय। बहुमत के आधार पर सरकार गिराने के वजाय अल्पमत की सरकार चलते रहने का कानून बने जिससे आया राम गया राम की कहानी खत्म हो। लोकसभा एवं विधान सभा परिवेश पर आया राम गया राम प्रभावहीन रहेंगे एवं देश में बहुदलीय की जगह राजनीतिक दलों की संख्या सीमित रहे तो एक राष्ट्र एक चुनाव सफल हो सकता है।



## संक्षिप्त खबरें

### आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने फांसी लगाई

बलिया। बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरपुरा गांव में बृहस्पतिवार रात एक युवक ने कथित रूप से आर्थिक तंगी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। रसड़ा के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने शुक्रवार को बताया कि अहिरपुरा गांव में बृहस्पतिवार रात आकाश वर्मा (26) ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुरैशी ने बताया कि आकाश की छह माह पहले शादी हुई थी। उसकी दुकान घाटे में थी जिसकी वजह से वह आर्थिक तंगी का सामना कर रहा था।

### दिल्ली-मथुरा के बीच रेल यातायात बहाल

मथुरा। रेल लाइन बहाल होने से दिल्ली और मथुरा के बीच रेल यातायात बहाल हो गया है जो एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण बाधित हो गया था। आगरा में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा, तीसरी लाइन पर यातायात बृहस्पतिवार की रात साढ़े दस बजे बहाल कर दिया गया और दिल्ली से आ रही एक मालगाड़ी को इस लाइन से गुजारा गया। उन्होंने कहा, तीसरी लाइन बहाल होने के साथ अप और डाउन लाइन पर यातायात सुचारू रूप से चालू है। दिल्ली से आने वाली कई ट्रेन तीसरी लाइन से गुजर चुकी हैं। हालांकि, पहली और दूसरी लाइन की बहाली का कार्य अभी जारी है। इन दोनों लाइन को बहाल करने में थोड़ा समय लगेगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मथुरा-पलवल खंड पर वृंदावन रोड और अझई स्टेशनों के बीच बुधवार को शाम सात बजकर 54 मिनट पर एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने की वजह से इस लाइन पर रेल यातायात बाधित हो गया था। अधिकारियों ने कहा कि मालगाड़ी के बेपटरी होने की वजह से पहली तीन लाइन के बाधित होने के बाद चौथी लाइन के जरिए गाड़ियों को गुजारा गया। रेलवे को कुछ ट्रेन निरस्त करनी पड़ी थीं या दर्जनों ट्रेन के मार्ग परिवर्तित करने पड़े थे।

### श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में गर्भगृह के पास शार्ट-सर्किट से छूटी चिंगारी, मची भगदड़

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में गर्भगृह के पास शार्ट-सर्किट हुआ और आग लगने से हड़कंप मच गया। मंदिर में मौजूद भक्त आग को देखकर इधर-उधर भागने लगे। हालांकि, सेवादारों और पुलिसकर्मियों की सजगता से किसी को आग से कोई हानि नहीं हुई। मंदिर में आग लगने की घटना के बाद सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने सभी द्वार से श्रद्धालुओं को हटा दिया। बिजलीकर्मियों ने मंदिर में लगे केबल की जांच की। जांच में गर्भगृह के दक्षिणी प्रवेश द्वार से बिजली के केबल में फाल्ट पाया। मंदिर के एसडीएम शंभु कुमार ने बताया कि गर्भगृह में काफी पुराने तारों से बिजली आपूर्ति हो रही है। बारिश से स्पार्किंग और शार्ट-सर्किट हुआ। इससे दक्षिणी द्वार से थोड़े समय के लिए दर्शन-पूजन बाधित रहा। किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है। दक्षिणी प्रवेश द्वार की तरफ हुई आगलगी की घटना के बाद मंदिर प्रशासन सतर्क हो गया। गुरुवार को पूरे दिन मंदिर परिसर का सिक्यूरिटी ऑडिट कराया गया। एसडीएम के नेतृत्व में बिजली मैकेनिक और इंजीनियरों की टीम ने एक-एक हिस्से में बिजली केबल और आपूर्ति वाले क्षेत्रों की जांच की। इसके साथ ही पुराने तारों को चिह्नित किया है। एसडीएम ने बताया कि चूंकि मंदिर के पुराने हिस्से में पुराना केबल दौड़ा दिया है। कुछ हिस्सों में नवीनीकरण हुआ है। अन्य स्थानों का भी सिक्यूरिटी ऑडिट कराए जाने की तैयारी है। दरअसल, काशी विश्वनाथ धाम में मंगला आरती के बाद नियमित व्यवस्था के तहत दर्शनार्थी बाबा का स्पर्श दर्शन कर रहे थे। इस बीच सुबह 4:55 बजे गर्भगृह के दक्षिणी प्रवेश द्वार से मंदिर के स्वर्ण शिखर तक गए केबल में शार्ट-सर्किट से चिंगारी निकलने लगी। मंदिर के शिखर पर चिंगारी भड़कती देखकर सेवादारों और पुलिसकर्मियों ने तत्काल दर्शनार्थियों को वहां से हटाया। चिंगारी के कारण शिखर में बने एक ताखे में आग के गोला की तरह दिख रही थी। आग लगने की घटना को देखते ही तत्काल मंदिर में बिजली की आपूर्ति को रोका गया। बिजली काटने के बाद शॉर्ट सर्किट पर काबू पाया। कोई बड़ी घटना नहीं घटी।

# अन्तर्राष्ट्रीय बेटी दिवसः नेहा पवार मुख्य विकास अधिकारी तो अनुषा बनी जिला विकास अधिकारी





प्रात: किरण, संवाददाता

- बेटियों के लिए सकारात्मक सोच विकसित हो इसलिए जनपद की आठ बालिकाओं को एक दिन के लिए अधिकारी बनाया गया
- बेटियों को भी समाज में मिलें पुरुषों के बराबर सम्मानः मुख्य विकास अधिकारी

अमरोहा। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजना के दृष्टिगत अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस एवं संकल्प- एच0ई0डब्ल्यू0 के अन्तर्गत शुक्रवार को विकास भवन में नायिका बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा सांकेतिक भूमिका निर्वहन कार्यक्रम के अन्तर्गत 08 बालिकाओं को एक दिन के लिए अधिकारी बनाया गया।जिसमें नेहा पवार, एम०ए० में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी बनने का मौका मिला। नेहा पवार छात्रा ने मुख्य विकास अधिकारी के कार्यों की कार्यप्रणाली को अच्छे से समझा और कहा कि इससे उन्हे आत्मविश्वास मिला है।अनुषा (शास्त्री तृतीय) छात्रा को जिला विकास अधिकारी, अंशिका त्रिगुणा 11वीं की छात्रा को जिला पंचायत राज अधिकारी, यशिका प्रकाश दसवीं कक्षा की छात्रा को जिला समाज कल्याण अधिकारी, स्नेहा 12वीं की छात्रा को जिला प्रोबेशन अधिकारी, एक दिन के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी बनी स्नेहा द्वारा कहा गया कि सरकार की प्राथमिकता है कि महिलाओं को सम्मान मिले। महिलाओं के साथ कोई भी अप्रिय घटना न हो इसके लिए प्रचार-प्रसार कर सभी हेल्पलाइन की जानकारी दी जाएं। याज्ञिका बी०ए० तृतीय की छात्रा को जिला कार्यक्रम अधिकारी, आयाशीं स्वामी बी०ए० द्वितीय की छात्रा को जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी एवं श्रेष्ठा कुमारी (शास्त्री तृतीय) छात्रा को जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी बनने का मौका मिला। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह ही है कि समाज में बालिकाओं को आदर देने ओर उन्हे उनका अधिकार दिलाने के लिए लोगों को जागरूक करना है।समाज में बेटियों प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो और उन्हे भी समाज में पुरूषों के बराबर अधिकार मिल सके। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

प्रात: किरण, संवाददाता

गजरौला। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत मोहल्ला जलाल नगर एवं मोहल्ला अतरपुरा में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर स्वच्छता की प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी आदेश कुमार द्वारा लोगों को बताया गया कि हमें पहले अपने घर में, फिर अपने घर के बाहर, और फिर अपने मोहल्ले में ,और फिर अपने पूरे शहर में सफाई की अलख जगानी है, यदि हम साफ रहेंगे तो हमारा परिवार साफ रहेगा हमारा मोहल्ला साफ रहेगा हमारा वार्ड साफ रहेगा और हमारा पूरा शहर साफ रहेगा, इसीलिए पहले हमको अपने घर से ही सफाई की शुरूआत करनी है। इस अवसर पर सफाई प्रभारी श्री अजय कुमार श्री रामपाल व्यास श्री गौरव श्री सुमित श्री कपिल कुमार श्री ओम प्रकाश श्री कपिल भटनागर जिंदल आदि कर्मचारी एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।



## जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना



प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने विधानसभा हसनपुर के ग्राम दयावली खालसा के वर्तमान प्रधान प्रिय किरनपाल सिंह उर्फ बंटी के असामयिक निधन का हृदय विदारक समाचार सुनकर उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इसके पश्चात ग्राम घन्सूरपुर खालसा निवासी भाजपा नेता महेश सिंह खडगवंशी के चाचा की गोली मारकर हत्या की सूचना मिलने पर उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिले साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने हसनपुर निवासी एवं भारत सरकार के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव अग्रवाल के आवास पर पहुंचकर उनके पूज्य पिता, वरिष्ठ समाजसेवी स्व. विश्वेश्वर दयाल अग्रवाल एडवोकेट के आकस्मिक निधन परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सांत्वना दी। इन दुख के क्षणों में जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर के साथ अंकुर सिंह, इकबाल सिंह, जयपाल सिंह, रामकुंवर सिंह, कमल सिंह, अकल सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेश खडगवंशी, जोगेंद्र सिंह, टीकाराम व हसनपुर में नगर पालिका हसनपुर के चेयरमैन राजपाल सैनी, पूर्व चेयरमैन राकेश उर्फ कालू बंसल, इत्यादि समेत अन्य परिजन मौजूद रहे। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें और परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करें।

### 'स्वच्छता अभियान' को लेकर एच.एम.गर्ल्स इंटर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

## सफाई का हमारे जीवन में है सर्वाधिक महत्वः हाजी अमजद अली

प्रात: किरण, नादिर त्यागी



स्योहारा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले ह्लस्वच्छता ही सेवा अभियानह्न को गति देते हुए साफ सफाई के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सहसपुर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ,वरिष्ठ लिपिक सलमान अली तथा स्टाफ ने सहसपुर के जाने-माने शिक्षण संस्थान एच.एम.गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसमे छात्र, छात्राओं ने भी सफाई की अहमियत को समझते हुए निबन्ध प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा सना परवीन प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर कक्षा 12 की निशा नदीम तथा कक्षा 11 के अक्षय कुमार तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले छात्र, छात्राओं को हाजी अमजद अली और प्रबंधक आफताब आलम ने पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी एवं चेयरपर्सन पति हाजी अमजद अली अंसारी ने छात्र,छात्राओं को सफाई की अहमियत समझाते हुए कहा कि साफ, सफाई मानव जीवन के साथ साथ वातावरण की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है बरसात का मौसम चल रहा है इसमें संचारी रोगों जैसे डेंगू,मलेरिया,हेजा टाइफाइड ,दस्त ,पीलिया आदि फैलने का खतरा बढ़ जाता है हम अपनी गली, मौहल्ले तथा घरों से गंदगी और कूड़े कचरे की पूर्ण रूप से सफाई कर इन बीमारियो से बहुत हद बचे रह सकते हैं। इसके साथ ही नगर पंचायत सफाई कर्मियों द्वारा की जाने वाली सफाई व्यवस्था में पूरा सहयोग भी दें।

इस मौके पर नगर पंचायत सहसपुर की चेयरपर्सन नाहिद परवीन, अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल,एच.एम. इंटर कॉलेज के प्रबंधक आफताब आलम, वरिष्ठ लिपिक सलमान अली, लिपिक जमशेद अली,लिपिक शहबाज अहमद ,तथा नगर के गणमान्य लोगों में डॉ अजीमुद्दीन, परवेज सुलेमान, हाफिज शकील अहमद आदि सहित कॉलेज का स्टाफ भी मौजूद रहा।कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत लिपिक रिजवान अली ने किया।

## चौथी संतान भी बेटी होने से क्षुब्ध पिता ने की उसकी हत्या

इटावा (उप्र)। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के एक गांव में तीन बेटियों के बाद चौथी बेटी का जन्म होने से क्षुब्ध पिता ने एक माह की बच्ची की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिले के थाना भर्थना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चंद्रपुरा में बबलू कुमार दिवाकर ने चौथी संतान भी बेटी होने से खिन्न होकर रविवार को नशे की हालत में एक माह की बच्ची को उसकी मां की गोद से छीनकर जमीन पर पटक दिया। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बबलू की पत्नी दीपू की शिकायत के आधार पर बबलू के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया। वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी बबलू को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि बबलू की दो शादी हुई हैं, उसकी पहली पत्नी से दो बेटियां थीं और पहली पत्नी की मृत्यु के उपरांत उसने दूसरी शादी दीपू के साथ की।

## स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए समाधान दिवस को बेहतर बनाने के निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा। जिला अधिकारी सुश्री निधि गुप्ता वत्स ने स्थानीय स्तर पर जन समस्याओ के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को कोविड-19 के दृष्टिगत बचाव के सम्बनध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार थाना स्तर पर समाधान दिवस को बेहतर तरीके से आयोजित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होने उपजिलाधिकारी अमरोहा को थाना अमरोहा नगर, तहसीलदार न्यायिक अमरोहा को डिडौली, डिप्टी कलेक्टर प्रथम मुख्यालय अमरोहा को थाना रजबपुर, डिप्टी कलेक्टर द्वितीय अमरोहा को थाना रजबपुर, उपजिलाधिकारी नौगावां सादात को नौगावां सादात, तहसीलदार नौगावां सादात को थाना अमरोहा देहात,उपजिलाधिकारी हसनपुर को थाना हसनपुर, तहसीलदार हसनपुर को थाना सैदनगली, सहायक चकबन्दी अधिकारी हसनपुर को थाना रहरा, नायब तहसीलदार हसनपुर को थाना आदमपुर,जिलाधिकारी धनौरा को थाना धनौरा, उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक धनौरा को थाना गजरौला और तहसीलदार धनौरा को थाना बछरायुं को के लिए निर्देश दिये। कोतवाली/थानों में उपस्थित रहने का आगामी त्रैमास (अक्टूबर, 2024 से दिसम्बर, 2024 तक) समाधान दिवस का रोस्टर तैयार किया गया है। समाधान दिवस को और प्रभावी बनाये जाने हेतु अपर जिला मजिस्टेज्ट एवं अपर पुलिस अधीक्षक, अमरोहा द्वारा पर्यवेक्षण किया जायेगा। उन्होने कहा कि तैनात अधिकारी समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार प्राप्त होने वाली शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु अपेक्षित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करेगें। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी यह भी सुनिश्चित करेगें की चकबन्दी विभाग के एक अधिकारी समाधान दिवस पर प्रत्येक कोतवाली/थाने पर उपस्थित रहकर चकबन्दी से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु अपेक्षित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करेगें। जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/पंचायत अपने अपने क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले कोतवाल/थाना में समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु करर्यववाही किया जाना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये हैं कि समाधान दिवस में उनकी उपस्थिति शत-प्रतिशत रहे अन्यथा की दशा में उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

### नलकूप मुफ्त विद्युत आपूर्ति योजना में पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 सितम्बर तक

## किसान लाभ लेने के लिये जल्द से जल्द कराएं योजना में पंजीकरणः उदय प्रताप

प्रात: किरण, संवाददाता

- किसान उपभोक्ताओं जिन पर 31.03.2023 तक का विद्युत बिल बकाया नहीं है वह बिना कोई धनराशि जमा किये पंजीकरण करा सकते है।

धामपुर।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विधुत उपभोक्ता किसानों के लिये किसान हित लाभकारी नलकूप मुफ्त विद्युत आपूर्ति योजन चलाई जा रही है जिसकी पंजीकरण की तिथि 30 सितम्बर तक बढ़ा दी गई है।

विद्युत वितरण मंडल धामपुर के अधीक्षण अभियन्ता उदय प्रताप सिंह ने शासनादेश के तहत जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किसान उपभोक्ताओं को दिनांक 01.04.2023 से 140 यूनिट प्रति किलोवाट प्रतिमाह की नलकूप मुफ्त विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए प्रदेश में किसानों के लिये योजना लागू की गयी है। उन्होंने ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए विद्युत उपभोक्ता किसानों को पंजीकरण कराते हुए 31.03. 2023 तक के बकाया विद्युत बिल का एकमुश्त अथवा अधिकतम 6 किश्तों में पूर्ण भुगतान करना आवश्यक है।



ऐसे किसान उपभोक्ताओं जिन पर 31.03.2023 तक का विद्युत बिल बकाया नहीं है वह बिना कोई धनराशि जमा किये पंजीकरण करा सकते है। इस महत्वकांक्षी योजना में लाभ लेने के लिये कई लाख किसान पंजीकरण करा चुके हैं। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार प्रदेश के सम्मानित विद्युत उपभोक्ता किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए इस योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि अब 17 सितम्बर 2024 से बढ़ाकर 30 सितम्बर 2024 तक कर दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, डा० आशीष कुमार गोयल ने भी अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया है कि योजना का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये जिससे प्रदेश के सभी सम्मानित किसान उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की इसमहत्वाकांक्षी योजना का व्यापक लाभ मिल सके।

अधीक्षण अभियंता उदय प्रताप सिंह ने सभी सम्मानित किसान उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिस किसी किसान भाई ने अब तक पंजीकरण नहीं कराया है वह अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 से पहले जल्द से जल्द पंजीकरण करा कर इस नलकूप मुफ्त विद्युत आपूर्ति योजना का लाभ उठाये।

## जौहरी की दुकान में डकैती, आरोपी घायल

प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ। सुल्तानपुर में 28 अगस्त को जौहरी की दुकान में दिनदहाड़े डकैती करने के एक आरोपी को विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में घायल इस अपराधी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। एडीजी एसटीएफ एवं एडीजी (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, आज सुल्तानपुर जिले के जयसिंहपुर पुलिस थाना क्षेत्र में एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से वांछित अपराधी अजय यादव उर्फ डीएम को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि अजय यादव पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह सुल्तानपुर में भरत ज्वैलर्स के शोरूम में दिनदहाड़े लूट की घटना में वांछित था। पुलिस ने अभियुक्त के पास से चांदी के गहने, नकदी, अवैध असलहा, कारतूस बरामद किये हैं।

इससे पूर्व, तीन सितंबर को सुल्तानपुर में आभूषण की दुकान में लूट में कथित तौर पर शामिल तीन व्यक्तियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था जिसमें एक कांस्टेबल घायल हुआ था। इस मुठभेड़ में आरोपी सचिन सिंह, पुष्पेंद्र और त्रिभुवन भी घायल हुए थे। पुलिस के मुताबिक, ये अभियुक्त 28 अगस्त को आभूषण की दुकान से डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की लूट में कथित तौर पर शामिल थे। पुलिस मुठभेड़ में कांस्टेबल शैलेश राजभर के पैर में गोली लगी थी।

आभूषण की दुकान में हुई लूट के बारे में पुलिस ने कहा था कि दो मोटरसाइकिलों से आए पांच लोग भरतजी सोनी के शोरूम में घुसे और बंदूक की नोक पर नकदी और आभूषण लूटे और 10 मिनट के भीतर वहां से राजमार्ग के जरिये प्रयागराज की तरफ भाग निकले। इस बीच, पांच सितंबर को लूट की इस घटना में वांछित मंगेश यादव नाम का एक व्यक्ति पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मंगेश पर एक लाख रुपये का इनाम था। पुलिस के मुताबिक, ठठेरी बाजार में 28 अगस्त को हुई लूट की इस घटना में मंगेश चार अन्य व्यक्तियों के साथ शामिल था।

## बीमार युवक ने की आत्महत्या

वाराणसी। मैं गंभीर बीमारियों से ग्रसित हूं और अब रोग ठीक नहीं होगा। इलाज भी असर नहीं करता। मैं अनाथ हूं। मेरा कोई नहीं हैं। मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं। मेरे शव पर भी किसी का कोई क्लेम नहीं है। ऐसा लिखकर उड़ीसा के श्रद्धालु भानूशंकर ने काशी के एक गेस्ट हाउस में फांसी लगा ली। उसने अपने सुसाइड नोट के अंत में जय जगन्नाथ लिखा भी था। आत्महत्या से पहले उसने दो बार काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। वह 16 सितंबर को काशी आया और इंग्लिशिया लाइन के गेस्ट हाउस में कमरा लेकर रुका था। सुबह होटल कर्मी ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई मूवमेंट नहीं हुआ रिसैप्शन ने मोबाइल पर कॉल किया। भानूशंकर ने फोन नहीं उठाया। फिर होटल मैनेजर ने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। अनहोनी की आशंका पर पुलिस की मौजूदगी में दूसरी चाबी लगाकर दरवाजा खोला। अंदर युवक फंदे पर लटका मिला। उसके बेड पर सुसाइड नोट पड़ा था। उसके पास कोई सामान भी नहीं मिला है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के बाद उसके मोबाइल की अंतिम कॉल जांची। उसके मोबाइल समेत सभी सामान को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजनौर- जनपद बिजनौर

पत्रांकः / ई- निविदा/न0पा0परि0बि0/2024-25 दिनांकः 19.09.2024

### अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2022-2003 में 16 में वित आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत निर्दिष्ट अनुदान (द्वितीय किश्त) की प्राप्त धनराशि से निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त रजिस्ट्र्ड ठेकेदार/फर्म से निविदा दिनांक 20-09-2024 में दिनांक 21-10-2024 से तक वेबसाईट www.etender-up-nic-in पर ऑनलाईन आमत्रित की जाती है।निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic पर दिनांक 21-10-2004 तक उपलब्ध रहेगी। जहाँ से इसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 21-10-2024 की सायं 500 बजे तक वेबसाईड www.tender.up-nic. इन पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरे डाल सकते है। जो दिनाक 22-10-2014 को प्रातः 11:00 बजे अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| Tender Refrence | 093/ET-NPPB/2024-25 |
| Publish date and time for Ref. | 20.09.2024 को सायं 05:00 बजे तक |
| Last date and time for Submission of E-Tender | 21.10.2024 को सायं 05:00 बजे तक। |
| Date and time of opening E-Tender | 22.10. 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक। |
| Place of opening E-Tender | Excutive officer NPP-Bijnor |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Documents processing | As per E-Tender List |

नोट न0: बिना धरोहर राशि/टेण्डर मूल्य तथा सम्बन्धित दस्तावेज के किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। यहां यह भी अवगत कराना है कि निविदा डालने से पूर्व समस्त नियम व शर्ती भली-भांति जान लें,किसी भी त्रुटि के लिये पालिका जिम्मेदार नहीं होगी। समस्त निविदायें अथवा किन्ती एक निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा, तथा फर्म/कम्पनी की प्लांट के अधिष्ठापित व संचालन की जिम्मेदारी तय करने हेतु पी०पी०पी० गोड द्वारा 50 प्रतिशत फर्म की भागेदारी तथा 50 प्रतिशत निकाय अंश की भागेदारी अनिवार्य होगी।

(विकास कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिजनौर

(इन्दिरा सिंह)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बिजनौर

# शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाना निगम की बनी प्राथमिकता, कवि नगर जोन अंतर्गत चला अभियान, वसूला 96500 का जुर्माना

**प्रात : किरण, संवाददाता**

● पॉलिथीन का उपयोग पर्यावरण के लिए हानिकारक, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार जरूरी - नगर आयुक्त

गजियाबाद। गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार लगातार प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान के रूप में कार्य कर रहा है जिसके क्रम में कवि नगर जोन अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग प्रवर्तन दल टीम तथा कवि नगर जोन द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया जिसमें पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया, जिनके द्वारा पॉलिथीन का उपयोग किया जा रहा था उन पर जुमार्ना भी लगाया गया, शास्त्री नगर राजापुर गोविंदपुरम व कवि नगर के अनेकों क्षेत्र में अभियान चलाया गया दुकानदारों से पॉलिथीन जप्त की गई लगभग 20 किलो पॉलिथीन जप्त हुई प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए अपील भी की गई ' जोनल प्रभारी राजेश गुप्ता द्वारा बताया गया नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार रोस्टर के क्रम में अलग-अलग क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जाता है अभियान के



दौरान कई स्थानों पर भट्टी चलती हुई मिली उनको भी बंद कराया इसके अलावा जुमार्ना भी वसूल करने की कार्यवाही की गई 96500 का जुमार्ना वसूला गया शहर वासियों को कपड़े का थैला उपयोग करने के लिए अपील की गई' नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलिथीन का उपयोग न करने की लगातार अपील की जा रही है पॉलिथीन के बदले कपड़े का थैला इस्तेमाल में लाने के लिए अपील की जा रही है जहां गाजियाबाद नगर निगम पॉलिथीन उपयोग करने वालों पर कार्यवाही कर रहा है वही जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी शहर हित में शहर वासियों से चल रहे अभियान में सहयोग के लिए भी अपील कर रहे हैं, तथा शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जन-जन को जागरुक कर रहे हैं, अभियान के दौरान व्यापारियों का भी विशेष सहयोग निगम को प्राप्त हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### खजूरी खास में युवक की चाकू मारकर हत्या, पुलिस ने दो को हिरासत में लिया

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली जिले के खजूरी खास थाना क्षेत्र में बीती देर रात कुछ लोगों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। यह घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, युवक को गंभीर हालत में तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की खजूरी खास में पांच-छह लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान उन्होंने युवक को घेरकर उस पर चाकू से हमला करके उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर खजूरी खास थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को जीटीबी अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक के पिता चंद्रभान ने कहा कि छह से सात लोगों ने मेरे बेटे की चाकू मारकर हत्या कर दी। जब हम अस्पताल पहुंचे तो सिक्योरिटी गाड्र्स ने उन्हें धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने उनके बेटे का इलाज नहीं किया, कहने लगे की उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने अभी दो लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं मृतक की चाची माया देवी का कहना है कि एक लेडीज समेत तीन से चार लड़कों ने उनके भतीजे को धोखे से बुलाया और फिर उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस ने अभी कोई कार्रवाई नहीं की है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार, हथियार बरामद

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया तथा हथियार और गोलाबारूद बरामद किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, इंफाल पश्चिम के गारी क्षेत्र में सेकमाई और थांगमेइबंद इलाकों में जबरन वसूली के आरोप में प्रतिबंधित संगठन कांग्लेई यावोल कान्बा लूप (केवाईकेएल) के तीन सदस्यों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी पहचान मेइबाम ब्रोनसन सिंह (24), युमनाम लानचेनबा (21) और सौबाम नोंगपोकनगांबा मेईती (52) के रूप में हुई है। उनके पास से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और गोलाबारूद बरामद किया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इंफाल पूर्व के बोंगजांग में एक अलग अभियान में सेना और मणिपुर पुलिस ने 28.5 किलोग्राम के सात विस्फोटक उपकरण बरामद किए। बयान में कहा गया कि पिछले तीन महीनों में सुरक्षा बलों ने यह दूसरी बार भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते ने 20 जुलाई को इंफाल पूर्व के साईचांग इथाम के पहाड़ी इलाकों में 33 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किए थे और उन्हें निष्क्रिय किया था।

# ईओएस-08 ने मिशन शुरू किया

**चेन्नई, एजेंसी**





भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-08 ने अपना मिशन शुरू कर दिया है। इसरो ने एक अपडेट में कहा कि इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड (ईओआईआर), ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री (जीएनएसएस-आर) पेलोड और एसआईसी यूवी डोसिमीटर के साथ ईओएस-08 अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी-इसरो) द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक पेलोड है।

इसरो ने इसे 16 अगस्त, 2024 को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) की तीसरी विकासात्मक उड़ान के माध्यम से प्रक्षेपित किया था।

ईओआईआर पेलोड उन्नत मिड-वेव इंफ्रारेड (एमआईआर) और लॉन्ग-वेव इंफ्रारेड (एलडब्ल्यूआईआर) चैनलों से लैस है जो अपने उच्च प्रदर्शन के साथ थर्मल इमेजिंग तकनीक में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दशार्ता है। पेलोड द्वारा ली गई पहली छवियों में से एक 19 अगस्त 2024 को स्थानीय समयानुसार सुबह 07:45 बजे पुणे शहर के ऊपर ली गई थी। एमआईआर छवि उच्च-रिजॉल्यूशन थर्मल छवियों को कैद करने की पेलोड की क्षमता को उजागर करती है। ये तस्वीरें 21 अगस्त, 2024 को स्थानीय समयानुसार सुबह 11:15 बजे नामीबिया रेगिस्तान के ऊपर ली गई थीं। यह उच्च-रिजॉल्यूशन वाला इन्फ्रारेड कैमरा अभूतपूर्व स्तर के विवरण के साथ थर्मल छवि प्रदान करता है जो अद्वितीय क्षमताएँ प्रदान करता है जो विभिन्न अनुप्रयोगों को बढ़ाता है। रेगिस्तान की तस्वीरों के अलावा यह सैंटियागो, चिली पर ईओआईआर पेलोड से प्राप्त भूमि सतह तापमान (एलएसटी) डेटा भी प्रदर्शित करता है जिसकी तुलना लैंडसैट-09 के थर्मल इन्फ्रारेड सेंसर (टीआईआरएस) के डेटा से की जाती है। 24 अगस्त, 2024 को स्थानीय समयानुसार सुबह 10:33 बजे प्राप्त लैंडसैट-09 डेटा की तुलना स्थानीय समयानुसार दोपहर 2:45 बजे ईओएस-08 के डेटा से की जाती है।

अपडेट में कहा गया है कि ईओआईआर पेलोड का एलडब्ल्यूआईआर चैनल कृषि निगरानी में विशेष रूप से प्रभावी रहा है। मिट्टी की नमी और वनस्पति स्वास्थ्य पर विस्तृत डेटा प्रदान करके, पेलोड अनुकूलित जल उपयोग, बेहतर फसल पैदावार और अधिक कुशल खेत प्रबंधन को सक्षम बनाता है। आग से प्रभावित क्षेत्रों और आसपास के परिदृश्यों के बीच अंतर करने की इसकी क्षमता इसे जंगल की आग के प्रबंधन में भी एक शक्तिशाली उपकरण बनाती है।

एमआईआर चैनल ने सक्रिय आग से गर्मी उत्सर्जन का पता लगाने में प्रभावशाली है जो जंगल की आग का जल्दी पता लगाने और निरंतर निगरानी के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यह आग की तीव्रता और व्यवहार का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो नुकसान को कम करने के लिए अधिक प्रभावी प्रतिक्रिया प्रयासों का समर्थन करता है।

शहरी नियोजन में पेलोड की थर्मल इमेजरी शहरी ताप द्वीपों के मानचित्रण में सहायक रही है। शहरी वातावरण में तापमान में होने वाले बदलावों को विस्तार से समझने की क्षमता, गर्मी से जुड़ी चुनौतियों को कम करने वाले संधारणीय शहरों को डिजाइन करने के प्रयासों को बढ़ाती है।

इसरो ने कहा कि ईओआईआर पेलोड से प्राप्त डाटा को राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी-इसरो) में एल्गोरिदम और सॉफ्टवेयर का उपयोग करके संसाधित किया जाता है। इसे इसरो ने विकसित किया है।

## कर्नाटक: दावणगेरे में गणपति जुलूस पर पथराव के बाद तनाव

**दावणगेरे, एजेंसी**

गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान हुए पथराव के बाद कर्नाटक के दावणगेरे में तनाव बढ़ गया। हालांकि पुलिस ने शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी है और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है। बेतुरु रोड पर गुरुवार (19 सितंबर) देर रात हुई पथराव की घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (एसपी) उमा प्रशांत स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। घायल पुलिसकर्मियों के नाम सर्किल इंस्पेक्टर गुरुबसवराज और पुलिस कांस्टेबल रघु है। कांग्रेस नेता और मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग पुलिस संग मिलकर लोगों से शांति बहाली की अपील कर रहे हैं। वहीं, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और पुलिस रिकॉर्डिंग के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एहतियात के तौर पर पुलिस ने दावणगेरे शहर के संवेदनशील इलाकों में दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद करने को कहा है। एसपी उमा प्रशांत ने कहा, गणेश विसर्जन के दौरान पथराव की घटना की सूचना मिली थी, जिसमें एक पुलिस इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल घायल हो गए थे। स्थिति अब नियंत्रण में है। उपद्रवियों को पकड़ने के लिए कदम उठाए गए हैं। पुलिस विभाग डिप्टी कमिश्नर के साथ निषेधाज्ञा लागू करने पर चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा, घटना के लिए भड़काऊ भाषण जिम्मेदार है। एक समुदाय के नेताओं ने भड़काऊ बयान जारी किया था और दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया था। दोनों पक्षों की ओर से शिकायतें दर्ज की गई हैं और इसके हिसाब से कार्रवाई शुरू की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि पथराव तब शुरू हुआ, जब गणेश प्रतिमा जुलूस आजाद नगर में दाखिल हुआ। शहर में तीन जगहों पर पथराव की सूचना मिली। हिंदू नेताओं ने नागमंगला शहर में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान पथराव और ईद मिलाद के जश्न के दौरान फिलिस्तीनी झंडे लहराने को लेकर दो दिन पहले विरोध प्रदर्शन किया था। इसकी प्रतिक्रिया में एक मुस्लिम नेता ने हिंदुओं को बेतुर रोड से जुलूस निकालने की चुनौती दी थी।

हिंदू नेता गुरुवार रात बेतुरु रोड पर जुलूस में हिस्सा ले रहे थे, तभी एक समूह ने धार्मिक नारे लगाते हुए पथराव किया।

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान पर यादव ने खड़गे से पूछे सवाल

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के धारा 370 को लेकर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल किया है। डॉ यादव ने कल देर रात वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने के मसले पर खुलकर कह रहे हैं कि पाकिस्तान, कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की एक राय है। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि क्या यह गठबंधन पाकिस्तान ने कराया है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे इस मुद्दे को लेकर अपनी बात स्पष्ट करें। यह घोर निंदनीय है। अगर कांग्रेस पाकिस्तान के एजेंडे को लागू कर रही है तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हुए है, लेकिन आज भी यह दंश सामने आ रहा है। भाजपा ने हमेशा कहा है कि धारा 370 एक कलंक है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर सामान्य राज्यों की श्रेणी में खड़ा हुआ है, तो कांग्रेस केवल चुनावी राजनीति के लिए देश के दुश्मनों से हाथ मिलाना चाह रही है।

### प्रधानमंत्री महाराष्ट्र में विश्वकर्मा कार्यक्रम में शामिल होंगे

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे और पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वर्धा में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे,साथ ही वह अमरावती में टेक्सटाइल पार्क की आधारशिला भी रखेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्धा में पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे आयोजित होने वाले पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इस योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और ऋणपत्र जारी करेंगे। कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करने के लिए पिछले साल 17 सितंबर को यह योजना शुरू की गई थी।

## सीएम नीतीश कुमार ने बिहार को गुंडों को सौंप दिया : तेजस्वी यादव

**पटना, एजेंसी**



बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर स्थापित लोकतांत्रिक मयार्दाओं, परंपराओं और मूल्यों का ह्रास करने का आरोप लगाते हुए तंज कसा। तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ह्लबिहार में प्रतिदिन हत्याएं हो रही हैं। दलितों के घर जलाए जा रहे हैं। लूट, अपहरण और फिरौती की घटनाएं हो रही हैं। बच्चियों और महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं। कानून व्यवस्था बदहाल है, अपराधी बेलगाम हैं। थाना व ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। पुलिस शराबबंदी के नाम पर धन शोधन में व्यस्त है। लेकिन, इन सब ज्वलंत मुद्दों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौन हैं, निष्क्रिय हैं। चंद अधिकारी केवल उन्हें अर्धनिर्मित एवं निमार्णाधीन योजनाओं के निरीक्षण, उद्घाटन और शिलान्यास के लिए लेकर जाते है ताकि यह लगे की सब ठीक है। अगर सब सही है तो फिर मुख्यमंत्री मीडिया और जनता से संवाद क्यों नहीं करते?

तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री जिस क्षेत्र और जिले में जाते हैं तो वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित क्यों नहीं किया जाता? विभागीय मंत्री साथ क्यों नहीं होते? सीएम स्थापित लोकतांत्रिक मयार्दाओं, परंपराओं और मूल्यों का ह्रास कर रहे हैं। बता दें कि इसके अलावा तेजस्वी यादव ने एक्स पर एक और पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, पीएम मोदी और नीतीश कुमार ने बिहार को गुंडों को सौंप दिया है। कोर्ट से गवाही देकर लौट रहे तीन लोगों को गोली मार दी, पहले भी इन्हें गोली मारी थी। इससे अंदाजा लगाइए बीजेपी-जेडीयू ने बिहार में कानून-व्यवस्था की क्या दुर्गति कर दी है? उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार पिछले एक महीने से लगातार विभिन्न जिलों में पहुंच रहे हैं और विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं। इधर, तेजस्वी यादव भी लगातार सरकार को विभिन्न मुद्दों को लेकर घेर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने दो दिन पहले नवादा में दलित समाज के लोगों के घर जलाए जाने को लेकर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।

## कांग्रेस आरक्षण की जन्मजात विरोधी: नरेन्द्र कश्यप

**प्रात : किरण, संवाददाता**



गाजियाबाद। विशेष रूप से गांधी परिवार की आरक्षण विरोधी पारम्परिक प्रथा को निभा रहे राहुल गांधी पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू से लेकर इन्दिरा, राजीव गांधी तक सभी ने आरक्षण का विरोध किया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में लखनऊ में गुरुवार को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उप्र सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने राहुल गांधी विदेशी धरती अमेरिका में आरक्षण के विरोध में दिए गये बयान को लेकर कहा कि कांग्रेस की कथनी-करनी में जमीन आसमान का अन्तर है। कांग्रेस अपने स्थापनाकाल से ही आरक्षण के विरोध में रही है। हम सबको यह ज्ञात होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री नेहरू द्वारा 1961 में मुखर होकर आरक्षण का विरोध किया गया था। उस प्रथा का पालन श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा मण्डल कमीशन की रिपोर्ट दबाकर एवं राजीव गांधी द्वारा आरक्षण उम्मीदवारों को बुद्धू कहकर भी अपमानित किया गया था। उस प्रथा को निभाने का कार्य श्री राहुल गांधी द्वारा किया जा रहा है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि 1953 में बने काका कालेकर कमीशन की रिपोर्ट जो 1955 में सौंपी गयी थी। उसे वर्षों तक दरकिनार कर नजर अंदाज किया। मण्डल आयोग का गठन 1978 में पूर्व प्रधानमंत्री मुरार जी देसाई द्वारा किया गया। और 1980 में रिपोर्ट सौंपी गयी थी तथा 1990 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा मण्डल आयोग की रिपोर्ट को रद्द कर दिया एवं ओबीसी समुदाय को आरक्षण दिए जाने का विरोध किया और कांग्रेसकाल में 14 वर्षों तक इस रिपोर्ट की अनदेखी की गयी, इन वर्षों में लम्बे समय तक कांग्रेस की सरकार रही और कांग्रेस द्वारा कोई फैसला नहीं लिया गया। उन्होंने बताया संविधान की किताब हाथ में लेने से संविधान प्रेमी नहीं हो जाते। जब-जब कांग्रेस की सरकार रही, तब-तब संविधान का चीरहरण इनके द्वारा किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार लगातार देश को पिछड़े समाज का प्रधानमंत्री दिया है। जो कार्य कांग्रेस पिछड़े-दलितों के लिए पिछले 70 वर्षों में नहीं कर पायी वे कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार के उपरान्त हुए हैं। भारतीय संविधान संशोधन-2018 (102) क के अन्तर्गत ओबीसी कमीशन का गठन कर संवैधानिक दर्जा देकर कैबिनेट का दर्जा देना। नीट की परीक्षा में पिछड़े व अति पिछड़ों को आरक्षण प्रदान करना। सैनिक एवं केन्द्रीय विद्यालयों में 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू कराना। यह दशार्ता है कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है। पिछड़े व अति पिछड़े के विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। आज केन्द्र सरकार में 27 ओबीसी सांसदों को मंत्री पद से सुशोभित किया गया है एवं उप्र सरकार में 22 ओबीसी समाज के नेताओं को मंत्रिमण्डल में शामिल किया गया है। भाजपा आरक्षण की सच्ची हितैशी है एवं भाजपा काल में आरक्षण के खिलाफ कोई भी पार्टी व व्यक्ति विरोध करेगा तो भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता मुखर होकर उस पार्टी व व्यक्ति का विरोध करेगा। आंदोलन 20 सितंबर से शुरू होगा और 26 तक चलेगा। 20 सितंबर को पश्चिम क्षेत्र एवं ब्रज क्षेत्र के समस्त जनपद, 21 को प्रदेश के समस्त महानगर, 22 को काशी क्षेत्र एवं कानपुर, बुन्देलखण्ड क्षेत्र के समस्त जनपद, 24 को अवध क्षेत्र व गोरखपुर क्षेत्र के समस्त जनपद 26 को यूपी-दिल्ली बार्डर से राहुल गांधी के आवास तक रोष मार्च तथा उनके आवास का घेराव किया जाएगा।

# जीडीए के व्यवसायिक भूखंडों को खरीदने में दिखी उत्सुकता

**प्रात : किरण, संवाददाता**

### लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित की गई नीलामी



गजियाबाद। गजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए के द्वारा शुक्रवार को विभिन्न योजनाओं में रिक्त 170 व्यवसायिक भूखंडों की नीलामी के दौरान खरीददारों के द्वारा बढचढ कर हिस्सा लिया गया। प्राधिकरण के द्वारा लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन परिसर में भूखंडों की नीलामी का कार्यक्रम रखा गया। देखा जाए तो लोकसभा चुनाव के बाद जीडीए के द्वारा हाल में पहले आओ पहले पाओ योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में रिक्त आवासीय भवनो की योजना निकाली थीं। जीडीए इस दौरान मोदी नगर के संजय पुरी तथा सिहानी गेट थाने से लगी चद्र सिला योजना के ज्यादातर भवन बेचने में कामयाब रहा। ये पहला मौका था कि जब विभिन्न योजनाओं में रिक्त 170 व्यवसायिक भूखंडों के लिए आठ सौ से ज्यादा आवेदन किए गए। जीडीए कोष में 60 करोड रूपए जमा किए जा चुके है। इस बार नीलामी के माध्यम से जीडीए को बेसिक कीमत से काफी अधिक आय की संभावना है। कोयल एन्क्लेव योजना में ग्रुप हाउसिंग के भूखंड खरीदने का अच्छा मौका है। लाइसेंस डीड के माध्यम से सामुदायिक केंद्र के साथ ही पुराने बस अड्डे के सामने के ऑटो स्टैंड को भी नीलाम करेगा। कोयल एन्क्लेव और प्रताप विहार में आवासीय भूखंड हैं। इंदिरापुरम योजना के ज्ञानखंड-3, शास्त्रीनगर और गोविदपुरम के अलावा अन्य योजनाओं में भी आवासीय भूखंडों को नीलामी में रखा जाएगा।मधुबन बापूधाम में औद्योगिक और इंद्रप्रस्थ योजना में व्यवसायिक भूखंड हैं। इसके अलावा इंदिरापुरम, तुलसी निकेतन, मधुबन बापूधाम और आंबेडकर रोड पर भी व्यावसायिक भूखंडों को नीलामी में शामिल किया गया है । दुकानों के लिए यूपी बॉर्डर, इंदिरापुरम न्यायखंड-तीन, ज्ञानखंड-तीन में भूखंड हैं। आवेदन का ब्रोशर एचडीएफसी बैंक शाखा गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर और नोएडा में बेचा गया।बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास होने से पहले तक नियम और शर्त बेहद जटिल थी। दो हजार वर्गमीटर या इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखंडों के लिए टु बिड सिस्टम था। इसके लिए खरीदार का हैसियत प्रमाणपत्र और पूर्व में किए गए उसी तरह के निर्माण कार्य की तकनीकी जानकारी देनी होती थी। इससे काफी कम संख्या में खरीदार नीलामी में शामिल होते थे।

इस नियम को अब खत्म किया गया है। इसकी वजह से इस बार खरीददारों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि नियमों और शर्तों में बदलाव से प्राधिकरण को लाभ मिलेगा। ग्रुप हाउसिंग के आठ भूखंड 2020 वर्गमीटर क्षेत्रफल से 12867.54 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हैं। इनकी कीमत करीब 14.08 करोड़ से शुरू होगी। इस दौरान जीडीए की ओएसडी कनिका कौशिक,अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह,मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**बैठक** 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में होगी बैठक , जीडीए सभागार में पहली बार प्रदेश के सभी 22 विकास प्राधिकरणों से संगठन के पदाधिकारी होंगे शामिल...

# 21 सितंबर से आंदोलन का बिगुल बजायेगा प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन

**प्रात : किरण, संवाददाता**

गाजियाबाद। प्रदेश के विकास प्राधिकरण कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा व्यय, पेंशन, दैनिक वेतन, वर्कचार्ज एवं संविदा कर्मचारियों का विनियमितीकरण आदि 11 सूत्रीय मांगों को पूरा कराए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण संयुक्त संगठन के पदाधिकारी 21 सितंबर को हुंकार भरेंगे। जीडीए सभागार में 21 सितंबर शनिवार को पहली बार प्रदेश के सभी 22 विकास प्राधिकरणों से संगठन के पदाधिकारी बैठक में शामिल होंगे।

जीडीए कर्मचारी संगठन कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के अध्यक्ष श्रीचंद सारस्वत, महामंत्री महेश पाल सिंह,उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश तिवारी, नरेश कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जीडीए सभागार में पहली बार उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन लखनऊ के प्रांतीय अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में 21 सितंबर को सुबह 11 बजे से बैठक होगी।

उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकरण कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगें लंबित है। प्रदेश शासन स्तर से इन मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। इन मांगों में चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति,दैनिक वेतन, वर्कचार्ज और संविदा कर्मचारियों का विनियमितीकरण,विकास प्राधिकरण केंद्रीयत सेवा नियमावली की मंजूरी, ग्रेच्युटी, पेंशन आदि 11 सूत्रीय मांगों को प्रदेश शासन से जल्द निस्तारण किए जाने की मांग को लेकर जीडीए सभागार में प्रदेश स्तर की बैठक होगी। बैठक के बाद प्रस्ताव पारित कर मांग पत्र शासन को भेजा जाएगा। बैठक में संयुक्त संगठन के लगभग 80 पदाधिकारी उपस्थित होंगे।

जीडीए कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष श्रीचंद सारस्वत ने बताया कि वर्ष-2021 से कर्मचारियों की लंबित मांगे चली आ रही है। इसको लेकर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। शासन स्तर की इन मांगों को लेकर बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। इसमें सुपरवाइजर की मांग भी शामिल है। एसीपी, पेंशन आदि इन मांगों को लेकर 22 विकास प्राधिकरणों से संगठन के पदाधिकारी बैठक में शामिल होंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा इन मांगों को लेकर प्रदेश स्तर पर आहवान किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान देवानंद शर्मा, नरेश कौशिक, राजेश मिश्रा, प्रभात कुमार, ओमप्रकाश, कुलदीप कौर, पवन कुमार सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### बॉयोडायवर्सिटी पार्क का काम अब पकड़ेगा रफ्तार

गजियाबाद। नगर निगम की जमीन पर 63 एकड़ जमीन में बॉयोडायवर्सिटी पार्क विकसित करने का रास्ता भी अब साफ हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में बायोडायवर्सिटी पार्क योजना का शिलान्यास किया। नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा जल्द ही अब इस पार्क पर कार्य शुरू कराया जा सकेगा। महामाया स्टेडियम के पास बॉयोडायवर्सिटी पार्क विकसित करना प्रस्तावित है। इस पार्क पर लगभग 15 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पार्क में 450 प्रजाति के पौधे लगाने के साथ ही रिसर्च सेंटर भी बनाया जाएगा। इसमें छात्र जैव विविधता की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। नगर निगम के उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया कि बताया कि 63 एकड़ जमीन पर बॉयोडायवर्सिटी पार्क को बेहतर तरीके से विकसित किया जाएगा। पार्क में बच्चों के लिए झूल लगाए जाएंगे। टहलने के लिए फुटपाथ बनेंगे। इसके अलावा वाहनों के लिए पार्किंग होंगी। वहीं, रेस्तरां खोला जाएगा। पौधों की सिंचाई के लिए एसटीपी लगेगा। इसके पास से निकल रहे नाले के पानी को शोधित करने के बाद पौधों में दिया जाएगा। इस तरह पौधों की सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि पार्क के एक हिस्से में तितली पार्क बनाने की भी योजना है।

# कर्नाटक में बलात्कार और हनी ट्रैप मामले में भाजपा विधायक गिरफ्तार

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक मुनिरत्न को शुक्रवार को बेंगलुरु में बलात्कार और हनीट्रैप के आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। कागगलीपुरा पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी और विधायक को बेंगलुरु केंद्रीय कारागार से बाहर आते ही हिरासत में ले लिया। अदालत ने गुरुवार को वायलिकावल पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों में उन्हें जमानत दे दी थी, जिसमें उसके खिलाफ अत्याचार और जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की है कि सेंट्रल जेल में डिप्टी एसपी दिनाकर शेट्टी की अगुवाई वाली टीम ने उन्हें पहले हिरासत में लिया फिर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस विधायक से बलात्कार और हनीट्रैप मामले में पूछताछ करेगी और शनिवार को उन्हें अदालत में पेश किए जाने की संभावना है। कर्नाटक पुलिस ने जेल में बंद विधायक के खिलाफ बलात्कार, हनीट्रैप, बलात्कार की वीडियोग्राफी करने और एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता को धमकाने के संबंध में एफआईआर दर्ज की थी। इससे पहले मुनिरत्न को एक ठेकेदार को जान से मारने की धमकी देने और जातिवादी गाली देने के आरोप में बेंगलुरु सेंट्रल जेल में रखा गया था। विशेष अदालत ने गुरुवार को इन मामलों में मुनिरत्न की जमानत याचिका मंजूर कर ली थी। रामनगर जिले की कागगलीपुरा पुलिस ने गुरुवार को एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत के बाद मुनिरत्न के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा कि सार्वजनिक जीवन में मुनिरत्न से उसका परिचय हुआ था। उसने मोबाइल पर कॉल करके उसके साथ दोस्ती बढ़ाई। वह उसे मुत्याला नगर में अपने गोदाम में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि उसने इस कृत्य को रिकॉर्ड किया और उसे धमकी दी कि अगर मामला सामने आया तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। पीड़िता ने यह भी दावा किया कि उसे अलग-अलग निजी रिसॉर्ट्स में लोगों को हनीट्रैप करने के लिए मजबूर किया गया था।

सूत्रों के अनुसार, पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा, बीजेपी विधायक ने मुझे हनीट्रैप करने के लिए मजबूर किया। उसने मुझे यह काम करवाने के लिए जान से मारने की धमकी दी थी। कागगलीपुरा पुलिस ने उसके छह साथियों विजयकुमार, किरण, लोहित, मंजूनाथ, लोकी और दो अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है।

पीड़िता बुधवार देर रात पुलिस के पास पहुंची और डिप्टी एसपी दिनाकर शेट्टी के सामने अपना बयान दर्ज कराया। पुलिस ने गुरुवार तड़के आईपीसी की धारा 354 (ए), 354 (सी), 308, 406, 384, 120 (बी), 504, 506 और 149 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने राजराजेश्वरी नगर से विधायक के खिलाफ आईटी एक्ट और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। चूंकि घटना पहले हुई थी, इसलिए आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने गुरुवार को पुलिस स्टेशन से बाहर आते हुए कहा कि वह तनाव में थी और पुलिस विभाग ने उसे घटना के बारे में बात करने की अनुमति नहीं दी था। उसने कहा कि मैंने बहुत कुछ सहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कलेक्टर कान्फ्रेंस में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस को लेकर सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार को लेकर कड़ाई जमीनी स्तर पर भी उतनी ही सख्त नजर आ रही है। इसकी बानगी एक बार फिर सरकार की त्वरित कार्रवाई से दिखती है। बीते दिनों छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा छापी गई शैक्षणिक सत्र 2024-25 की नई किताबों को कबाड़ में बेचे जाने का मामला सामने आया था। श्री विष्णुदेव साय ने सिलयारी स्थित रियल बोर्ड पेपर मिल में छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा छापी गई वर्ष 2024-25 सत्र की नई किताबें के कबाड़ में बेचे जाने की घटना के प्रकाश में आने पर तत्काल गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले को इस घटना की जांच के निर्देश दिए थे। जांच के उपरांत छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के महाप्रबंधक राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा की प्रथम दृष्टया लापरवाही परिलक्षित होने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस में कड़े तेवर दिखाने के बाद मुख्यमंत्री ने निलंबन की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रशासनिक लापरवाही उन्हें बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं होगी। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम का मामला सामने आने पर इस घटना की जाँच का दायित्व मुख्य सचिव के पश्चात सबसे वरिष्ठ अधिकारी को देना यह स्पष्ट करता है कि इस राज्य में अब प्रशासनिक ढिलाई के दिन बीत चुके हैं। यदि किसी ने लापरवाही या भ्रष्टाचार किया, तो उस पर कार्यवाही अवश्य होगी। मुख्यमंत्री शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों में बिलकुल भी लापरवाही नहीं चाहते। श्री साय ने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने वाले लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कारवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### गोरखपुर मंदिर की गौशाला में आई पुंगनूर नस्ल की गाय, सीएम योगी ने खूब दुलारा

गोरखपुर। गोसेवा के लिए देशभर में प्रसिद्ध गोरक्षपीठ में गोवंश का संसार अब और भी समृद्ध हो गया है। देश में अति दुर्लभ नस्ल में सम्मिलित आंध्र प्रदेश की पुंगनूर गाय को भी गोरखनाथ मंदिर की गौशाला में लाया गया है। सबका ध्यान आकर्षित करने वाली पुंगनूर नस्ल की गोवंश जोड़ी (बछिया और बछड़ा) के मंदिर की गोशाला में आने पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया। गुरुवार को दोपहर बाद गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुक्रवार सुबह की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। वह जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। पर, शुक्रवार का दिन गोसेवा के दृष्टिकोण से विशेष था। कारण, मंदिर की गोशाला में आंध्र प्रदेश के पुंगनूर नस्ल की देसी गोवंश की एक नन्ही जोड़ी (बछिया-बछड़ा) का भी यहां आगमन हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुंगनूर नस्ल की इस जोड़ी को खूब दुलार किया। दोनों के माथे पर हाथ फेरते हुए, गर्दन सहलाते हुए उन्होंने यह कहकर स्नेह दिया, ह्यअरे रे रे, तुम्हें माई की याद आ रही है ना !ह्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ देर तक उन्हें भावुक होकर दुलारते रहे और फिर अपने हाथों से उन्हें खुद गुड़ खिलाया।

# प्रसाद में मिलावट करने वालों पर भड़के कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर, बोले- ये सनातनियों पर बहुत बड़ा आघात

**मथुरा, एजेंसी**



विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में मिलावट को प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने आत्मा का वध करने जैसा बताया है। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने केंद्र सरकार और उच्चतम न्यायालय से ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील भी की है। उन्होंने एक वीडियो संदेश के जरिए अपनी पीड़ा साझा की है। कहा है, तिरुपति बालाजी के प्रसाद में जिस तरीके की मिलावट की बातें हम लोगों को सुनाई पड़ रही हैं। यह बहुत दुखद है, आत्मा का वध करने जैसा है। आजाद देश में कोई सनातियों की भावना से इतना बड़ा खिलवाड़ कर सकता है। वह भी प्रदेश की सरकार के संरक्षण में या उसकी देखरेख में ! हमारे संविधान में यह कहा गया है कि सब लोग अपनी पूजा पद्धति अपने- अपने अनुसार करेंगे लेकिन क्या संविधान में यह अनुमति है कि हमारी पूजा पद्धति पर अधिकार प्रादेशिक सरकार का होगा या उस पर कमेटी बनाकर रखी जाए अथवा उसमें मिलावट होगी अथवा उसमें भी कुछ ऐसी चीज मिला दी जाएंगी, जिससे सनातनियों का धर्म बर्बाद हो जाएगा।

कथावाचक ने आगे कहा, तिरुपति बालाजी में पवित्रता का ध्यान रखा जाता है और हम सब ये जानते हैं लेकिन जिस तरीके की न्यूज आ रही है वो ठीक नहीं है। अगर यह सच है तो निश्चित तौर पर हम सब सनातनियों के साथ बहुत बड़ा आघात हो रहा है। हम सब सनातनियों को बार-बार कहा जाता है कि शांति रखें तो आप बताइए जूस में मूत्र मिल रहा है। भोजन में थूक मिल रहा है। प्रसाद में मिलावट मिल रही है। क्या सनातनियों को इसके बावजूद भी चुप होना चाहिए? महाराज ने कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। बोले, यह अगर सच है तो इसके पीछे कौन व्यक्ति है पहले यह पता करें। फिर उस व्यक्ति के विरुद्ध इतनी कठोर कार्रवाई हो कि दोबारा किसी का साहस ना हो सके। यह मैं भारत सरकार से और सुप्रीम कोर्ट से भी निवेदन करूंगा की अगर आप भी संविधान के तहत हैं तो आपकी यह ज़िम्मेदारी बनती है कि इस पर गहन जांच करके दोषियों को बहुत बड़ी सजा दें।

## तिरुपति मंदिर प्रसादम में मिलावट मामला, पवन खेड़ा बोले- भक्तों की आस्था संग खिलवाड़ स्वीकार नहीं



नई दिल्ली। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिलाए जाने की बात सच है, तो इसकी निष्पक्ष जांच हो और इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। इसके साथ ही उन्होंने इस मसले के तार ध्रुवीकरण की साजिश संग जुड़े होने की आशंका जताई है। खेड़ा ने एक्स पर आगे लिखा, अगर तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में जानवरों के मांस होने के संबंध में किए गए दावे गलत हुए, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि श्रद्धालु और भक्तगण कभी माफ नहीं करेंगे। ऐसा करके भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर निशाना साधाते हुए कहा, भाजपा चुनावी मौसम के बीच ध्रवीकरण की साजिश के सिद्धांतों को हवा देने में माहिर है। बता दें कि राष्ट्रीय विकास बोर्ड के तहत सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फुड लैब की रिपोर्ट में हुए खुलासे में यह बात सामने आई है कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस खुलासे ने देश में नई बहस को जन्म दे दिया है। एनडीडीबी की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में जानवरों के मांस की चर्बी और फिश ऑयल का इस्तेमाल किया गया। दावा किया गया है कि यह सबकुछ उस घी में इस्तेमाल किया गया है, जिसका उपयोग प्रसाद बनाने के लिए किया जाता है। इस प्रसाद का इस्तेमाल ना सिर्फ भगवान को चढ़ाने के लिए किया गया, बल्कि भक्तों के बीच भी इसे बड़े पैमाने पर बांटा गया।

## मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी का प्रयोग अत्यंत घृणित एवं असहनीयः विहिप

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर के प्रसाद में मिलावट मामले पर विश्व हिंदू परिषद(विहिप) के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग बागड़ा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि हिंदुओं की भावनाओं के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ जानबूझ कर और लंबे समय से किया जा रहा है। इससे पूरे हिंदू समाज में आक्रोश की लहर है। हिंदुओं की आस्था पर बार-बार हो रहे इस प्रकार के हमलों को हिंदू समाज अब और बर्दाश्त नहीं करेगा। भगवान तिरुपति मंदिर के प्रसाद में जिस प्रकार विभिन्न पशुओं का मांस मिलाया गया, यह अत्यंत घृणित एवं असहनीय कृत्य है।

बागड़ा ने निष्पक्ष जांच की वकालत की। उन्होंने आगे कहा, विश्व हिंदू परिषद पुरजोर मांग करती है कि इस घटना की पूर्णतः निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। न केवल ऐसे घृणित कुकृत्यों पर रोक लगनी चाहिए, बल्कि जो व्यक्ति या अधिकारी ऐसा निर्णय लेने या करवाने के लिए जिम्मेदार है, उसके विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई की जानी चाहिए तथा उसे दंडित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद लंबे समय से मांग कर रही है कि हिंदू देवी-देवताओं और मंदिरों पर सरकार का नियंत्रण नहीं होना चाहिए। उन्हें समाज के नियंत्रण में होना चाहिए और समाज द्वारा उनका प्रबंधन किया जाना चाहिए। मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण से राजनीति का प्रवेश होता है। वहां गैर-हिंदू अधिकारियों की नियुक्ति से प्रसाद में मिलावट होती है इसलिए हम एक बार फिर मांग करते हैं कि हिंदू पूजा स्थल, मंदिर और तीर्थ स्थान सभी सरकारी नियंत्रण से मुक्त होने चाहिए। बजरंग बागड़ा ने मंदिरों की संपत्ति के दुरुपयोग का भी मुद्दा उठाया। कहा कि इसके अंतर्गत कई अन्य मुद्दे भी हैं जिनमें मंदिरों की संपत्ति का दुरुपयोग और अतिक्रमण किया जाता है। इनका उपयोग गैर-हिंदू उद्देश्यों के लिए भी किया जाता है।

# गन्ने के खेत में प्रेमिका से मिलने पहुंचा आशिक

**गोंडा, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक दिल दहला देने वाला हत्या का मामला सामने आया है, जहां प्रेमिका ने अपने प्रेमी को गन्ने के खेत में मिलने बुलाया और अपने माता-पिता के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। यह घटना छपिया थाना क्षेत्र के गांव तेज पुरवा की है।

पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। मृतक संदीप कुमार को उसकी प्रेमिका संजू ने 15 सितंबर की रात गन्ने के खेत में मिलने के लिए बुलाया था। लेकिन यह मुलाकात उसके लिए जानलेवा साबित हुई। खेत में पहुंचते ही संजू ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर संदीप पर ईंट से हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। संदीप के परिवार वालों ने उसे खोजने की कोशिश की, लेकिन जब ग्रामीणों को खेत से बदबू आने लगी तो संदीप की लाश वहां पाई गई। शव मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर प्रेमिका संजू और उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में प्रेमिका के पिता ने हत्या की वजह बताई। उन्होंने कहा कि संदीप और उनकी बेटी के बीच प्रेम संबंध चल रहा था, लेकिन संदीप ने बाद में संजू को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। संजू ने इस बारे में अपने परिवार को बताया, जिसके बाद उन्होंने इस घटना की साजिश रची। संजू ने संदीप को मिलने के लिए बुलाया, और फिर तीनों ने मिलकर ईंट से उसके सिर पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

# राहुल गांधी सुबह-सुबह पहुंचे करनाल, अमेरिका में घायल हुए युवक के परिवार से की मुलाकात

**करनाल, एजेंसी**



कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी शुक्रवार सुबह हरियाणा के करनाल जिले स्थित घोघड़ीपुर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने अमेरिका में घायल हुए युवक के परिजनों से मुलाकात की।

दरअसल, घोघड़ीपुर गांव का रहने वाला अमित अमेरिका में रहता है और वहां हुए एक हादसे में वो घायल हो गया था। अपने अमेरिका दौरे के दौरान राहुल गांधी उस लड़के से मुलाकात भी की थी। उसके बाद आज राहुल गांधी अमित के परिवार से मुलाकात करने उनके गांव पंहुचे। फिलहाल अमित हादसे के बाद अमेरिका के अस्पताल में भर्ती है। मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने परिवार वालों को ढांढस बंधाया। दरअसल जब राहुल गांधी ने अमित से अमेरिका में मुलाकात की थी तो वादा किया था कि वो उनके घर वालों से जरूर मिलेंगे। इसी सिलसिले में राहुल गांधी ने अमित की मां बीरमती और पिता बीर सिंह से मुलाकात की है। अमित अमेरिका में ट्रक ड्राइवर है और वो सड़क हादसे का शिकार हुआ था।

इस दौरान राहुल गांधी ने अमित से वीडियो कॉलिंग पर बात भी की और उनके स्वास्थ्य का हाल चाल जाना। साथ ही अमित के परिवार के साथ राहुल गांधी ने एक घंटे से ज्यादा का वक्त गुजारा। दिलचस्प बात यह है कि अमित के परिवार ने राहुल गांधी को देसी घी और चूरमा पैक करके दिया।

राहुल गांधी के अचानक दौरे से पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। वहीं कांग्रेस के स्थानीय नेता राहुल गांधी के दौरे के लेकर बेखबर थे। जानकारी मिलने के बाद स्थानीय नेता राहुल गांधी से मुलाकात करने पंहुचे लेकिन तब तक राहुल गांधी का काफिला निकल चुका था।

दरअसल हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का चुनावी अभियान बड़े पैमाने पर जारी है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में सात वादे किए हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा चुनावी वादा प्रदेश प्रदेश की आधी आबादी यानि महिलाओं को लेकर है। पार्टी ने 18 से 60 साल की उम्र की महिलाओं को प्रत्येक महीने 2,000 रुपये और घरेलू गैस सिलेंडर के लिए 500 रुपये देने का ऐलान किया है।

वहीं वृद्धों, दिव्यांग जनों और विधवाओं को प्रति महीने 6,000 रुपए पेंशन देने का भी वादा किया गया है।

## महाराष्ट्र सरकार मुख्य सचिव सुजाता सौनिक पर इस्तीफा देने का दबाव डाल रहीः दानवे

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार उसके फैसलों का विरोध करने के कारण मुख्य सचिव सुजाता सौनिक पर इस्तीफा देने का दबाव डाल रही है। दानवे ने राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को पत्र लिखकर यह दावा किया और मामले में जांच की मांग की। उन्होंने पत्र की एक प्रति सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की है। पत्र के अनुसार, दानवे ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के फैसलों से असहमत होने के कारण वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पर इस्तीफा देने का दबाव डाला जा रहा है। शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना- यूबीटी) के नेता दानवे ने कहा कि सुजाता सौनिक एक ईमानदार अधिकारी हैं, जो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार के कट और कमीशन के चलन को बर्दाश्त नहीं करतीं।

# एनआईए के अधिकारियों को हमने दिए सभी दस्तावेज, जब्त किए हुए पैसे बैंक का लोनः मनोरमा देवी

**गया, एजेंसी**



जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के आवास पर एनआईए की छापेमारी (19 सितंबर) लगभग 20 घंटे तक चली। इसके बाद मनोरमा देवी ने कहा कि उन्होंने सभी जरूरी दस्तावेज साझा कर दिए हैं और जांच में पूरा सहयोग किया है।

19 सितंबर को हुई छापेमारी में एनआईए की टीम ने पांच जगहों पर रेड की। जिनमें से दो से मनोरमा देवा का नाम जुड़ा है। इसमें से एक उनका गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित आवास और दूसरा बोधगया स्थित प्लांट था। सभी दस्तावेजों को खंगाला। तलाशी के बाद एनआईए ने प्रेस रिलीज जारी किया। जिसमें बताया गया है कि रेड में 4 करोड़ 3 लाख रुपए, 10 हथियार, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

वहीं, एनआईए की छापेमारी को लेकर मनोरमा देवी का कहना है कि, हमको कुछ मालूम नहीं था। एनआईए की टीम की ओर से सुबह छह बजे मेरे आवास पर छापेमारी हुआ। एनआईए के अधिकारियों को हमने सभी दस्तावेज दे दिया है। हम राजनीति भी करते हैं, मेरा व्यापार भी चलता है, मेरा होटल भी है, मेरा ठेकेदारी भी है। इससे जुड़े हुए पेपर हमने एनआईए के अधिकारियों को दे दिया।

मेरे पास जो पैसा है, उसके दस्तावेज हमारे पास मौजूद है। जो पैसा रखा गया था, वो काम कर रहे लेबर को देने के लिए रखा गया था। कितना पैसा है, इस बात की जानकारी मेरे पास मौजूद नहीं है। जो रुपये छापामारी के दौरान जब्त किए गए हैं, वे बैंक से लोन लिए गए थे, उसका पूरा हिसाब किताब है, जिसका डिटेल हमारे चार्टर्ड अकाउंटेंट दे देंगे। वहीं हथियार हमारे गार्डों के हैं, उसके भी कागजात हमारे पास मौजूद हैं। जब्ती सूची पर हमने साइन किया है। उन्होंने जो दस्तावेज मांगे और जहां उन्होंने सिग्नेचर करने के लिए कहा, वहां हमने कर दिया। एनआईए के जांच में हमने पूरा सहयोग किया। दरअसल मनोरमा देवी के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई नक्सली गतिविधियों से तार जुड़े होने के सुराग मिलने के बाद की गई है।

# असफल ऑपरेशन के बाद राजस्थान की प्रशासनिक अधिकारी की अहमदाबाद में मौत

**जोधपुर, एजेंसी**

जोधपुर के एक अस्पताल में ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने के कारण अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती 33 वर्षीय उपमंडलीय मजिस्ट्रेट की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) की अधिकारी प्रियंका बिश्नोई को पेट में दर्द हुआ था और चिकित्सकीय जांच में उनके गर्भाशय में एक गांठ का पता चला था। उन्होंने बताया कि इसके बाद प्रियंका की पांच सितंबर को जोधपुर के एक निजी अस्पताल में हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय निकालने की सर्जरी) की गई। एक अधिकारी ने बताया कि छह सितंबर को प्रियंका की हालत बिगड़ने के बाद उनके परिवार ने उन्हें अगले दिन अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि प्रियंका का अस्पताल में 13 दिन तक इलाज किया गया लेकिन बुधवार देर रात उनकी मौत हो गई।

अधिकारी ने बताया कि प्रियंका के परिवार ने जोधपुर अस्पताल के चिकित्सकों पर ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद लोगों ने प्रदर्शन किए और बिश्नोई समुदाय के लोगों समेत कुछ लोग जोधपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के बाहर एकत्र हुए। उन्होंने आरोपी चिकित्सक एवं अस्पताल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग की। अधिकारी ने कहा, हमने उन्हें बताया कि सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार,गठित टीम की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही पुलिस मामला दर्ज कर सकती है। इसके बाद शव ले जाने पर सहमति बनी और करीब साढ़े चार घंटे बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसके बाद प्रियंका के परिजन और बिश्नोई समाज के लोग शव को अंतिम संस्कार के लिए फलोदी के सुरपुरा ले गए।

इस बीच, लोगों का गुस्सा देखते हुए जोधपुर अस्पताल और उसके निदेशक के आवास पर भी देर रात सुरक्षा बढ़ा दी गई। प्रियंका बीकानेर की रहने वाली थीं और 2016 बैच की आरएएस अधिकारी थीं। वह जोधपुर में उप-जिला मजिस्ट्रेट के तौर पर कार्यरत थीं। इस बीच, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रियंका के निधन पर शोक व्यक्त किया।

**बस की भिड़ंत** मृतकों की संख्या भी बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बस में 25 से 30 यात्री सवार थे...

# महाराष्ट्र के जालना में सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत कई घायल

**जालना, एजेंसी**



महाराष्ट्र के जालना में एक ट्रक और बस की भिड़ंत में 5 लोगों की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब गेवराई से अंबाड़ जा रही बस और मौसंबी से आ रहे ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। मामूली रूप से घायलों को इलाज के लिए अंबाड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।घटनास्थल से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त देखी जा सकती हैं। मृतकों की संख्या भी बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बस में 25 से 30 यात्री सवार थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को सुचारू कराया । तत्काल राहत कार्य शुरू कराया गया और गंभीर रूप से घायलों को तत्काल चिकित्सा सेवाओं के लिए अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया।गेवराई से जालना की अंबाड़ जा रही बस (क्रमांक एमएच 20 बीएफ 3573) और अंबाड से संतरे लेकर जा रही आयशर ट्रक (क्रमांक एमएच 01 सीआर 8099) वडिगोदरी जालना मार्ग पर शाहपुर के पास भीषण दुर्घटना का शिकार हो गईं, घायलों को बस की खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया।दुर्घटना का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन अंदाजा लगाया जा रहा है कि ट्रक की गति और सड़क पर बारिश के कारण दुर्घटना हुई होगी। प्रशासन ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। यह पहली बार है कि जालना बीड रोड पर इस तरह की दुर्घटनाएं हुई हैं, सड़क पर बीच में कोई डिवाइडर नहीं है।

## ग्रेटर नोएडा में पुलिस मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार, आभूषण और हथियार बरामद

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाने की पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई में पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ऑटो में बैठी सवारियों का सामान चुराता था। इसके पास से एक बुलेट बाइक, चोरी के आभूषण और अवैध हथियार बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि 19 सितंबर को देर रात थाना बिसरख पुलिस लोटस वैली स्कूल के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक बुलेट बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। इसके बाद वह बाइक को मोड़कर चार-मूर्ति गोल चक्कर की ओर सर्विस रोड की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा करना शुरू किया। इसी दौरान बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति ने एक निमार्णाधीन बिल्डिंग के पास बाइक रोककर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से बदमाश रवि घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस व 1 जिंदा कारतूस, एक चैन, एक टूटी हुई चेन का टुकडा और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने बताया है कि वो ऑटो रिक्शा में बैठकर सवारियों के बैग से ज्वैलरी व कीमती सामान चुराता है। इसके अलावा कभी-कभी बाइक से चेन स्नेचिंग भी करता है। एक दिन पहले ही बदमाश ने चार-मूर्ति के पास एक ऑटो से महिला के हैंडबैग से एक चैन चोरी की थी। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपी के अन्य आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।




# सेल्सफोर्स ने पेश किया एजेंटफोर्स

**मुंबई, एजेंसी।** विश्व के सबसे बेहतर एआई सीआरएम, सेल्सफोर्स ने एजेंटफोर्स पेश किया। यह ऑटोनोमस एआई एजेंट्स का समूह है, जो कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ाएगा और सर्विस, सेल्स, मार्केटिंग एवं कॉमर्स के काम संभालते हुए एफिशियंसी एवं ग्राहक की संतुष्टि में असाधारण सुधार लेकर आएगा। एजेंटफोर्स कंपनियों को कुछ ही क्लिक्स में मांग के अनुसार अपने वर्कफोर्स का विस्तार करने में समर्थ बनाएगा। एजेंटफोर्स के एआई एजेंट्स का असीमित डिजिटल कार्यबल डेटा का विश्लेषण कर सकता है, निर्णय ले सकता है और ग्राहक सेवा के सवालों का जवाब देने, सेल्स लीड को पूरा करने और मार्केटिंग अभियानों को ऑप्टिमाईज़ करने जैसे कामों के लिए कार्रवाई कर सकता है। एजेंटफोर्स के साथ कोई भी संगठन किसी भी उद्योग में कैसे भी काम के लिए अपने खुद के एजेंट बनाकर और अनुकूलित करके तैनात कर सकता है। एजेंट्स एआई के भविष्य हैं, जिसकी शुरुआत हो गई है। मार्क बेनिऑफ, चेयर एवं सीईओ, सेल्सफोर्स ने कहा एजेंटफोर्स एआई के तीसरे दौर का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जो को-पायलट के मुकाबले विकसित होकर अत्यधिक सटीक, कम मतिभ्रम वाले बुद्धिमान एजेंट्स का नया युग शुरू कर रहे हैं, जो ग्राहकों को सफलता प्रदान करेंगे। अन्य प्लेटफॉर्म्र्स से अलग, एजेंटफोर्स एक क्रांतिकारी और भरोसेमंद समाधान है, जो हर वर्कफ्लो में सुगमता से एआई का एकीकरण कर ग्राहक के सफर का महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाता है। यानी जरूरतों का अनुमान लगाकर, संबंधों को मजबूत करता है, वृद्धि संभव बनाता है, और हर संपर्कबिंदु पर सक्रिय कार्रवाई करता है। उन्होंने आगे कहा, ''अन्य समाधानों में एआई के लिए 'डू-इट-योरसेल्फ' की जरूरत पड़ती है, वहीं एजेंटफोर्स एक पूरी तरह से अनुकूलित, एंटरप्राईज़-रेडी प्लेटफॉर्म है, जो तुरंत प्रभाव उत्पन्न करने और विस्तार करने के लिए डिज़ाईन किया गया है

# मध्य प्रदेश के 200 से अधिक स्कूलों ने स्कूल सिनेमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया

**भोपाल।** एलएक्सएल फाउंडेशन ने स्कूल सिनेमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एस सी आई एफ एफ ) का 7वां संस्करण प्रस्तुत किया, जो भारत का सबसे बड़ा बच्चों का फिल्म महोत्सव है। मध्य प्रदेश में, एस सी आई एफ एफ का प्रदर्शन 200 से अधिक स्कूलों में किया गया और इसमें लगभग 44,000 छात्रों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, सम्पूर्ण उत्तर भारत में लगभग 22,500 स्कूलों और 7.7 मिलियन से अधिक छात्रों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। पहले अंतरराष्ट्रीय किड्स फ़िल्म फ़ेस्टिवल के नाम से मशहूर, एस सी आई एफ एफ भारतीय कक्षाओं में वैश्विक सिनेमा को शामिल करके शिक्षा में बदलाव ला रहा है। शिक्षाविद्, दूरदर्शी, फ़िल्म निर्माता और फ़िल्म शिक्षाशास्त्र के मास्टर माइंड सैयद सुल्तान अहमद के नेतृत्व में, एस सी आई एफ एफ 2024 एक फिल्म महोत्सव से कहीं बढ़कर था - यह एक आंदोलन था। 30,000 से अधिक स्कूलों, जिनमें 25,000+ सरकारी स्कूल थे, के 8 मिलियन से अधिक छात्रों ने इस अखिल भारतीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया। इस वर्ष के आयोजन में 20 से अधिक देशों की 80 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिन्हें 15 से अधिक भाषाओं में दिखाया गया, तथा इनमें मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सुरक्षा जैसे अनेक विषयों के बारे में बताया गया आज के समय में छात्र जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं

# सुप्रीम कोर्ट से दूरसंचार कंपनियों को झटका, एजीआर गणना में गड़बड़ी से जुड़ी क्यूरेटिव पिटीशन खारिज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार कंपनियों को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल सहित कई कंपनियों की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिनमें समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) में कथित त्रुटियों को सुधारने का अनुरोध किया गया था।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने दूरसंचार कंपनियों की उस याचिका को भी खारिज कर दिया। पिटीशन में सुधारात्मक याचिकाओं (क्यूरेटिव पिटीशन) को खुली अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की मांग की गई थी।



सुधारात्मक याचिका सर्वोच्च न्यायालय में अंतिम पड़ाव होती है, उसके बाद इस अदालत में गुहार लगाने का कोई कानूनी रास्ता नहीं होता। इस पर आम तौर पर बंद कमरे में विचार किया जाता है, जब तक कि प्रथम दृष्ट्या फैसले पर पुनर्विचार के लिए मामला नहीं बन जाता। पीठ ने 30 अगस्त को आदेश सुनाया था जो बृहस्पतिवार को सार्वजनिक किया गया। न्यायालय ने कहा, '' सुधारात्मक याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने का आवेदन खारिज किया जाता है। हमने सुधारात्मक याचिकाओं और संबंधित दस्तावेजों पर गौर किया है। हमारा मानना है कि रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा में इस अदालत के फैसले में बताए गए मापदंडों के भीतर कोई मामला नहीं बनता है। सुधारात्मक याचिकाएं खारिज की जाती हैं।''

शीर्ष अदालत ने पिछले साल नौ अक्टूबर को कुछ दूरसंचार कंपनियों की दलीलों गौर किया था। इनमें समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया मुद्दे पर उनकी याचिकाओं को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने इससे पहले जुलाई 2021 में एजीआर बकाया की मांग में त्रुटियों को सुधारने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

दूरसंचार कंपनियों ने शीर्ष अदालत का रुख कर दावा किया था कि एजीआर बकाया राशि तय करने में कई त्रुटियां थीं, जो कुल एक लाख करोड़ रुपये से अधिक थीं।

# सस्ता होगा ऑनलाइन सामान मंगाना ! नितिन गडकरी ने कर दिया ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की मौज आ सकती है। सरकार का प्लान अगले 5 सालों में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है। अगर ऐसा होता है तो ऑनलाइन मंगाए जाने वाले सामान के साथ खाने-पीने और दूसरी चीजों की कीमत में कमी आ सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लॉजिस्टिक्स लागत कम करने की बात कही। उन्होंने डेलॉयट गवर्नमेंट समिट में कहा कि मिनिस्ट्री कई हाईवे और एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है। इससे भारत की लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अगले पांच वर्षों में हमारी लॉजिस्टिक्स लागत सिंगल डिजिट में आ जाएगी। हालांकि इकनॉमिक रिसर्च संस्थान टैंक नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमान के अनुसार भारत में लॉजिस्टिक्स लागत 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद के 7.8 फीसदी से 8.9 फीसदी के बीच थी।

# महंगाई की एक और मार ! फेस्टिव सीजन से पहले ड्राई फ्रूट्स के चढ़े दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मॉनसून में सब्जियों की महंगाई के बाद अब काजू, बादाम और अखरोट के दाम भी बढ़ गए हैं, जिससे आने वाले फेस्टीवल सीजन में मिठाइयों की कीमतों में इजाफा होने की संभावना है। व्यापारियों के अनुसार उत्पादन कम और वैश्विक मांग अधिक होने के कारण काजू, अखरोट समेत कई ड्राई फ्रूट्स के दाम में तेजी आई है। खारी बावली में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, दक्षिण अफ्रीका और अन्य देशों से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है। एक व्यापारी के मुताबिक त्योहारों के चलते बादाम, पिस्ता, काजू और अखरोट की मांग बढ़ गई है। बड़ी कंपनियां जो मिठाई बनाती हैं, उन्होंने खरीदारी शुरू कर दी है। इंटरनेशनल फूट्स एंड नट्स ऑर्गनाइजेशन के निदेशक रविंद्र मेहता ने बताया कि काजू, बादाम, अखरोट और पिस्ता की कीमतों में तेजी आई है। मई में थोक बाजार में चार टुकड़ा काजू की कीमत लगभग 400 रुपए प्रति किलो थी, जो अब लगभग 850 रुपए प्रति किलो हो गई है। इसका मुख्य कारण यह है कि अफ्रीका में काजू की पैदावार कम हुई है, जिससे देश में 35 प्रतिशत काजू की सप्लाई घट गई है। अखरोट के दाम में भी बढ़ोतरी हुई है, जो कि लगभग 150 रुपए प्रति किलो बढ़कर 600 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में बैंकों की भूमिका अहम, वित्त मंत्री ने तकनीक के प्रयोग पर यह कहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बैंकिंग क्षेत्र को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को यह बात कही। सीतारमण ने पुणे में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, बैंकों को प्रधानमंत्री की ओर से निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और आपकी भूमिका से हम इस सपने को साकार करने में और अधिक गति प्रदान करेंगे।




सीतारमण ने कहा कि बैंकों को बुनियादी ढांचा क्षेत्र को मजबूत गति प्रदान करनी होगी, एमएसएमई को जरूरत आधारित वित्तपोषण की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी, बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को औपचारिक बैंकिंग चैनलों के दायरे में लाना होगा और बीमा पहुंच बढ़ाने में मदद करनी होगी।

उन्होंने कहा कि तकनीक बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही है क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित और आसान डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि आप (बैंक) ऐसा डिजिटल सिस्टम नहीं रख सकते जो कहीं हैक हो जाए और पूरा सिस्टम व उस पर भरोसा खतरे में पड़ जाए। इसलिए आपके पास एक मजबूत और लचीला सिस्टम होना चाहिए जिसके लिए आपको समय-समय पर यह सुनिश्चित करना होगा कि फायरवॉल पर्याप्त हों। कोई भी आपातकालीन अभ्यास जो आपको करने की आवश्यकता है, करनी चाहिए।

# आईएसबी ने 'पीजीपी वाईएल' लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** 2001 में स्थापित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), मैनेजमेंट एजुकेशन में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रसिद्ध है, जो भारत एवं विश्व के लिए भविष्य के लीडर तैयार करने के अपने मिशन की ओर एक और बड़ी पहल शुरू कर रहा है। आईएसबी ने 2 साल तक के फुल टाईम वर्क एक्सपीरियंस वाले लोगों के लिए 20 माह का फुल टाईम एमबीए इक्विवेलेंट रेजिडेंशियल मैनेजमेंट प्रोग्राम- पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर यंग लीडर्स (पीजीपी वाईएल) शुरू किया है।

2025 के मध्य शुरू हो रहा आईएसबी का पीजीपी वाईएल एक इनोवेटिव और अत्याधुनिक पाठ्यक्रम की मदद से अध्ययन का विस्तृत अनुभव प्रदान करेगा। यह पाठ्यक्रम व्यवसाय के विकसित होते परिदृश्य और टेक्नोलॉजिकल प्रगति के अनुरूप डिज़ाईन किया गया है। रिसर्च पर आधारित इस पीजीपी वाईएल पाठ्यक्रम में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, डेटा, एनालिटिक्स कोर्स के साथ फाउंडेशनल बिज़नेस प्रिंसिपल्स और विद्यार्थियों को इनोवेटिव प्रॉब्लम सॉल्वर्स के रूप में विकसित करने के लिए ग्लोबल पहलू शामिल किए गए हैं।

# एचपी ने भारत में व्यवसायों के लिए नए कलर लेजरजेट प्रो प्रिंटर पेश किए

**मुंबई, एजेंसी।** एचपी ने एचपी कलर लेजरजेट प्रो 3000 सीरीज़ की नई रेंज पेश की है जो इसके ऑफिस प्रिंट पोर्टफोलियो में नवीनतम उत्पाद है। भारत में बिज़नेस की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह नई रेंज ऊर्जा-दक्ष टेराजेट टोनर टेक्नोलॉजी पर आधारित है जिससे अधिक स्पष्ट कलर और तेजी से प्रिंट करने की सुविधा मिलती है। एचपी कलर लेजरजेट प्रो 3000 सीरीज़ के तहत भारत में दो मॉडल पेश किए गए हैं सिंगल फंक्शन एचपी कलर लेजरजेट प्रो प्रिंटर 3203डीडब्ल्यू और मल्टी-फंक्शन एचपी कलर लेजरजेट प्रो प्रिंटर 3303एसडीडब्ल्यू, जो कलर तथा ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटिंग, स्कैनिंग और कॉपी करने की सुविधा प्रदान करता है।



एचपी इंडिया मार्केट के सीनियर डायरेक्टर, प्रिंटिंग सिस्टम्स सुनीश राघवन ने कहा भारत में छोटे और मझोले आकार के व्यवसायों का लगातार विस्तार हो रहा है ऐसे में कुशल और सुरक्षित प्रिंटिंग उनके परिचालन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है हम एसएमबी लीडर्स की बढ़ती जरूरतों को सही तकनीकी समाधान के साथ तालमेल बिठाने में आने वाली चुनौतियों को समझते हैं। इसलिए हमें नई एचपी कलर लेजरजेट प्रो 3000 सीरीज़ पेश करते हुए खुशी हो रही है। इनोवेटिव टेराजेट टेक्नोलॉजी की विशेषता वाली यह सीरीज़ कॉम्पैक्ट डिजाइन के साथ असाधारण कलर क्वालिटी, प्रेफेशनल स्पीड और ऊर्जा दक्षता प्रदान करती है यह समाधान व्यवसायों को डाउनटाइम कम करने परिचालन दक्षता बनाए रखने और लगातार विकसित हो रहे बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।'' एचपी कलर लेजरजेट प्रो 3000 सीरीज़ असाधारण गति और दक्षता प्रदान करती है। 25 पेज प्रति मिनट तक की प्रिंट स्पीड और महज 10.9 सेकंड्स में पहला प्रिंटआउट टाइम के साथ ये प्रिंटर तेज और विश्वसनीय परिणाम सुनिश्चित करते हैं।डिफॉल्टक डुप्लेक्स प्रिंटिंग सुविधा प्रत्येक पेज के दोनों तरफ ऑटोमैटिकली प्रिंटिंग करके कागज के उपयोग और लागत को कम करने में मदद करती है।

# इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 ने एशिया के प्रमुख डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम के लिए प्रभावशाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लाइनअप की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) कीसह-मेज़बानी में नईदिल्ली के प्रगति मैदान में 15-18 अक्टूबर तक होने वाली एशिया की प्रमुख डिजिटल टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी इंडिया मोबाइल कांग्रेस ने अपने आठवें संस्करण में एआई और जेनएआई पर केंद्रित शो केस, प्रदर्शनी और परिचर्चा के प्रभावशाली लाइनअप की घोषणा की। आईएमसी 2024 के लिए वर्ष की थीम द फ्यूचर इज़ नाउ है और हाल ही में जुलाई 2024 मेंमाननीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्री, श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा इसका अनावरण किया गया था। विषय यह दर्शाता है कि भारत तकनीकी विकास के केंद्र में कैसे खड़ा है। इस वर्ष आईएमसी2024 का प्रमुख रूप से ध्यान एआई और जेनएआई आधारित परिचर्चाऔर शो केस पर रहेगा और एआईइन नेटवर्क्स, एआईइन चिपसेट्स, एथिकल एआई जैसी थीम्स में गहन चर्चा की जाएगी। इंडिया मोबाइल कांग्रेस और इंटरनेशनल टेली कम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) 'एआईफॉरगुड' पर एक विशेष दिनभर का सत्री आयोजित करेंगी

# सुप्रीम कोर्टः एंड्रॉयड मोबाइल डिवाइस मामले में गूगल को राहत, सीसीआई के आदेश के खिलाफ याचिका सूचीबद्ध

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने गुरुवार सुप्रीम कोर्ट में बताया कि एंड्रॉयड मोबाइल डिवाइस मामले में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी की कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों से संबंधित मामले में दलीलें सुनने में पांच-छह दिन लग सकते हैं। पिछले साल 29 मार्च को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने इस मामले में गूगल की कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों पर मिश्रित फैसला सुनाया था। फैसले में 1,338 करोड़ रुपये का जुर्माना बरकरार रखा गया था, लेकिन प्ले स्टोर पर तीसरे पक्ष के एप स्टोर की मेजबानी की अनुमति जैसी शर्तों को हटा दिया गया था।

शीर्ष अदालत गूगल और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की ओर से दायर की गई दलीलों पर विचार कर रही है। याचिका में एंड्रॉयड मोबाइल डिवाइस मामले में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी की कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों से संबंधित एक मामले में अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती दी गई है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पहले ही इन याचिकाओं को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। दिन की



कार्यवाही की शुरूआत में, प्रौद्योगिकी दिग्गज की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने याचिका का उल्लेख किया और कहा कि मामले की सुनवाई में पांच-छह दिन लग सकते हैं।

सीजेआई ने कहा, यह (याचिका) बोर्ड (कार्यसूची) में अपनी स्थिति बनाए रखेगी। देखते हैं चीजें आगे बढ़ती हैं...इस मामले को शुरू होने दीजिए। हम देखेंगे। इससे पहले जुलाई में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि वह इस मामले में गूगल और सीसीआई की दलीलों पर सितंबर के दूसरे सप्ताह में सुनवाई करेगा।

पीठ ने मामले के आसान निर्णय के लिए दोनों पक्षों के वकीलों की मदद से आम डिजिटल याचिका तैयार करने के लिए वकील समीर बंसल को नोडल वकील नियुक्त किया था। एनसीएलएटी ने अपने फैसले में एंड्रॉयड में अपनी प्रमुख स्थिति का फायदा उठाने के लिए सीसीआई द्वारा प्रौद्योगिकी दिग्गज पर लगाए गए जुर्माने को बरकरार रखा था। एनसीएलएटी ने एंटी-ट्रस्ट विनियामक के आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि गूगल उपयोगकर्ताओं द्वारा अपने प्री-इंस्टॉल किए गए ऐप्स को हटाने पर प्रतिबंध नहीं लगाएगा। गूगल और सीसीआई दोनों एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट आये। पिछले वर्ष 7 जुलाई को शीर्ष अदालत ने पहली बार इन अपीलों पर सुनवाई की थी।

इससे पहले, एनसीएलएटी ने अपने 189 पृष्ठ के आदेश में सीसीआई के छह निर्देशों को बरकरार रखा था, जिसमें से एक में गूगल से कहा गया था कि वह प्रारंभिक डिवाइस सेटअप के दौरान उपयोगकर्ताओं को अपना डिफॉल्ट सर्च इंजन चुनने की अनुमति दे, और दूसरे में यह स्पष्ट किया गया था कि ओईएम को कई ऐप्स को प्री-इंस्टॉल करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

अपीलीय न्यायाधिकरण ने गूगल को निर्देश का क्रियान्वयन करने तथा 30 दिनों के भीतर राशि जमा करने को कहा था। इसने कहा था कि आयोग के आदेश को चार निर्देशों को छोड़कर बरकरार रखा जाता है और कहा कि गूगल इस प्रकार उपरोक्त चार निर्देशों को रद्द करने के अलावा किसी अन्य राहत का हकदार नहीं है।

# नवरचना विश्वविद्यालय द्वारा 18 से 20 सितंबर तक सीओए अवार्ड्स का आयोजन

**वडोदरा एजेंसी।** वडोदरा के मुख्य बहु-विषयक निजी विश्वविद्यालय, नवरचना विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल डिजाइन एंड आर्किटेक्चर ने जोन सेकंड के लिए प्रतिष्ठित काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर अवार्ड(पुरस्कारों) का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम 18 से 20 सितंबर तक विश्वविद्यालय के भायली परिसर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भारत के कई राज्यों के आर्किटेक्चरल स्कूलों(वास्तुकला विद्यालयों) की असाधारण प्रतिभाओं को हाइलाइट किया जाएगा। आर्किटेक्चर के 75 स्कूलों से 100 से अधिक प्रविष्टियों वाले सीओए अवार्ड दो श्रेणियों, कैपस्टोन या थीसिस प्रोजेक्ट्स और आर्किटेक्चरल वर्क्स के डोक्यूमेन्टेशन में प्रदान किए जाएंगे। देश भर से आए प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल ने निष्पक्षता सुनिश्चित करते हुए डबल-ब्लाइंड समीक्षा के माध्यम से प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। विजेताओं को 20 सितंबर को समापन समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा। सीओए अवार्ड के लिए गुजरात, उड़ीसा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, आंध्र, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं। इस कार्यक्रम में अन्य आर्किटेक्चरल स्कूलों के लगभग 100 छात्र तथा कई शिक्षाविद और पेशेवर भाग लेंगे। सीओए के अध्यक्ष अभय पुरोहित भी समापन समारोह में शामिल होंगे, जहां विजेताओं की घोषणा की जाएगी। नवरचना विश्वविद्यालय के प्रोवोस्ट और स्थ्रष्ठ के डीन प्रो. प्रत्यूष शंकर ने कहा कि, सीओए अवार्ड्स का आयोजन करना और आर्किटेक्चर में करियर बनाने वाले छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता को पहचानना हमारा सौभाग्य है। यह कार्यक्रम वास्तव में छात्रों के लिए अन्य संस्थानों और राज्यों के अपने समकक्षों से सीखने का एक बेहतरीन अवसर है। नवरचना विश्वविद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती तेजलबेन अमीन ने कहा कि, नवरचना विश्वविद्यालय का एन्वारमेंटल डिजाइन एंड आर्किटेक्चर स्कूल(पर्यावरण डिजाइन और वास्तुकला स्कूल) अब राष्ट्रीय स्तर पर सबसे महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थानों में से एक माना जाता है।

# धनुष ने जूनियर वेटलिफ्टिंग विश्व चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक

**लियोन (स्पेन) (एजेंसी)।** भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष ने शुक्रवार को यहां आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के 55 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में किसी भारतीय पुरुष एथलीट का पहला पदक है। इस 17 वर्षीय भारोत्तोलक ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।



धनुष ने ग्रुप बी में हिस्सा लिया। ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा जाता है। इसके बाद ग्रुप बी और अन्य ग्रुप होते हैं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 13वें स्थान पर रहे। ग्रुप ए सत्र के खत्म होने तक धनुष बैठे रहे। उन्होंने आईडब्ल्यूएफ से कहा, 'जैसे जैसे स्पर्धा आगे बढ़ रही थी, मैं और नर्वस हो गया था। लेकिन मैंने पदक जीतने के बारे में कभी नहीं सोचा था।

वियतनाम के के डुओंग ने 253 किग्रा से स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा से रजत पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में पायल 45 किग्रा वजन वर्ग में कुल 150 किग्रा के वजन से छठे स्थान पर रही। इस टूर्नामेंट में नौ भारतीय भारोत्तोलक हिस्सा ले रहे हैं।

# हसन महमूद ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## भारत में ऐसा कमाल करने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बने



**चेन्नई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज हसन महमूद ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय धरती पर टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। महमूद के शानदार प्रदर्शन ने चेन्नई में पहले टेस्ट के पहले दिन भारत की बल्लेबाजी को ध्वस्त करने में मदद की जिससे मेजबान टीम दूसरे सत्र में 96/4 पर सिमट गई।

उन्होंने पहले सत्र में जसप्रीत बुमराह को आउट करके और भारत को 376 रनों पर समेटकर दूसरे दिन ऐतिहासिक पांच विकेट पूरे किए। यह बांग्लादेश के तेज गेंदबाज का लगातार दूसरा पांच विकेट था। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश की जीत में भी 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 83 रन देकर 5 विकेट लिए और अपनी उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए अपने घुटनों के बल बैठे।

चेन्नई की उमस भरी सुबह में गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए बांग्लादेश ने बादलों से घिरे मौसम का भरपूर फायदा उठाया और महमूद ने कमाल कर दिया। मैच से पहले ज्यादातर ध्यान बांग्लादेश के तेज गेंदबाज़ नाहिद राणा पर था, लेकिन महमूद की सटीक और स्विंग ने भारत को चकनाचूर कर दिया। 5/38 के उनके आंकड़े बांग्लादेश क्रिकेट के लिए करियर के सर्वश्रेष्ठ और ऐतिहासिक उपलब्धि थे।

# पूर्व भारतीय क्रिकेटर विक्रम राठौर राजस्थान के बैटिंग कोच बने

## बोले- रॉयल्स का हिस्सा होना सौभाग्य की बात, भारत को जिताया था टी-20 वर्ल्डकप

**जयपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व बैटिंग कोच विक्रम राठौर को आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने बल्लेबाजी कोच बनाया है। आईपीएल फ्रेंचाइजी ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में बताया की 55 वर्षीय पूर्व भारतीय ओपनर उनके बैटिंग कोच होंगे। भारत के लिए 6 टेस्ट और 7 वनडे मैच खेल चुके विक्रम राठौर ने राजस्थान रॉयल्स से कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा होना सौभाग्य की बात है। एक बार फिर राहुल के साथ और अब युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने का मौका मिला है। मैं टीम के विजन और रॉयल्स के लिए टॉप क्लास प्लेयर्स बनाने में मदद करूंगा, जो टीम को आईपीएल विजेता बनाने में मददगार होगा।




भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच

# बांग्लादेश 149 पर ढेर

## भारत ने पहली पारी में बनाई 227 रन की बढ़त

## रोहित दूसरी पारी में भी फेल, 5 रन बनाकर लौटे पवेलियन, यशस्वी भी नहीं चले

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 149 रन पर ढेर कर 2 विकेट पर 286 रन की मजबूत बढ़त बना ली थी। बांग्लादेश को 150 से कम पर रोकने में जसप्रीत बुमराह सबसे प्रभावशाली रहे जिन्होंने 50 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं मोहम्मद सिराज, आकाशदीप और रविंद्र जडेजा ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। बांग्लादेश की तरफ से एक मात्र शाकिब अल हसन ने ही सबसे बड़ी पारी खेली जो 32 रन की थी।

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज को पहला मैच चेन्नई में खेला जा रहा है। दूसरे दिन दूसरी पारी में भारत ने 2 विकेट खोकर 47 रन बना लिए हैं। रोहित शर्मा 5 और यशस्वी जायसवाल 10 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल, शुभमन गिल और विराट कोहली क्रीज पर हैं। भारत ने पहली पारी में 227 रन की लीड ली था, अब उसकी बढ़त 274 रन की हो गई है।

इससे पहले रविचंद्रन अश्विन के शतक और रविंद्र जड़ेजा के साथ उनकी 199 रन की साझेदारी के दम पर भारतीय टीम शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन 376 रन पर आउट हो गई। दिन की शुरुआत छह विकेट पर 339 से करने वाले भारत ने केवल 37 रन जोड़कर अपने 4 विकेट गंवा दिए, जिसमें सबसे पहले जडेजा (86) का विकेट गिरा। अश्विन अपनी पारी में और 11 रन जोड़कर 113 रन पर तस्कीन अहमद का शिकार बने। बांग्लादेश के इस तेज गेंदबाज ने दूसरे दिन तीन विकेट झटके जिसमें अश्विन के अलावा जडेजा और आकाश दीप का विकेट शामिल है। युवा तेज गेंदबाज हसन महमूद बांग्लादेश के सबसे सफल तेज गेंदबाज रहे। उन्होंने 83 रन देकर पांच विकेट लिए।

बंगलादेश ने गुरुवार को टॉस जीतकर टेस्ट मैच में भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आज यहां बंगलादेश के कप्तान नजमुल शान्तो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस के बाद शान्तो ने कहा कि पिच सख्त नजर आ रही है लेकिन नमी को देखते हुए वह परिस्थिति का फायदा लेना चाहते है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान श्रृंखला के बाद टीम आत्मविश्वास से लबरेज है और उसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह भी टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ही करते। उन्होंने कहा कि हर टेस्ट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने अच्छी तैयारी की है। भारतीय टीम में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर हैं। तेज गेंदबाजो में आकाश दीप, बुमराह और सिराज हैं जबकि अश्विन और जडेजा स्पिनर के तौर पर खेल रहे हैं।

# तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हासिल की खास उपलब्धि

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए 400 विकेट




**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे कर लिए हैं और वह यह उपलब्धि अपने नाम करने वाले भारत के 10वें गेंदबाज हैं। इसके अलावा बुमराह ऐसे छठे भारतीय तेज गेंदबाज जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे करने की उपलब्धि हासिल की है।

बुमराह ने हसन महमूद को आउट करने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे किए। बुमराह ने बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया और 11 ओवर में 50 रन देकर चार विकेट झटके। बुमराह ने घरेलू मैदान पर वापसी कर अपना दम दिखाया और बांग्लादेश की पारी को लड़खड़ा दिया। बुमराह ने पहले ही ओवर में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम को बोल्ड कर पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने मुशफिकुर रहीम, हसन महमूद और तस्कीन अहमद के विकेट झटके।

### कपिल-जहीर की लिस्ट में शामिल हुए बुमराह

बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए 163 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे करने के साथ ही कपिल देव, जहीर खान, ईशांत शर्मा और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं। बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे करने की उपलब्धि 227वें पारी में पूरी की।

**भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज**

| गेंदबाज | विकेट | पारी |
|---|---|---|
| अनिल कुंबले | 953 | 499 |
| रविचंद्रन अश्विन | 744 | 369 |
| हरभजन सिंह | 707 | 442 |
| कपिल देव | 687 | 448 |
| जहीर खान | 597 | 373 |
| रवींद्र जडेजा | 570 | 397 |
| जवागल श्रीनाथ | 551 | 348 |
| मोहम्मद शमी | 448 | 188 |
| ईशांत शर्मा | 434 | 280 |
| जसप्रीत बुमराह | 401* | 227 |

### भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ बने बुमराह

2018 में टेस्ट में डेब्यू करने वाले बुमराह ने लाल गेंद के प्रारूप में भी प्रभाव छोड़ा है। उनकी गिनती फिलहाल दुनिया भर में सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के तौर पर की जाती है। आईपीएल में प्रभाव छोड़ने के बाद शुरुआत में उन्हें सीमित ओवरों का विशेषज्ञ माना जाता था, लेकिन जल्द ही वह टेस्ट क्रिकेट में भारत के महत्वपूर्ण गेंदबाज बनकर उभरे। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह ने चार टेस्ट मैचों में 19 विकेट झटके थे।

इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग 2024

# हरियाणा हरिकेन, राजस्थान रूलर्स और दिल्ली ड्रैगन्स के कप्तान घोषित, जर्सी लॉन्च



**हरियाणा (एजेंसी)।** उद्घाटन इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग -2024 की तीन फ्रेंचाइजी - हरियाणा हरिकेन, राजस्थान रूलर्स और दिल्ली ड्रैगन्स ने अपने कप्तानों की घोषणा करने के साथ टीमों की नई जर्सियां लॉन्च कर दीं। आईपीकेएल सीजन में 4 से 19 अक्टूबर 2024 तक 8 टीमें ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम, पंचकूला में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

**और इंतजार नहीं कर सकता...-** आईपीकेएल के ब्रांड एंबेसडर, मनजीत छिल्लर ने कहा कि जर्सी और कप्तान वास्तव में प्रत्येक टीम का सार प्रदर्शित करते हैं। मैं पहले सीजन को लेकर बेहद उत्साहित हूं और मैट पर होने वाले तीव्र मुकाबलों और रोमांचक ड्रामे का और इंतजार नहीं कर सकता। कबड्डी भारत की धरती से निकला खेल है और इसे देश में मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया और बढ़ती लोकप्रियता देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।

### यह बनाए गए कप्तान

हरियाणा हरिकेन की कप्तानी शिव कुमार करेंगे, जो अपनी तेज और शानदार शैली के लिए जाने जाते हैं। टीम ने एक दमदार नई जर्सी का अनावरण किया है जो ताकत और डर का प्रतीक है।

राजस्थान रूलर्स की कप्तानी कपिल नरवाल करेंगे। कपिल के नेतृत्व में, रूलर्स रणनीतिक योजना और उसके सटीक कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। दिल्ली ड्रैगन्स ने उद्घाटन सीजन के लिए विकास दहिया को अपना कप्तान नियुक्त किया है। टीम की नई जर्सी, जो स्टाइलिश है, ड्रैगन्स की ऊर्जावान शैली को पूरा करती है।

# श्रीलंका ने महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम की घोषणा की

### करिश्माई ऑलराउंडर चमारी अथापथु को मिली कप्तानी

**कोलंबो (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए श्रीलंका की टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रानावीरा को शामिल किया गया है और कप्तानी करिश्माई ऑलराउंडर चमारी अथापथु करेंगी। इनोका को श्रीलंका के विजयी महिला एशिया कप अभियान और उसके बाद आयरलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से बाहर रखा गया था। उन्होंने आखिरी बार श्रीलंका के लिए टी20आई में महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 में हिस्सा लिया था, जिसे उन्होंने यूएई में जीता था।



श्रीलंका के लिए 82 टी20आई खेलों में इनोका ने 5.86 की इकॉनमी रेट से 91 विकेट लिए हैं। वह अब इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी और कविशा दिलहारी के साथ-साथ चमारी की ऑफ-स्पिन वाली स्पिन-भारी गेंदबाजी लाइनअप में शामिल हो गई हैं। श्रीलंका के लिए उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया और अमा कंचना सीम-गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगी।

बल्लेबाजी में चमारी और कविशा के अलावा, विशमी गुणरत्ने और हर्षिता समाविक्रमा पर भी नजरें रहेंगी। श्रीलंका 2024 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ है। वे अपना अभियान 3 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ शुरू करेंगे।

श्रीलंका की टीम - चमारी अथापथु (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता माधवी, नीलाक्षी डी सिल्वा, इनोका राणावीरा, हसीनी परेरा, कविशा दिलहारी, सचिनी निसानसाला, विशमी गुणारत्ने, उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अमा कंचना।

यात्रा रिजर्व - कौशिनी नुथ्यांगना।

# संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी में ठोका शतक, पारी के दौरान लाए 12 चौके और तीन छक्के

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा। शुक्रवार 20 सितंबर को इंडिया बी के खिलाफ इंडिया डी के लिए खेलते हुए उन्होंने 92 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की। ??यह सैमसन का 11वां प्रथम श्रेणी शतक था। संजू सैमसन पहले दलीप ट्रॉफी टीम में नहीं थे, लेकिन ईशान किशन के चोटिल होने के कारण चयनकर्ताओं को श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम डी में केरल के विकेटकीपर को प्रतिस्थापन के तौर पर शामिल करना पड़ा। सैमसन ने पहले राउंड में बेंच पर बैठने के बाद दूसरे राउंड में इंडिया ए के खिलाफ 5 और 40 रन बनाए थे।

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान ने तीसरे और अंतिम राउंड में इस मौके का पूरा फायदा उठाया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन ने सुनिश्चित किया कि इंडिया डी बल्ले से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखे। सैमसन ने इंडिया बी की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई के खिलाफ आक्रामक पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए, जिसमें मुकेश कुमार, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, राहुल चाहर और नवदीप सैनी जैसे गेंदबाज शामिल थे।



सैमसन ने सारांश जैन और रिकी भुई के साथ मिलकर बेहतरीन साझेदारी की और आक्रामक भूमिका निभाई। इंडिया डी के शीर्ष तीन बल्लेबाजों देवदत्त पडिक्कल (50), केएस भरत (52) और रिकी भुई (56) ने अर्धशतक जमाए। सैमसन के शतक ने उन्हें पहली पारी में 349 रन के आसान स्कोर तक पहुंचाया।

इंडिया डी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और निशांत सिंधु (19) और कप्तान श्रेयस अय्यर (0) जल्दी आउट हो गए। हालांकि, सैमसन ने काउंटर-अटैकिंग पारी खेलकर सुनिश्चित किया कि इंडिया बी के गेंदबाज नियंत्रण न कर लें। सैमसन पहले दिन स्टंप्स तक 89 रन बनाकर नाबाद थे और उन्होंने शुक्रवार की सुबह अपना शतक पूरा कर लिया। नवदीप सैनी ने सैमसन को 101 गेंदों में 106 रन पर आउट कर दिया। यह शतक अक्टूबर में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन से पहले संजू सैमसन के आत्मविश्वास को काफी बढ़ा देगा। 29 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केरल के लिए दमदार प्रदर्शन करके खुद को मैच में बनाए रखना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने बेहद प्रतिस्पर्धी दलीप ट्रॉफी में लाल गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस से होगा महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री, बालासाहेब थोराट का दावा

**मुंबई, एजेंसी।** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर खींचतान जारी है। जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने चुनाव से पहले सीएम चेहरे घोषित करने की मांग की है तो वहीं शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने इससे साफ इनकार किया है। अब गठबंधन की एक और साथी पार्टी कांग्रेस ने बड़ा ऐलान कर दिया है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने से इनकार करने के बावजूद, कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने गुरुवार को विश्वास व्यक्त किया कि अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस से होगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, थोराट ने भयंदर (पश्चिम) में चुनावों की तैयारी के लिए कांग्रेस पार्टी के कोंकण संभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कहा, मैं सभी से गठबंधन के रूप में लगन से काम करने का आग्रह करता हूं। मुझे 100 प्रतिशत यकीन है कि मुख्यमंत्री महा विकास अघाड़ी से आएगा और कांग्रेस से होगा।

### आशुतोष गोवारिकर निभायेंगे जासूस रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव एक दिलचस्प क्राइम थ्रिलर सीरीज ''मनवत मर्डर्स'' की पेशकश के लिये तैयार है। इसमें उन सबसे भयानक ऐतिहासिक घटनाओं में से एक का खुलासा होगा, जिन्होंने 70 के दशक में देश को झकझोर दिया था। आशीष बेंडे द्वारा निर्देशित इस शो में आशुतोष गोवारिकर ने सीआईडी के एक बेहतरीन जासूस रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका निभाई है। कुलकर्णी को भारत का शेरलॉक होम्स भी कहा जाता है। इस नये तरीके की भूमिका में गोवारिकर का अनोखा अंदाज़ दिखेगा, क्योंकि वे बिल्कुल शांत रहेंगे, लेकिन उनकी सोच की कोई सीमा न होगी। उनके किरदार में अटूट समर्पण, दृढ़ता और वह विशेषज्ञता होगी, जिसकी जरूरत इतिहास के सबसे पेचीदा मामलों में से एक को सुलझाने के लिये थी। सीरीज में वह 1970 के दौरान ग्रामीण महाराष्ट्र में हुई अजीबोगरीब हत्याओं की गुत्थी सुलझाने की कोशिश करेंगे। इस कोशिश में उन्हें समय को भी मात देनी होगी। रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका निभाने को लेकर आशुतोष गोवारिकर ने कहा, ''इसे मैं अपने लिये बड़ा सौभाग्य मान रहा हूँ कि मुझे श्री रामाकांत एस. कुलकर्णी का किरदार निभाने के लिये चुना गया है। वह बॉम्बे सीआईडी के पुलिस ऑफिसर थे, जिनके बारे में आज के दर्शकों को बताया ही जाना चाहिये। उन्होंने ऐसे कई मामले सुलझाये, जो अन्यथा अनसुलझे ही रह जाते।

### अब संदीप घोष की डॉक्टरी पर भी संकट, नहीं कर पाएंगे इलाज, छिन गया लाइसेंस

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल से जुड़ी जांच की आंच का सामना कर रहे पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को गुरुवार को एक और झटका लगा है। खबर है कि उनका मेडिकल प्रैक्टिस का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। खास बात है कि किसी चिकित्सक को मरीज के इलाज के लिए लाइसेंस की जरूरत भी होती है। पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घोष, आरजीकर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद हत्या के मामलें में इस समय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी की तरफ से तैयार की जाने वाली रजिस्टर्ड डॉक्टरों की सूची से घोष का नाम हटा दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि घोष का लाइसेंस बंगाल चिकित्सा अधिनियम 1914 के विभिन्न प्रावधानों के तहत रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि घोष ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं और बिना लाइसेंस वह इलाज नहीं कर सकेंगे। घोष को दो सितंबर को सीबीआई ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के मामले में गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी ड्यूटी पर तैनात महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के विरोध के बाद हुई।

# मंत्री पर विवादित बयान पर भाजपा विधायक को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने भाजपा के विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि आप किसी को हाफ पाकिस्तानी कैसे कह सकते हैं। अदालत ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव को लेकर की गई टिप्पणी पर यह बात कही। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने मंत्री दिनेश गुंडू राव को हाफ पाकिस्तानी कहा था क्योंकि उनकी पत्नी मुस्लिम हैं। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी टिप्पणी तो देश के सारे मुस्लिम समुदाय को ही पाकिस्तानी घोषित करने वाली हुई, जबकि वे भारत में रहते हैं और उसे अपनी मातृभूमि मानते हैं।

जज ने कहा, यह क्या है? सिर्फ इसलिए कि उन्होंने मुस्लिम से शादी की है और आप उन्हें हाफ पाकिस्तानी कहेंगे? आप कैसे किसी को ऐसा कह सकते हैं? क्या आपके दिमाग में जो भी आएगा, वह बोल सकते हैं। आप किसी भी समुदाय के बारे में ऐसी बात नहीं कर सकते। वे यहीं रहते हैं। इस पर भाजपा विधायक यतनाल के वकील वेंकटेश दलवई ने कहा कि उन्होंने अगले ही दिन सफाई दी थी। इस पर जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी बातें आजकल आम हो गई हैं। जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा, यह अच्छी बात नहीं है। हर दिन ऐसे बयान सुनने को मिलते हैं। जज ने कहा कि आखिर विधायक ने इस तरह का पर्सनल अटैक क्यों किया।

उन्होंने कहा कि आखिर आपने इस तरह निजी अटैक क्यों किया। हम इस पर रोक नहीं लगाएंगे। आपको ट्रायल कोर्ट में पेश होना होगा। दरअसल विधायक के बयान के खिलाफ मंत्री ने केस दर्ज कराया है और उसे रद्द कराने के लिए विधायक हाई कोर्ट पहुंचे थे। इस पर जस्टिस नागप्रसन्ना ने उन्हें जमकर सुनाया और ट्रायल कोर्ट में सुनवाई का सामना करने का आदेश दिया। यह बयान लोकसभा चुनाव के दौरान का है। उन्होंने कहा था कि दिनेश गुंडू राव के घर में ही एक पाकिस्तान है। इसलिए राष्ट्र विरोधी बयान देने की उनकी आदत हो गई है।

इस मामले का संज्ञान बेंगलुरु की अदालत ने लिया था और उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दर्ज करने का आदेश दिया था। अधिवक्ता दलवई ने कहा कि अदालत को इस तरह से संज्ञान नहीं लेना चाहिए और केस को खत्म किया जाना चाहिए। इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि हम अदालत से कहेंगे कि केस को यदि खत्म किया जा सके तो कर दें, लेकिन हम स्टे का आदेश नहीं देंगे। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आजकल इजाफा देखने को मिल रहा है।

## मोदी 3.0 के 100 दिन 'विकसित भारत' के निर्माण में एक मजबूत नींव रखने वाले: अमित शाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह ने मोदी 3.0 के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन के रिपोर्ट कार्ड पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर अमित शाह ने स्पष्ट किया कि मोदी 3.0 के 100 दिन 'विकसित भारत' के निर्माण में एक मजबूत नींव रखने वाले 100 दिन हैं। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएँ शुरू की गई, मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत दी गई और किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा चुके हैं। मोदी 3.0 के शुरुआती 100 दिन हर वर्ग को समाहित कर विकास व गरीब कल्याण के अद्भुत समन्वय के रहे हैं। एक छोटे से गरीब परिवार में जन्म लेने वाले मोदी जी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बन कर इतिहास रच चुके हैं। लगातार 10 साल तक भारत के विकास को समर्पित, भारत की सुरक्षा को समर्पित और भारत के गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार चलाने के बाद देश की जनता ने एक बार फिर मोदी सरकार को अपना जनादेश दिया। देश की जनता का यह जनादेश बताता है कि लोग मोदी जी के नेतृत्व पर किस कदर भरोसा करते हैं। 60 साल के बाद पहली बार कोई एक नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। 60 साल के बाद पहली बार देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है। नीतियों की दिशा, नीतियों की गति और नीतियों को क्रियान्वयन करने की सटीकता को 10 साल तक बरकरार रखकर 11वें साल में प्रवेश करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस बात को मानने से कोई गुरेज नहीं है कि बीते 10 साल में मोदी जी ने देश की बाहरी सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और रक्षा प्रणाली को मज़बूत कर एक सुरक्षित भारत बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी जी के मेक इन इंडिया के तहत आज पूरी दुनिया में भारत उत्पादन का केंद्र बन चुका है। मोदी जी के डिजिटल इंडिया की योजना को दुनिया के कई देश अपने विकास का आधार बनाना चाहते हैं।

# जमानत पर छूटे रेप के आरोपी ने छात्रा को उतारा मौत के घाट, सरेराह मार दी गोली

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के कैलादेवी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात जेल से जमानत पर छूटे रेप के आरोपी ने सरेराह पीड़ित छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। उसने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब छात्रा मां और भाई के साथ बाइक से घर जा रही थी। हत्यारोपी अपने मामा के साथ कार से पहुंचा और बाइक रुकवाने के बाद छात्रा पर एक के बाद एक दो गोलियां दाग दीं। छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी फरार हो गए।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मांमा-भांजे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी ने वारदात के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई हैं। मूलरूप से संभल क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण वर्तमान में परिवार के कुछ सदस्यों के साथ गाजियाबाद के एक गांव में रहते हैं। उनकी 14 वर्षीय बेटी गाजियाबाद के ही एक निजी स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी।

बुधवार शाम वह अपनी मां के साथ गाजियाबाद से संभल स्थित एक गांव में अपने घर आने के लिए निजी बस से चली। दोनों मां- बेटी देर शाम आठ बजे गांव में बस से उतरीं। तेज बारिश के कारण दोनों टिनशेड के नीचे खड़ी हो गई। बाद में छात्रा का भाई बाइक लेकर पहुंचा और बारिश हल्की होने पर देर रात करीब साढ़े दस बजे मां और बहन को लेकर घर लौटने लगा।

भाई के मुताबिक जब वह गांव के पास पहुंचा, तो पीछे से आई तेज रफ्तार कार में सवार लोगों ने बाइक रुकवा ली और बहन के सिर और सीने में दो गोलियां मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिंकू और पप्पू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पप्पू और रिंकू आपस में मामा- भांजे है। रिंकू के खिलाफ 23 फरवरी को छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था। वह बारह दिन पहले ही जेल से जमानत छूटकर आया था। रिंकू कुछ महीने पहले तक छात्रा के परिवार के साथ गाजियाबाद में ही रहता था। परिजनों के मुताबिक उसने मुकदमे की रंजिश में बेटी की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संभल में छात्रा की हत्या के बाद से गाजियाबाद में रहने वाला परिवार दुखी है।

# नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में मरीजों से महंगी दवा और सामान मंगाने का खुलासा



**नोएडा एजेंसी।** नोएडा के बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान (चाइल्ड पीजीआई) में मरीजों से बाहर से महंगी दवा, सर्जरी के उपकरण और इंप्लांट मंगाने का खुलासा हुआ है। कथित तौर पर अस्पताल से ही यह रिपोर्ट 9 सितंबर को अस्पताल के डायरेक्टर के साथ ही प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भी भेजी गई है।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि निजी हित के तहत दूसरे मेडिकल स्टोर को फायदा पहुंचाया जा रहा। बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान के ही एक विभाग की ओर से प्रमुख सचिव और निदेशक को यह पत्र भेजा गया है। इस विभाग से कई प्रश्न पूछे गए थे, जिसके जवाब में कई खुलासे हुए। भेजे गए पत्र में लिखा गया है कि दवा स्टोर में स्टॉक लगभग शून्य होने के बावजूद दवा खरीदने के लिए मना कर दिया गया है। इसके लिए बैठक बुलाने और टेंडर का बहाना बनाया गया, जिससे मरीजों को महंगी दवा खरीदनी पड़ रही है, जबकि अस्पताल की फार्मेसी में उपलब्ध दवा अमृत फार्मेसी और दूसरे मेडिकल स्टोर से आधी कीमत पर उपलब्ध है। यह मरीजों के साथ खिलवाड़ और राजस्व का नुकसान है। कुछ दवाएं काफी कम खरीदने की अनुमति दी गई है। अस्पताल के अलग-अलग चिकित्सकी विभागों के प्रमुख डॉ. उमेश कुमावत, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. मुकुल जैन और डॉ. नीता राधाकृष्णन पर कई आरोप लगाए गए हैं। पत्र में जिक्र है कि जीवन रक्षक एवं अति आवश्यक दवाइयों, सर्जिकल आइटम की खरीद से संबंधित अनेक फाइल 15 दिनों से लंबित हैं, जबकि इन दवाइयों का स्टॉक शून्य है। इनकी तत्काल आवश्यकता है। दवाइयों के नहीं होने से अस्पताल अमृत फार्मेसी से प्रत्यक्ष रूप से महंगी दवा खरीद रहा है, जिससे वित्तीय नुकसान सहना पड़ रहा है। पहले भी इस बारे में उच्च अधिकारियों को बताया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पत्र में हृदय रोग विभाग, पीडियाट्रिक हेमेटो-ओंकोलॉजी विभाग, हड्डी रोग विभाग आदि के विभागाध्यक्ष पर आरोप लगाए गए हैं कि दोनों विभाग में लाखों रुपये की दवा और सर्जिकल आइटम बाहर से खरीदे जा रहे हैं। 20 अगस्त को पत्र जारी कर कैंसर ग्रिड के तहत आने वाली दवाओं का मांग पत्र मांगा गया, इसके बावजूद अब तक दवाएं नहीं मिलीं। पत्र में यह लिखा गया है कि एक वेंडर ने ऑर्थोपेडिक बेड के इंस्टॉलेशन रिपोर्ट देने के समय कॉन्फ्रेंस के नाम पर वित्तीय सहायता मांगने का आरोप लगाया है। वहीं, एचआरएफ के अध्यक्ष ने एकेडमिक कॉन्फ्रेंस के नाम पर 50 हजार रुपये लिए। नियमों के अनुसार सरकारी डॉक्टर इस तरह की राशि नहीं ले सकते। पत्र के माध्यम से शासन को यह बताया गया है कि कई दवा ऐसी हैं, जो किसी दर अनुबंध में नहीं है। ऐसे में इन दवाइयों की जैम और लोकल खरीद के माध्यम से फाइल तैयार की गई थी।

# माली में इस्लामी आतंकियों ने यूएन के चार्टर्ड प्लेन को किया तबाह



**बामाको, एजेंसी।** माली की राजधानी बामाको में एक चिंताजनक घटनाक्रम में इस्लामी आतंकवादियों ने एक सैन्य प्रशिक्षण शिविर और शहर के हवाई अड्डे पर हमला किया है। हिंसा के इस निर्लज्ज कृत्य के परिणामस्वरूप दक्षिण अफ्रीकी विमानन कंपनी, नेशनल एयरवेज कॉरपोरेशन (एनएसी) के स्वामित्व वाला एक विमान क्षतिग्रस्त हो गया। यह विमान विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के तहत मानवीय प्रयासों में लगे अभियान के लिए था। हालांकि, इसे हमले के बाद एनएसी ने पुष्टि की है कि उनके चालक दल और कर्मचारी सुरक्षित हैं और उन्हें एक दूर सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। कंपनी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और माली के नागरिकों की सहायता करने के उनके मिशन की मार्मिक विडंबना को उजागर किया, जो इस तरह की हिंसा से प्रभावित है। एनएसी ने दुख जताते हुए कहा, यह एक दुखद स्थिति है कि माली के नागरिकों के समर्थन में विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के तहत मानवीय कार्य करते समय हमारी संपत्ति एक साथी अफ्रीकी देश में क्षतिग्रस्त और नष्ट हो जाती है। माली, बुर्किना फासो और नाइजर के साथ, एक दशक से अधिक समय से अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े विभिन्न सशस्त्र समूहों के साथ घातक संघर्ष में उलझा हुआ है। इन देशों में हाल ही में हुए सैन्य तख्तापलट ने सुरक्षा परिदृश्य को और जटिल बना दिया है, सरकारों ने फ्रांसीसी सेना को खदेड़ दिया है और रूसी भाड़े के समूहों से सहायता मांगी है। इन प्रयासों के बावजूद, जिहादी हमलों में वृद्धि, विशेष रूप से मध्य और उत्तरी माली में, क्षेत्रीय स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उल्लेखनीय रूप से जुलाई में एक घटना में लगभग 50 रूसी भाड़े के सैनिक अल-कायदा के घात का शिकार हुए। अधिकारियों के अनुसार, बामाको में हुए हमले जो अपेक्षाकृत कम होते हैं, उसमें माली सैनिकों ने उग्रवादियों का सामना किया है जिसकी वजह से कई सैनिक मारे गए। अल-कायदा से जुड़े समूह जेएनआईएम ने हमलों की जिम्मेदारी ली है और दावा किया है कि इसने महत्वपूर्ण मानव और भौतिक नुकसान पहुंचाया है। इस दावे को जेएनआईएम की वेबसाइट अज़ालक पर पोस्ट किए गए वीडियो से बल मिला, जिसमें लड़ाके एक विमान को आग लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा, हमले के बाद कम से कम 15 संदिग्धों को पकड़ा गया, जैसा कि हमले के दौरान प्रशिक्षण शिविर में मौजूद एक सुरक्षा अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर खुलासा किया। अशांति के बावजूद, माली की राजधानी में जीवन अपेक्षाकृत अपरिवर्तित बना हुआ है, हमले के बाद कोई और अशांति की खबर नहीं है।

## दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया से हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग की



**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्री किम जंग-हो ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया से एक दक्षिण कोरियाई मिशनरी और पांच अन्य नागरिकों को तत्काल और बिना शर्त वापस भेजने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तर कोरिया द्वारा वर्षों से मनमाने ढंग से हिरासत में रखने की निंदा करते हुए इसे गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला बताया। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया के शीर्ष अधिकारी ने मिशनरी किम जंग-वुक की 2013 में प्योंगयांग में गिरफ्तारी के 4,000 दिन पूरे होने पर एक बयान जारी किया। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में उन्हें आजीवन कठोर श्रम की सजा सुनाई गई थी।

साल 2014 में किम कूक-की और चोई चुन-गिल दो अन्य दक्षिण कोरियाई मिशनरियों को भी इसी तरह के आरोपों में उत्तर कोरिया में हिरासत में लिया गया था। साथ ही तीन पूर्व उत्तर कोरियाई भगोड़ों (जिन्होंने दक्षिण कोरियाई नागरिकता प्राप्त कर ली थी) को 2016 में बंदी बना लिया गया था। किम ने दक्षिण कोरिया के आधिकारिक नाम कोरिया गणराज्य के संक्षिप्त नाम का प्रयोग करते हुए बयान में कहा, आरओके सरकार उत्तर कोरिया के अवैध और मानवाधिकार उल्लंघनों की निंदा करती है तथा उत्तर कोरिया से, जो प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समझौतों का एक पक्ष है, दृढतापूर्वक आग्रह करती है कि वह अवैध रूप से हिरासत में लिए गए हमारे नागरिकों को तत्काल और बिना शर्त रिहा करे।

मंत्री ने छह व्यक्तियों को निष्पक्ष और सार्वजनिक सुनवाई के बिना अनुचित और अत्यधिक सजा सुनाने, गिरफ्तारी और हिरासत के दौरान बुनियादी प्रक्रियात्मक न्याय प्रदान करने में विफल रहने तथा मनमाने ढंग से हिरासत जारी रखने के लिए उत्तर कोरिया की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, उत्तर कोरिया को हमारे नागरिकों के जीवन और सुरक्षा से संबंधित हमारी वैध मांगों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# कुष्ठ रोग को खत्म करने वाला दुनिया में पहला देश बना जॉर्डन : डब्ल्यूएचओ



**अम्मान, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गुरुवार को जॉर्डन को कुष्ठ रोग को खत्म करने वाला दुनिया का पहला देश घोषित किया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा, डब्ल्यूएचओ जॉर्डन को इस प्रभावशाली उपलब्धि के लिए बधाई देता है। कुष्ठ रोग ने हजारों सालों से मानवता को पीड़ित किया है, लेकिन हम देश-दर-देश इसके संक्रमण को रोक रहे हैं और व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों को इसके दुख और कलंक से मुक्त कर रहे हैं।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि जॉर्डन ने दो दशकों से अधिक समय से कुष्ठ रोग के किसी भी मामले की सूचना नहीं दी है। वैश्विक स्वास्थ्य निकाय ने इस सफलता का श्रेय मजबूत राजनीतिक प्रतिबद्धता और प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों को दिया। डब्ल्यूएचओ ने कुष्ठ रोग के उन्मूलन की पुष्टि करने में स्वास्थ्य मंत्रालय की रुचि के बाद इस स्थिति का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र टीम को नियुक्त करने के बाद यह घोषणा की। डब्ल्यूएचओ के वैश्विक कुष्ठ रोग कार्यक्रम की प्रमुख दक्षिण-पूर्व एशिया की डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने कहा, जॉर्डन द्वारा सदियों पुरानी इस बीमारी का उन्मूलन सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और वैश्विक स्तर पर कुष्ठ रोग को खत्म करने के प्रयासों के लिए एक बड़ी सफलता है।

वाजेद ने कहा कि सिर्फ़ एक बीमारी नहीं, बल्कि कुष्ठ रोग कलंक और मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक-आर्थिक नुकसान के खिलाफ़ एक लड़ाई भी है। बता दें कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्री के कारण होने वाला एक संक्रामक रोग है, जो अनुपचारित रोगियों के साथ नज़दीकी और लगातार संपर्क के दौरान नाक और मुंह से निकलने वाली बूंदों के जरिए फैल सकता है। इसे हैनसेन रोग के रूप में भी जाना जाता है, और यह मुख्य रूप से त्वचा, परिधीय तंत्रिकाओं, ऊपरी श्वसन पथ की म्यूकोसल सतहों और आंखों को प्रभावित करता है। कुष्ठ रोग मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) से ठीक हो सकता है और जल्दी निदान और उपचार से विकलांगता को रोका जा सकता है। 2019 के आंकड़ों के अनुसार, भारत, ब्राज़ील और इंडोनेशिया में कुष्ठ रोग के 10,000 से ज़्यादा नए मामले सामने आए। लगभग 13 अन्य देशों - बांग्लादेश, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, इथियोपिया, मेडागास्कर, मोजाम्बिक, म्यांमार, नेपाल, नाइजीरिया, फिलीपींस, सोमालिया, दक्षिण सूडान, श्रीलंका और तंजानिया संयुक्त गणराज्य में से प्रत्येक ने 1000-10,000 नए मामले दर्ज किए।

## सुरक्षा परिषद में आज की दुनिया दिखनी चाहिए, पूर्व यूएन प्रमुख ने किया भारत का समर्थन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आगामी अमेरिका दौरे पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भी शिरकत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक और पीएम मोदी के संबोधन को लेकर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व अध्यक्ष मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा ने कहा कि मुझे बताया गया है कि 130 देशों के राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन में शामिल होंगे। इससे सम्मेलन की राजनीतिक अहमियत का पता चलता है। सम्मेलन में विभिन्न राष्ट्राध्यक्ष संयुक्त राष्ट्र 2.0 की परिकल्पना और जरूरी सुधारों के लिए प्रतिबद्ध हैं। एस्पिनोसा ने कहा कि यह केवल सुरक्षा परिषद नहीं है, बल्कि यह शांति और सुरक्षा वास्तुकला, शांति के लिए नए एजेंडे, महासभा के पुनरोद्धार, अंतरिक्ष और पर्यावरण एजेंडे और जलवायु परिवर्तन की भूमिका के बारे में सोचना है, जो मूल संयुक्त राष्ट्र चार्टर से अनुपस्थित था। यह आज विकासशील देशों की जरूरतों का जवाब देने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला में सुधार करने के बारे में है। भारत द्वारा लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग की जा रही है। इस पर पूर्व यूएन अध्यक्ष ने भी भारत का समर्थन करते हुए कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग बीते 20 वर्षों से भी ज्यादा समय से हो रही है। भविष्य के समझौतों में सुरक्षा परिषद में सुधार को भी शामिल किया जाना चाहिए और ये सभी का मानना है कि सुरक्षा परिषद में आज की दुनिया दिखनी चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129